दैनिक नवसंदेश

नवरात्र की हार्दिक शुभकामनाएं

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 11 अक्टूबर, 2026 ■ वर्ष -01 ■ अंक-230 ■ पृष्ठ-16 ■ मूल्य : 01 रु. ■ ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com

शारदीय नवरात्र



मां शैलपुत्री (प्रथम)

मां शैलपुत्री देवी दुर्गा के नौ रूप में पहले स्वरूप में जानी जाती हैं। ये ही नवदुगाओं में प्रथम दुर्गा हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका नाम 'शैलपुत्री' पड़ा। नवरात्र-पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। इस प्रथम दिन की उपासना में योगी अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योग साधना का प्रारंभ होता है।

मणिपुर में हिंसा भड़की पांच की मौत, उग्रवादियों ने पुलिस स्टेशन व घर जलाए

मणिपुर (एजेंसी)। मणिपुर के कामजोंग और उखरुल में शनिवार को हथियारबंद गुटों के बीच हुई झड़पों में एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हालांकि पूर्व सीएम बीरेन सिंह का दावा है कि 7 लोग मारे गए हैं, वहीं एक पुलिस स्टेशन जला दिया गया है। नगा-बहुल कामजोंग के कुकी-बहुल चसाड गांव में 22 साल के एक युवक और 42 साल की एक महिला की मौत हो गई। महिला को गोली मारी गई थी। उसकी हत्या के बाद शुक्रवार रात से कुकी और नगा हथियारबंद गुटों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई।

भारत शिक्षा के क्षेत्र में कई देशों के मुकाबले आगे : प्रह्लाद जोशी

कार्यक्रमों में शामिल होने पटना पहुंचे केंद्रीय शिक्षा मंत्री



पटना (एनएसबी) । केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी शनिवार को पटना दौरे पर पहुंचे। उन्होंने गांधी मैदान में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने स्वच्छता सेवा अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने लोगों से अपने घर और आसपास साफ-सफाई रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को अपनी आदत बनाकर कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। इसके बाद बापू सभागार में सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित चित्रकला और राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी शामिल हुए।

इस दौरान सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित राज्यस्तरीय चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता में अव्वल रहे स्कूली बच्चों को मुख्यमंत्री ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि आज कल रट कर पास करने की कोशिश हो रही है। नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 आने के बाद अब रट कर परीक्षा पास कर लेना संभव नहीं है। आप लोगों को नया आईडिया लेकर आना होगा। जिसके पास आज के डेट में नॉलेज है, वह आसानी से कमा सकते हैं। श्री जोशी ने कहा कि भारत शिक्षा के क्षेत्र में कई देशों के मुकाबले आगे है। कई देशों में अभी तनाव की स्थिति है, उस बीच भारत काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में स्वच्छता अभियान को व्यापक स्तर पर शुरू किया था। इसी कड़ी में देशभर में 2 से 31 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और उन्हें अभियान से जोड़ना है।

आज के विद्यार्थी ही भविष्य के महानायक : सम्राट



पटना (एनएसबी) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ज्ञान और अर्थव्यवस्था की भूमि रही है। हम दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्वर्णिम काल देने वाला राज्य रहे। हमने भारत को सोने की चिड़िया बनाने का काम किया। 2024 में जब बिहार और देश की जनता ने जब पीएम मोदी को बहुमत में लाया तो वह सबसे पहले नालंदा विश्वविद्यालय आए। पीएम मोदी का कहना है कि अब सोने का चिड़िया नहीं बनाना है, बल्कि सोने का दहाड़ने वाला शेर बनाना है। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्हें जेन-जी की चिंता की है। कहा कि आज के विद्यार्थी ही भविष्य के महानायक हैं। उन्होंने कहा कि कोटा, दिल्ली सहित अन्य जगह जो बच्चे तैयारी करते हैं, वहां अधिकतर पढ़ने वाला बच्चा बिहारी है और पढ़ाने वाले शिक्षक भी बिहारी हैं। मैंने कहा, अब सबको वापस आना है। सीएम ने कहा कि अभी हमारे बिहार में शिक्षकों की संख्या 7 लाख है। टीआरई 4 में 33 हजार शिक्षकों की बहाली की जा रही है। कुछ शिक्षकों को सिलेक्ट कीजिए, दुनिया में जो सबसे अच्छे स्कूल-कॉलेज हैं, उनको वहां भेजने का काम करेंगे।

मां सीता महिला विवि को ले कोई भी निर्णय हितधारकों से विमर्श के बाद : सीएम

पटना (एनएसबी) । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री संजय सिंह टाइगर को निर्देश दिया है कि बिहार में प्रस्तावित मां सीता महिला विश्वविद्यालय को लेकर कोई भी निर्णय संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श और उनके सुझावों को ध्यान में रखते हुए ही लिये जायें। सीएम ने यह भी स्पष्ट किया है कि वर्तमान में चल रही बिहार विधान परिषद चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही हितधारकों के साथ विचार-विमर्श, उनके सुझावों और विचारों को ध्यान में रखते हुए ही आगे की कार्रवाई की जाए। इसके बाद प्राप्त सुझावों के आधार पर प्रस्तावित विश्वविद्यालय के संबंध में कोई निर्णय लिया जाएगा। फिलहाल विश्वविद्यालय को लेकर कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

कोई भी योग्य पात्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित न रहे : मुख्यमंत्री



पटना (एनएसबी)। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में वृद्धजन, दिव्यांगजन एवं विधवा बहनों सहित कुल 1 करोड़ 8 लाख 36 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रति व्यक्ति 1100 रुपए की दर से कुल 1237 करोड़ 48 लाख रुपए की राशि का हस्तांतरण किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारी तथा सभी जिलों के डीएम एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े हुये थे। इस अवसर पर सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिवस के अवसर पर सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को बधाई एवं शुभकामनायें देता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह लगभग 90 हजार से 1 लाख पेंशनधारी जुड़ रहे हैं। हमलोगों की सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि सभी पेंशनधारियों के खाते में प्रत्येक महीने की 10 तारीख को राशि हस्तांतरित कर दी जायेगी। सीएम ने कहा कि सभी डीएम यह सुनिश्चित करें कि कोई भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पात्र लाभार्थी छूटे नहीं। जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि जब वे अपने क्षेत्र में जाते हैं तो गांव में जाकर यह सुनिश्चित करें कि सभी योग्य लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिले। पंचायत विकास दिवस के अवसर पर विशेष तौर पर यह अभियान चलायें कि कोई भी योग्य पात्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित न रहे।

1 करोड़ 8 लाख 36 हजार पेंशनधारियों के खाते में राशि अंतरित

CJP का आज फिर जंतर-मंतर मार्च

नई दिल्ली (एजेंसी)। कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) का आज सुबह 10 बजे फिर जंतर-मंतर पर मार्च होगा। शनिवार को दिल्ली पुलिस की सख्ती के चलते प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर नहीं पहुंच सके। पुलिस ने सीजेपी नेताओं अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका को सुबह ही एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया। सीजेपी ने सुबह 10 बजे जंतर-मंतर पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन कई जगह 3 से 5 लेयर की बैरिकेडिंग लगाकर समर्थकों को रोका गया। जिन 7 हजार लोगों को हिरासत में लिया गया था उन्हें छोड़ दिया गया। हालांकि सीजेपी लीडर्स को अभी रिलीज नहीं किया गया। दिल्ली में 38 हजार से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। सुप्रीम कोर्ट रविवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मेट्रो-ट्रेन सेवाओं पर पूरी रोक के आदेश की कथित अनदेखी को लेकर अधिकारियों पर अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है।

दीपके समेत 7000 हिरासत में लिए गए थे



खबरें : एक नजर में

आज नवरात्रि के प्रथम दिन अपने नए गर्भ गृह में स्वर्ण पाषाण मंडप में नए 51 किलो रजत सिंहासन पर विराजेंगी मां छोटी पटनदेवी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आदि अनादि मूल शक्ति पीठ स्थल छोटी पटनदेवी इस अवसर पर पीठाचार्य आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के साथ साथ कामाख्या और वाराणसी से आए विद्वानों के द्वारा के पूर्ण वैदिक रीति रिवाज से राजोपचार और षोडशोपचार पूर्वक माता की पूजा के साथ



साथ 9 दिवसीय विशेष चंडी स्थापना महायज्ञ भी संपन्न होगा । नौ दिनों में माता के नौ रूपों की विधिवत आवाहन उपसना और पूजा होगी । साथ ही माता रानी के नए सिंहासन पर विराजमान होने के उपलक्ष्य में नवरात्रि की प्रथम गोधूलि वेला में पटना की मेयर श्री मती सीता साहू और अन्य महिला पार्षदों सहित 1008 महिलाओं के द्वारा सामूहिक महा आरती के आयोजन किया गया है। जिसमें पटना के सभी मातृ भक्त सम्मिलित होंगी । साथ साथ पुरुष भक्त भी भाग लेंगे । पूरे शारदीय नवरात्रि की तैयारी जोरों पर है । माता जी की जन सेवी संस्था श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् के तत्वावधान में शारदीय नवरात्रि के दौरान ही पीठाचार्य आचार्य अभिषेक अनंत द्विवेदी के मार्गदर्शन में कामाख्या और वाराणसी के विद्वानों द्वारा 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक विशेष चंडी पुनर्स्थापना महा यज्ञ का आयोजन होगा । आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए पाठ जप ध्यान और पूजा के लिए नियम और स्थान का निर्धारण , वती महिलाओं के लिए फलाहार शीतल जल और विश्राम स्थल की सुविधा के साथ साथ आम खास सभी भक्तों को सुलभ दर्शन के लिए प्रत्यक्ष और झरोखा दर्शन की सुविधा रहेगी। मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार पर जूता चप्पल रखने , वाहन पार्किंग और हाथ पैर धोने की सुविधा होगी। ये जानकारी श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् के अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी ने दिया बैठक में संयोजक दिलीप कुमार , संतोष पांडेय , राजीव मिश्रा, अरुण खत्री, उदय शर्मा , वरुण वर्मा, ऋषिकेश कुशवाहा , दिलीप, रविकांत मिश्रा, कुमार , रविशंकर प्रसाद, मनोज केशरी भोला वर्णवाल, विजय गुप्ता , आदि ने अपने विचार रखे।

लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचार आज भी प्रासंगिक, युवाओं और राजनेताओं के लिए उनका जीवन अनुकरणीय : डा. प्रमोद चंद्रवंशी

पद्मश्री डा. विमल जैन की पुस्तक 'क्यों छात्रों पे चली गोलियां' का हुआ लोकार्पण

पटना (दैनिक नवसंदेश)। लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती की पूर्व संध्या पर जेपी विचार मंच के तत्वावधान में आईआईबीएम सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के व्यक्तित्व, कृतित्व, वैचारिक दर्शन, सामाजिक परिवर्तन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता तथा भारतीय लोकतंत्र की रक्षा में उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने जेपी के जीवन संघर्ष को याद करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी देश के युवाओं, सामाजिक



आईआईबीएम सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यकर्ताओं और राजनीतिक नेतृत्व के लिए प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में जेपी आंदोलन से जुड़े संस्मरणों के माध्यम से उस ऐतिहासिक दौर को याद किया गया, जिसने भारतीय राजनीति और लोकतांत्रिक चेतना को नई दिशा प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं जेपी विचार मंच के अध्यक्ष डा. संजय प्रकाश मयूख ने की। बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति मंत्री डा. प्रमोद चंद्रवंशी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि श्रीमती किरण घई ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अतिरिक्त बिहार विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डा. संजीव चौरसिया, पद्मश्री डा. विमल जैन, कुमार राघवेंद्र एवं रोहित सिंह सहित कई गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

कड़ी मेहनत करें बच्चे, आपके साथ खड़ी है राज्य सरकार : शिक्षा मंत्री

बोले-सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता में सहभागिता के मामले में बिहार पूरे देश में अव्वल रहा

दैनिक नवसंदेश

पटना। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बच्चों से अनुरोध किया है कि आप कड़ी मेहनत करें। अपने सपनों को पूरा करने के लिए पूरी लगन से आगे बढ़ें। राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है। आपको हर जरूरी सुविधा मुहैया कराएगी और आगे बढ़ने के अवसर देगी।

शिक्षा मंत्री शनिवार को बापू सभागार में राज्यस्तरीय सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों के सपनों को पूरा करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। जो सपने बच गए हैं, उन्हें बिहार में मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का शिक्षा पर सबसे अधिक ध्यान है। वे चाहते हैं कि बिहार शिक्षा के क्षेत्र में देश की अग्रणी पंक्ति में खड़ा दिखे।

श्री तिवारी ने कहा कि बिहार एक आकांक्षी राज्य है। हम हर क्षेत्र में बेहतर करना चाहते हैं। केंद्र सरकार का सहयोग और आशीर्वाद मिलता रहे, तो

'बिहार आकांक्षी राज्य, केंद्र का सहयोग रहे तो हर क्षेत्र में बेहतर करेंगे'

बिहार विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि केंद्र सरकार ने जो विश्वास जताया है, राज्य सरकार उस पर हमेशा खरा उतरेगी।

शिक्षा के सूर्योदय का प्रतीक है मॉडल स्कूल का रंग : शिक्षा मंत्री ने सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में विकसित किए गए मॉडल स्कूलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विद्यालयों का केसरिया रंग शिक्षा के सूर्योदय का प्रतीक है। आदर्श विद्यालयों के माध्यम से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा रहा है।

श्री तिवारी ने बिहार की शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए किए गए प्रयासों को आगे



शनिवार को बापू सभागार में राज्यस्तरीय सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र यादव व बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी।

बढ़ाना जरूरी है, ताकि बिहार के बच्चों को बेहतर भविष्य मिल सके।

सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता में बिहार का शानदार प्रदर्शन : श्री तिवारी ने सेवा संकल्प के तहत आयोजित राज्यव्यापी सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता में बिहार की शानदार सहभागिता पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में भागीदारी के मामले में बिहार पूरे देश में अव्वल रहा है। यह राज्य के बच्चों की प्रतिभा, उत्साह और रचनात्मकता को दर्शाता है।

उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें, मेहनत करें और जीवन में बड़े लक्ष्य तय करें। सरकार उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा मंत्री ने विश्वास जताया कि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और राज्य सरकार के प्रयासों से बिहार शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान बनाएगा।

सम्मानित किए गए टॉप तीन रहे प्रतिभागी : समारोह के दौरान राज्यस्तरीय सेवा चित्र और भाषण प्रतियोगिता में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

लघु वृत चित्र का भी प्रदर्शन : समारोह में राज्यव्यापी प्रतियोगिता से जुड़े लघु वृत चित्र को भी दिखाया गया। राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान से कार्यक्रम शुरू हुआ। शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन और बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला ने हरित पौध, अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर आगत अतिथियों का स्वागत किया। दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई। समारोप राज्यगीत से हुआ।

1520 नए प्राथमिक विद्यालयों के लिए बिहार ने केंद्र से मांगे 2021 करोड़

सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अगले वित्तीय वर्ष से कंप्यूटर की पढ़ाई अनिवार्य रूप से शुरू की जाएगी

पटना (दैनिक नवसंदेश)। प्रदेश में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 1520 नए प्राथमिक विद्यालयों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी से 2021 करोड़ रुपये की मांग की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने इस दिशा में जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

शिक्षा मंत्री ने शनिवार को देशरत्न मार्ग स्थित संवाद में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद यह जानकारी दी। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की। इसमें शिक्षा विभाग के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अगले वित्तीय वर्ष से कंप्यूटर की पढ़ाई अनिवार्य रूप से शुरू की जाएगी। इसके साथ ही सभी विद्यालयों को स्मार्ट क्लास की सुविधा से लैस किया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से पढ़ाई का बेहतर अवसर मिल सके। नए प्राथमिक विद्यालयों के निर्माण से बच्चों को उनके आसपास ही शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। वहीं, विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षा और स्मार्ट क्लास की व्यवस्था से विद्यार्थियों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने तथा उनकी तकनीकी समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी।

रटें नहीं, समझें और नए विचारों के साथ आगे बढ़ें विद्यार्थी : प्रल्हाद जोशी

बोले-राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नवाचार और क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई पर जोर

पटना (दैनिक नवसंदेश)। केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने विद्यार्थियों से कहा कि वे केवल रट कर परीक्षा पास करने के बजाय विषयों को समझ कर पढ़ें और नए विचारों के साथ आगे बढ़ें। ज्ञान, रचनात्मक सोच और नवाचार के माध्यम से ही वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।

श्री जोशी शनिवार को बापू सभागार में समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नवाचार और क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई को विशेष महत्व दिया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में आसानी से समझने और सीखने का अवसर देना है।

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बजट में एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। उन्होंने एक स्टार्टअप कंपनी का उदाहरण देते हुए बताया कि ज्ञान और नए विचारों के बल पर किस तरह आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ अपनी रचनात्मक क्षमता विकसित करने और नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

श्री जोशी ने 'सेवा ही संकल्प' मुहिम के तहत



केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी।

बिहार में आयोजित सेवा चित्र एवं भाषण प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने इसे देश भर में चल रहे ऐसे कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को सामने लाने और उनके विचारों को अभिव्यक्त करने का मौका देती हैं। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री जोशी ने कहा कि वर्ष 2047 में भारत कैसा होगा, यह तय करने में आज के विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उस समय वे युवा होंगे और देश की जिम्मेदारी उनके कंधों पर होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से बढ़ रही है। ऐसे में विद्यार्थियों को ज्ञान, कौशल और नए विचारों के साथ देश के विकास में योगदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए।

खबरें | खास-खास

आदित्य आनंद की घातक गेंदबाजी, मंत्रा की जीत

द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर13 क्रिकेट टूर्नामेंट

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में मंत्रा स्पोर्टस एकेडमी ने पांच रन से जीत दर्ज की। मुकाबले में आदित्य आनंद ने पांच विकेट लेकर मंत्रा की जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।



सीएबी ग्राउंड पर खेले जा रहे द्वितीय विमला देवी मेमोरियल इंटर स्कूल अंडर13 क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ी।

सरदार पटेल स्पोर्टस फाउंडेशन के देखरेख में आयोजित टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर किंग ऑफ मैक्स्ट्रा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मंत्रा स्पोर्टस एकेडमी की टीम 20 ओवर में 77 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के स्कोर में अतिरिक्त रनों का योगदान सर्वाधिक 52 रन रहा। मैक्स्ट्रा की ओर से आदित्य कुमार सिंह ने नौ रन देकर पांच विकेट झटके। अंशुमान कुमार और ओम वीर सिंह ने दो-दो विकेट लिए, जबकि इच्छित राज को एक सफलता मिली। जवाब में किंग ऑफ मैक्स्ट्रा की टीम भी लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करती नजर आई और 12.1 ओवर में 72 रन पर ऑलआउट हो गई। रेयांश सतनालिका ने 26 और अभिनव राज ने 11 रन बनाए। मंत्रा स्पोर्टस की ओर से आदित्य आनंद ने 20 रन देकर पांच विकेट चटकाए। आर्यन शंकर ने दो और विराज सिंह ने एक विकेट लिया। कम स्कोर वाले इस मुकाबले में गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला। आदित्य आनंद को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर- मंत्रा स्पोर्टस एकेडमी : 20 ओवर में 77/10, अतिरिक्त 52, आदित्य कुमार सिंह 5/9, अंशुमान कुमार 2/13, ओम वीर सिंह 2/12, इच्छित राज 1/7
किंग आफ मैक्सट्रा : 12.1 ओवर में 72/10, रेयांश सतनालिका 26, अभिनव राज 11, अतिरिक्त 25, आदित्य आनंद 5/20, आर्यन शंकर 2/23, विराज सिंह 1/5.
प्लेयर आफ द मैच : आदित्य आनंद ।

बोलने की सभी समस्याएँ दूर हो सकती हैं स्पीचथेरापी से

पटना (दैनिक नवसंदेश)। आधुनिक तकनीक से संपन्न आज की स्पीच थेरापी से बोलने की सभी समस्याओं का निदान किया जा सकता है। जिनके कंठ से शब्द नहीं फूटते, ध्वनि स्पष्ट नहीं निकलती, जो हकलाते, तुतलाते हैं वे सभी अब आम लोगों की भाँति साफ-साफ बोल सकते हैं। कृत्रिम कान-प्रत्यारोपण कर अब साल भर के छोटे बहरे बच्चों को भी सुनाया जा सकता है। भविष्य में अब कोई गुंगा-बहरा नहीं रहेगा।

यह बातें शनिवार को, विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कही।

उन्होंने कहा कि उनके संस्थान ने ऐसे अनेक व्यक्तियों को पूरी तरह स्वस्थ किया, जिन्होंने नहीं बोल पाने के कारण आत्म-हत्या तक करने की चेष्टा की थी। यह सिद्ध करता है कि समाज में एक श्रवण और वाक् वैज्ञानिक का कितना बड़ा महव है। यह गौरव का विषय है कि बिहार में इसी एक संस्थान में इस विषय में ितक स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है।



हेल्थ इंस्टिच्युट में आयोजित हुआ विश्व श्रवण दिवस समारोह, सम्मानित हुए श्रवण एवं वाक् वैज्ञानिक।

समारोह का उद्घाटन करते हुए, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्त्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परमात्मा द्वारा मनुष्य को प्रदत्त पाँच इंद्रियों में श्रवण की क्षमता सर्वाधिक महवपूर्ण है। यदि आप कुछ सुन नहीं सकते और बोल नहीं सकते, तो कुछ भी न तो समझ सकते हैं, और न अपने विचारों को अभिव्यक्त कर सकते हैं। इन समास्याओं को दूर करने वाला कोई चिकित्सक अवश्य ही आदरणीय और महवपूर्ण है।

सुप्रसिद्ध वाक् एवं श्रवण वैज्ञानिक डा धनंजय कुमार ने कहा आज जन्म के प्रथम दिन ही यह पता लगाया जा सकता है कि नवजात शिशु सुनने की क्षमता रखता है अथवा नहीं। यदि समय पर उपचार और पुनर्वास हो जाए तो किसी को पता भी नहीं चलेगा कि बच्चा गूँगा-बहरा है। क्योंकि वह बहरा नहीं रहेगा। और, बहरा नहीं रहेगा तो गूँगा भी नहीं होगा।

एजुकेशन इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेने डा. अरुण जकार्ता रवाना

पटना (दैनिक नवसंदेश)। एजुकेशन इंटरनेशनल एशिया - पैसेफिक क्षेत्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए अखिल भारतीय विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. (डा.) अरुण कुमार पटना से इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता के लिए रवाना हुए । डा. अरुण 13 से 15 अक्टूबर, 2026 तक आयोजित होने वाले एजुकेशन इंटरनेशनल एशिया-पैसिफिक क्षेत्रीय सम्मेलन के मुख्य विषय संगठन के माध्यम से शक्ति : एशिया-प्रशांत क्षेत्र में शिक्षा के भविष्य को आकार देते शिक्षक संगठन एवं दक्षिण प्रशांत के विभिन्न देशों से आए प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों के समक्ष भारत में उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति, उसकी चुनौतियों तथा उससे जुड़े महत्वपूर्ण सवालों को प्रस्तुत करेंगे। डा. अरुण कुमार के हवाले से इसकी जानकारी देते हुए बिहार राज्य संबद्ध डिग्री महाविद्यालय शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ (फैक्टनेब) के मीडिया प्रभारी प्रो अरुण गौतम ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य विषय के अतिरिक्तइसमें आदिवासी एवं मूलनिवासी समुदायों, जलवायु न्याय, उच्च शिक्षा, युवाओं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा सार्वजनिक वित्तपोषित शिक्षा को बढ़ावा देने के अभियान से संबंधित विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रो अरुण गौतम ने बताया कि डा. अरुण कुमार भारत के इकलौते शिक्षक नेता हैं, जिन्हें इस सम्मेलन में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया गया है । यह बिहार ही नहीं बल्कि भारत के शिक्षकों के लिए गौरव का विषय है कि डा अरुण कुमार को भारतीय उच्च शिक्षा और शिक्षक आन्दोलन से जुड़े मुद्दों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।



डा. अरुण कुमार ।

पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि राजद कार्यालय में मनाई गई

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में समाजवादी नेता पूर्व रक्षा मंत्री तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव जी की पुण्यतिथि पर राजद नेताओं ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक न्याय और सामाजिक सौहार्द के लिए उन्होंने जीवनपर्यन्त कार्य किया। साथ ही उन्होंने वंचित और शोषित वर्गों के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक उत्थान के लिए जो कार्य किये वह अविस्मरणीय है। उन्होंने समाजवादी विचारधारा के साथ कार्यकर्ताओं को मान-सम्मान देने के प्रति अपने संकल्पों को सरजमीन पर उतारा। इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में राष्ट्रीय महासचिव बिनु यादव पूर्व मंत्री से बृजकिशोर बिन्द, राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता शक्ति सिंह यादव, एजाज अहमद, डा. उर्मिला ठाकुर, दीनानाथ सिंह यादव, मदन शर्मा, नंदू यादव, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, हरेन्द्र कुमार कुशवाहा, ई अशोक यादव,भाई अरुण कुमार, इनामुल हक, प्रमोद कुमार राम, डा. प्रेम कुमार गुप्ता, निर्भय अंबेडकर, संजय यादव, नरेश रविदास, उपेन्द्र चंद्रवंशी, सरदार रणजीत सिंह, ओमप्रकाश चौटाला, संतोष कुमार प्रेमी, प्रो बालेश्वर यादव, मो असलम, गुड्डू यादव, इम्तियाज अहमद, दिनेश कुमार राम, प्रो सीतामणी कुमारी, ईबरारूल हक, प्रो ब्रजेश कुमार राय, उमेश चन्द्र पटेल, शशि रंजन कुमार यादव,चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य गणमान्य नेताओं ने तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।



माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की ।

बड़ी संख्या में सामाजिक और राजनीतिक लोगों की गिरफ्तारी का विरोध : राजद

पटना (दैनिक नवसंदेश)। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने संविधान द्वारा दिए गए वोट के अधिकार को छीनने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग को लेकर आन्दोलन करने वाले छात्र-युवाओं के साथ हीं बड़ी संख्या में राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किए जाने और धरना-प्रदर्शन पर रोक लगाए जाने की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति तो 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के दौरान भी नहीं हुई थी।

ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस की राज्य कार्यकारिणी की बैठक एक नवंबर को पटना में, तैयारियां शुरू

पटना (दैनिक नवसंदेश)। विश्वस्तरीय कायस्थ संगठन ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस (जीकेसी) की बिहार राज्य कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आगामी एक नवंबर को राजधानी पटना में आयोजित की जाएगी। बैठक को लेकर संगठन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसमें संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ बिहार में संगठनात्मक विस्तार, सदस्यता अभियान, सामाजिक सरोकारों, शिक्षा, कला-संस्कृति, महिला सशक्तीकरण और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। ग्लोबल कायस्थ कन्फ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि संगठन का उद्देश्य कायस्थ समाज को एक साझा मंच पर लाने के साथ उसकी प्रतिभा, क्षमता और सामाजिक योगदान को व्यापक पहचान दिलाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की मजबूती उसके सदस्यों की सक्रियता, आपसी समन्वय और निर्धारित लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता पर निर्भर करती है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने खुद लगाई झाड़ू

बापू की प्रतिमा के पास चलाया स्वच्छता अभियान

पटना (दैनिक नवसंदेश)। सेवा ही संकल्प मुहिम के तहत शनिवार की सुबह केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी और प्रदेश के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने गांधी मैदान स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास खुद झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इससे पहले दोनों नेताओं ने महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री श्री तिवारी ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता को अंगीकार करने की शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की अपील की। दोनों नेताओं ने सफाईकर्मियों से बात कर उनके साथ तस्वीर भी खिंचवाई। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के सचिव राजीव रौशन, विशेष सचिव धर्मेंद्र कुमार, बिहार शिक्षा परियोजना के राज्य परियोजना निदेशक नवदीप शुक्ला, माध्यमिक शिक्षा निदेशक नितिन कुमार सिंह, प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक, बीएसईआईडीसी के प्रबंध निदेशक अभिषेक पलासिया, मिड डे मील योजना के निदेशक विनायक मिश्र सहित विभाग के प्रमुख पदाधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।



केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने खुद लगाई झाड़ू।

11 अक्टूबर को धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा अग्रसेन जयंती

मुख्य अतिथि संजय सरावगी, विशिष्ट अतिथि ललन सर्राफ एवं सत्यदर्शी संजय होंगे शामिल

पटना (दैनिक नवसंदेश)। अग्रसेन सेवा न्यास, पटना की ओर से महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के पावन अवसर पर रविवार, 11 अक्टूबर 2026 को भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम संध्या 5 बजे से अग्रसेन भवन, अग्रसेन मार्ग (बैंक रोड), पटना में आयोजित होगा। समारोह को लेकर समाज के लोगों में उत्साह है। आयोजन का उद्देश्य महाराजा अग्रसेन जी के आदर्शों, सामाजिक समरसता, सेवा, समानता और सहयोग की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा के सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं उपनेता ललन सर्राफ तथा बिहार सरकार के महाधिवक्ता सत्यदर्शी संजय शामिल होंगे। समारोह की अध्यक्षता अग्रवाल चैरिटेबल ट्रस्ट एवं बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष पी. के अग्रवाल करेंगे।

लिखित समझौते बेअसर, मांगें लंबित और कर्मचारी बेहाल, पटना में राजस्व कर्मियों का धरना-प्रदर्शन

पटना (दैनिक नवसंदेश)। बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ, संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कर्मचारियों की लंबित मांगों, विभागीय वादाखिलाफी और अमानवीय कार्यदबाव के विरोध में पटना में धरना-प्रदर्शन किया। संघ स्पष्ट करना चाहता है कि अब केवल आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहिए। यदि विभाग ने कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी जारी रखी, तो आंदोलन को और व्यापक एवं निर्णायक बनाने के लिए संघ लोकतांत्रिक तरीके से आगे की रणनीति तय करेगा।वर्ष 2025 में तत्कालीन अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह के साथ वार्ता में लिखित सहमति बनी। इसके बाद वर्ष 2026 में 90 दिनों तक चली हड़ताल के उपरांत विभागीय सचिव जय सिंह के साथ भी लिखित सहमति बनी। लेकिन चार महीने बीत जाने के बावजूद मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होना विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जब विभाग के सर्वोच्च पदाधिकारियों के लिखित आश्वासन का ही सम्मान नहीं होगा, तो कर्मचारी न्याय के लिए आखिर कहां जाएं। आज भी ग्रेड पे, गृह जिला स्थानांतरण, सेवा संपुष्टि एवं एसीपी का लाभ वर्षों से लंबित है।



बिहार राज्य भूमि सुधार कर्मचारी संघ, संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर पटना में धरना-प्रदर्शन किया।

संक्षिप्त खबरें

ढोल ताशे के साथ निकली माता लक्ष्मी और विष्णु की झांकी

रामलीला का मंचन कल से होगा प्रारंभ

आरा (दैनिक नवसंदेश)। रामलीला समिति के तत्वाधान में मां लक्ष्मी और विष्णु जी की झांकी रामलीला समिति के सदस्यों एवं राम भक्तों के द्वारा धूमधाम से निकाला गया। पुरानी अदालत मदन जी के गोला से सर्वप्रथम आरती कर एवं पूजा पाठ के कार्यक्रम के बाद सैकड़ों की संख्या में मदन जी के गोला, पराओ,बड़ी मस्जिद, गोपाली चैक, शिवगंज, महादेवा रोड, चित्र टोली रोड होते हुए इस शोभायात्रा का रमना मे रामलीला मैदान में समापन हुआ। संस्था के अध्यक्ष सोनू राय एवं कार्यकारी अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शहर वासियों से आग्रह किया एवं वृंदावन की मंडली के द्वारा इस कार्यक्रम को बेहतर ढंग से करने का संकल्प लिया उन्होंने राम के आदर्शों पर चढ़ने के लिए लोगों को कहा ताकि आने वाले पीढ़ियों को अच्छे संस्कार मिल सके। संस्था के मुख्य सदस्यों में सर्वप्रथम मुख्य संरक्षण मंडल में रामकिंकर दास जी महाराज,हाकिम प्रसाद ,रामेश्वर प्रसाद, राकेश रंजन उर्फ पुतुल जी, उपाध्यक्ष दिलीप गुप्ता, अश्वनी कुमार, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, शंभू नाथ केसरी, प्रमोद मुखिया, रितेश वर्मा, सचिव शंभू नाथ प्रसाद, मीडिया प्रभारी पंकज प्रभाकर, राजा तिवारी, पिंटू तिवारी एवं उनके सहयोगी गण इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शामिल थे।

वेदप्रकाश गुप्ता की सातवीं पुण्यतिथि मनी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्व. वेदप्रकाश गुप्ता की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर मालती तकनीकी एवं सामाजिक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित डॉ. पी.सी. कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र एवं यूटीआई म्यूचुअल फंड के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजित हुआ। इस मौके परउनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि स्व. वेदप्रकाश गुप्ता एक प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी थे। वे भोजपुर के प्रथम यूटीआई म्यूचुअल फंड के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में कार्यरत रहे। श्रद्धांजलि सभा में डॉ. ज्ञान प्रकाश, मालती गुप्ता, उनके पुत्र मिथिलेश कुमार, रामजी कुमार, सत्यप्रकाश, डॉ. विकास कुमार, डॉ. उत्कर्षिणी, वेदांत प्रकाश, वैभव, चैतन्य, दुर्गावती, रोमा, पिंकी गुप्ता, स्त्रियांशी, अर्पिता ,राधा अनूप, काजल, दिब्या एवं एनडी तिवारी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

त्योहारों के मद्देनजर पूजा पंडालों का एसडीपीओ ने किया निरीक्षण

सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का लिया जायजा



आरा/पीरो (दैनिक नवसंदेश)। पीरो अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार द्वारा शुक्रवार की रात्रि पीरो नगर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान पूजा पंडालों में सुरक्षा के दृष्टिकोण से दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों की समुचित व्यवस्था तथा अग्निशमन व्यवस्था को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। वही पूजा समितियों को शांति समिति द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने तथा डीजे प्रतिबंध का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया गया। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु नो-एंट्री, पार्किंग एवं रूट डायवर्जन की व्यवस्था निर्धारित की गई। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण त्योहार संपन्न कराने हेतु प्रतिबद्ध है।

यातायात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच वितरित हुआ चश्मा और मास्क



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित द्वारा शनिवार को यातायात थाना में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के बीच चश्मा एवं मास्क का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य यातायात इयूटी के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को धूल-धुआं एवं अन्य बाहरी प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव में सहायता प्रदान करना तथा उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता सुनिश्चित करना। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में यातायात पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखना भी प्राथमिकता है। भोजपुर पुलिस अपने कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कल्याण, सुरक्षा और बेहतर कार्य-परिस्थितियों के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएनबी में हिंदी माह समापन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



आरा (दैनिक नवसंदेश)। पंजाब नैशनल बैंक, मंडल कार्यालय आरा में मंडल प्रमुख उत्पल कुमार की अध्यक्षता में हिंदी माह समापन समारोह, एक दिवसीय संगोष्ठी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप मंडल प्रमुख शक्ति कुमार, मुख्य प्रबंधक श्रीमती स्वाति सिंह, मुख्य प्रबंधक करण कुमार, एलडीएम विभूति पांडेय तथा मंडल कार्यालय एवं विभिन्न शाखाओं के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहित करना तथा उनकी साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। संगोष्ठी में बैंकिंग कार्यों में सरल एवं प्रभावी हिंदी के प्रयोग पर चर्चा की गई। साथ ही श्री काव्य-पाठ, संगीत प्रस्तुति एवं हिंदी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से कर्मचारियों में हिंदी के प्रति उत्साह, जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा मिला। मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने दैनिक बैंकिंग कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए कर्मचारियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. पूनम साव ने किया।

शारदीय नवरात्र को लेकर कलश स्थापना आज

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शहर सहित पूरे जिले में रविवार को कलश स्थापना के साथ ही शारदीय नवरात्र शुरू हो जाएगा। इस दौरान घरो, पूजा पंडालों एवं मंदिरो में कलश स्थापित किया जाएगा। शारदीय नवरात्र को लेकर माहौल भक्तिमय हो गया है। कलश स्थापना के दौरान भक्तगण पीले वस्त्र धारण कर पूजन पाठ करेगें। नवरात्र के प्रथम दिन देवी दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाएगी। नवरात्र के प्रथम दिन ज्यादातर श्रद्धालु उपवास रखते हैं। इस दौरान कई श्रद्धालु फलाहार एवं जलाहार पर भी रहेगें।

बाजारो में खरीददारी को उमडी रही भीड़

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र को लेकर शहर के बाजारों में शनिवार को खरीददारी को लेकर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। लोगों ने मिट्टी से निर्मित कलश, दीप, ढक्कन, पूजन सामग्री, फल एवं फूल आदि की खरीदारी की। नवरात्र को लेकर शहर के आरण्य देवी मंडी, बिचली रोड मोड, शिवगंज, पकडी चैक, बाजार समिति रोड, गोढना रोड, मौलाबाग, धरहरा मोड सहित विभिन्न इलाकों के बाजारों में दोनों और फुटपाथ की दुकानें सजी हुई थी। जहां देर शाम तक लोग खरीददारी करते दिखे।

मां आरण्य देवी मंदिर में दर्शन को उमडेगी भीड़

आरा (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र को लेकर शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। इसको लेकर मंदिर में साफ सफाई की गई है। रविवार की सुबह से ही काफी संख्या में महिला पुरुष भक्तगण देवी को दर्शन के लिए आएंगे। नवरात्र को लेकर मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में प्रसाद एवं पूजन सामग्री की अस्थायी दुकानें खुल गई हैं।

एसएन मेमोरियल के स्कूली बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी में दिखाया हुनर



मॉडल्स के जरिए तकनीकी समाधान

आरा (दैनिक नवसंदेश)। स्थानीय एसएन मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी (विज्ञान प्रदर्शनी) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि श्रीमती इंदु देवी, मेयर, आरा, श्रीमती आशा देवी, पूर्व विधायका, श्रीमती विजय माला देवी, डॉ स्मिता सिंह, भोजपुर अध्यक्षा, प्राइवेट स्कूल्स एण्ड चिल्ड्रन वेल्फेर एसोसिएशन, जनमेजय सिंह,द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना और उनके भीतर छिपी रचनात्मकता को सामने लाना था। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित एक से बढ़कर एक कामकाजी मॉडल्स व चार्ट्स प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने वर्तमान समय की वैश्विक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपने प्रोजेक्ट पेश किए। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से एंटी पेपर लीक जो वानी पांडे (8ए) और शिवानी कुमारी (8ए) के द्वारा बनाई गई थी, रोबोट (रोबोट) हिमांशु कुमार (6बी) और रोनित कुमार (6बी), अड्वान्स मिलिटरी डिफेन्स सिस्टम (उन्नत सैन्य रक्षा प्रणाली) रितिक राज (8बी) और राजवीर सिंह (8 बी), ऑटोमैटिक प्लांट इरगैशन सिस्टम (पौधों में पानी देने का ऑटोमैटिक सिस्टम) शंकेतु (कक्षा 9वीं) और मयंक मिश्रा (9ए), ट्रेन एक्सीडेंट प्रटेक्टर (ट्रेन दुर्घटना रक्षक)आदित्य कुमार (7ए) और प्रिंस सोनी (7ए), सौर ऊर्जा (सौर ऊर्जा) अक्षत (7ए), पर्टेक्ट हुमन फ्रॉम इलेक्ट्रिक पोल्स (इंसानों को बिजली के खंभों से बचाएं) आयुषी कुमारी(9 बी), कार्बन पयुरिफिएर शिवम (7ए), अंकुश (7ए) और श्रीयंस (7ए), अपशिष्ट प्रबंधन (कचरे का प्रबंधन), और रोबोटिक्स व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्लांट हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम, रुद्र वीर (5ए), ऑटोमैटिक वाटर मैनेजमेंट, श्रद्धा (7ए) और जागृति (7ए) पर आधारित मॉडल्स आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्य अतिथि ने छात्रों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स की बारीकियों को समझा और उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण की सराहना की। उन्होंने कहा, आज के बच्चे ही कल के वैज्ञानिक हैं। प्रधानाचार्य राजीव कुमार सिंह ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मौके पर सीमा कुमारी, संतोष कुमार, सोनी सिंह, रुमेल मित्रा, राम चंद्र पांडे, विपुल पाठक, राजू कुमार, आशीष मिश्रा, जितेंद्र कुमार, सोनी कुमारी, अनामिका छेत्री इत्यादि मौजूद रहे।

जिला के पेंशनधारियों के खाते में भेजी गयी राशि



आरा (दैनिक नवसंदेश)। सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों को डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरण से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन जिला समाहरणालय, भोजपुर के सभागार में किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बिहार के कुल 1,08,36,005 पेंशनधारियों के खाते में 12,37,47,55,200 रुपए को डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण किया गया। जिसमें भोजपुर जिला के सामाजिक सुरक्षा के विभिन्न पेंशन योजना के कुल 2,82,740 पेंशनधारियों के खाते में 32,46,61,200 रुपए को डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया। जिसमें कुल छः पेंशन योजनाओं में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के कुल 1,57,269 पेंशनधारियों के खाते में 18,55,61,100 रुपए, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के कुल 22,993 पेंशनधारियों के खाते में 2,57,40,000 रुपए, लक्ष्मींबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 30,615 पेंशनधारियों के खाते में 3,42,27,000 रुपए, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के कुल 62,299 पेंशनधारियों के खाते में 6,85,62,000 रुपए, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के कुल 7,423 पेंशनधारियों के खाते में 81,93,900 रुपए, इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के कुल 2,141 पेंशनधारियों के खाते में 23,77,200 रुपए माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग भोजपुर एवं जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस, भोजपुर, सहित बड़ी संख्या में पेंशनधारी मौजूद थे।

हार्डवेयर दुकानदार की गोली मारकर हत्या

गुस्साए लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किया रोड जाम



आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के पावरगंज स्थित सूर्य मंदिर के समीप शनिवार की सुबह बाइक सवार हथियारबंद बदमाशों ने हार्डवेयर दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद मृतक के परिजन एवं स्थानीय लोगों का गुस्साएं भड़क उठा। गुस्साए लोगों ने अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के बाद पावरगंज सूर्य मंदिर मोड़ के समीप शव के साथ रोड जाम कर दिया। करीब एक घंटे तक सड़क जाम से दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर नवादा थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। लोगों को अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी का आश्वासन देने व समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। जानकारी के अनुसार मृतक संदेश थाना क्षेत्र के बडिहां गांव निवासी रिटायर आर्मी मैन स्व. बैजू सिंह का 35 पुत्र उपेंद्र कुमार सिंह है। वर्तमान में वह नवादा थाना क्षेत्र के गौतम बुद्ध नगर गोढना रोड में मकान बनाकर रहता न्यू बहिरो बाजार पर हार्डवेयर दुकान चलाता था। वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जब उपेंद्र कुमार सिंह आज सुबह अपने ससुराल बिहटा थाना क्षेत्र के पालीगंज से आरा लौटे। इसके बाद अपने बच्चों को छोड़ने के लिए स्कूल गए थे। वहां से बाइक द्वारा वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह पावरगंज स्थित सूर्य मंदिर के पास पहुंचे। तभी एक बाइक पर सवार दो हथियारबंद बदमाशों ने उनके सिर में गोली मार दी और वहां से भाग निकले। मृतका की मां पाचो देवी ने बताया गांव में उनका दस कट्ठा जमीन है। उसी जमीन को लेकर भतीजे एवं पट्टीदार के लोगो से विवाद चल रहा है। इसे लेकर उनके द्वारा कई बार उसे मारने की भी धमकी दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि उसने चांदी थाना क्षेत्र के जोकटा गांव निवासी अजय को अपने हार्डवेयर दुकान से करीब पचास हजार रुपये से अधिक का सामान दिया था। वह जब भी उससे पैसा मांगता तो, वह टालमटोल कर देता था। जिसको लेकर उससे भी विवाद चल रहा था। बहरहाल पुलिस दोनों बिंदुओं पर अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

दो दिवसीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला सम्पन्न, आकर्षण का केन्द्र रही मनोविज्ञान प्रदर्शनी



आरा (दैनिक नवसंदेश)। वीकेएसयू स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो द्विवसीय कार्यशाला ह्यह्यमानसिक स्वास्थ्यः स्व और स्माज ह्य ह्य शनिवार को विभाग परिसर में सम्पन्न हुई। अध्याक्षाता विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत कुमार ने किया। डॉ. कुमारी प्रीतिका ने अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला का शुरूआत किया। कार्यशाला के द्वितीय दिवस सर्वप्रथम डॉ. प्रियंका पाठक ने ह्यह्यस्व-करुणा से सामाजिक करुणा तक कल्याण की एक मनोवैज्ञानिक राहह्यह्य विषय पर व्याख्यान दिया, उन्होंने कहा कि सभी के जैसे होने नहीं चाहिए बल्कि सबके साथ होना चाहिए। डॉ. वाचस्पति दुबे ने ह्यह्ययोग, ध्यान और मानसिक स्वास्थ्यः भारतीय परिप्रेक्ष्यह्यह्य पर प्रकाश डाला। डॉ. कुमारी प्रीतिका ने दिमाग के जादुई रसायन पर अपने विचार रखे। इसी दिन मनोविज्ञान प्रदर्शनी दिवस भी आयोजित हुआ, जिसमें विभाग के शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने मॉडल के माध्यम से तनाव, स्मृति, व्यक्तित्व और कल्याण जैसे विषयों को प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल जैन कॉलेज कि डॉ. यास्मीन कौशर, डॉ. प्रेम शंकर, डॉ. अरूण कुमार तथा महिला कॉलेज कि डॉ. विजय श्री थी। जिसमें प्रथम स्थान रुद्रांश, द्वितीय स्थान सौरभ, अमित, श्रुति, संजना तथा तृतीय स्थान प्रियांशी और रुकसाना खातून को दिया। कार्यशाला के दोनों दिन के सार को विभागाध्यक्ष ने बताते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया।

ट्रक ने बाइक सवार शिक्षिका को रौंदा मौत

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना क्षेत्र के धनुपरा स्थित जैन बाला विश्राम स्कूल के समीप शनिवार की दोपहर बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार शिक्षिका को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। मृतका टाउन थाना क्षेत्र के वलीगंज मोहल्ला वार्ड नंबर-33 निवासी एनुल हक की 35 वर्षीया पुत्री तबस्सुम परवीन है। वह पेशे से शिक्षिका थी। वर्तमान में कोईलवर प्रखंड के सकड्डी स्थित उत्क्रमित हाई स्कूल में कार्यरत थी। इधर, मृतका के स्वजन शिक्षक अरशद वारसी ने बताया कि शनिवार की सुबह वह कुल्हड़िया स्थित हाई स्कूल में शिक्षकों के चल रहे इको क्लब के ट्रेनिंग करने के लिए गई थी। ट्रेनिंग खत्म होने के बाद वह अपने भाई सैफ अली के साथ बाइक द्वारा वापस घर लौट रही थी। उसी दौरान धनुपरा स्थित जैन बाला विश्राम स्कूल के समीप पीछे से आ रही बेलगाम ट्रक ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह बाइक से गिर पड़ी। तभी ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हार्डवेयर दुकानदार की हत्या का सफल उद्वेदन, मृतक का चचेरा भाई और चाचा गिरफ्तार

आपसी जमीन के विवाद हार्डवेयर दुकानदार की गई हत्या



आरा (दैनिक नवसंदेश)। नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना सूर्य मंदिर के समीप शनिवार की सुबह हार्डवेयर दुकानदार की हत्या का पुलिस ने सफलतापूर्वक उद्वेदन का दावा किया है। पुलिस ने घटना के महज कुछ घंटे के भीतर हत्या में संलिप्त दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार दोनों मृतक के चचेरा भाई एवं चाचा हैं। उनके पास से एक देशी पिस्टल, दो मैगजीन और सात जिंदा कारतूस बरामद किया। सदर एसडीपीओ वन सुशील कुमार ने शनिवार की शाम दी। आपसी जमीनी विवाद में हार्डवेयर दुकानदार की गोली मारकर हत्या की गई। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह नवादा थाना क्षेत्र के गोढ़ना सूर्य मंदिर के समीप हथियारबंद बदमाशों ने हार्डवेयर दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के बडिहां गांव निवासी मृतक संदेश थाना क्षेत्र के बडिहां गांव निवासी स्व. बैजू सिंह का 36 वर्षीय पुत्र उपेन्द्र कुमार सिंह था। वर्तमान में वह वार्ड नंबर-44 गौतम बुद्ध नगर गोढ़ना में रहता था। मृतक का नवादा थाना क्षेत्र के न्यू बहिरो में अपने ही जमीन में हार्डवेयर की दुकान सह मकान है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक के चचेरे भाई राजेश कुमार सिंह एवं चाचा विजय कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया। राजेश कुमार सिंह द्वारा हार्डवेयर दुकानदार को गोली मारी गई थी।

पेंशन एवं वेतन विसंगतियों के निराकरण को लेकर पेंशन कार्यशाला आयोजित



आरा (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में पेंशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधान महालेखाकार एवं वरीय उप महालेखाकार, बिहार, की उपस्थिति रही। प्रधान महालेखाकार एवं वरीय उप महालेखाकार द्वारा पेंशन एवं लेखा से संबंधित विभिन्न प्रावधानों, प्रक्रियाओं तथा वेतन विसंगतियों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पेंशन प्रकरणों के निष्पादन में निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित करने तथा अभिलेखों एवं लेखा संबंधी विवरणों में आवश्यक शुद्धता बनाए रखने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस दौरान भोजपुर जिले में पेंशन से संबंधित कुछ विसंगतियाँ एवं त्रुटियाँ चिह्नित की गईं। इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को अविलंब आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई करने तथा त्रुटियों का नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कार्यशाला में पेंशन संबंधी मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब को दूर करने तथा संबंधित अभिलेखों एवं दस्तावेजों की समुचित जाँच पर भी जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने कहा कि पेंशनभोगियों एवं सरकारी कर्मियों को उनके पेंशन तथा वेतन से संबंधित मामलों में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वेतन विसंगतियों, पेंशन संबंधी त्रुटियों एवं लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनका ससमय निष्पादन सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि संबंधित विभाग एवं कार्यालय आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो और पात्र कर्मियों एवं पेंशनभोगियों को नियमानुसार देय लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

कार्यशाला में पेंशन एवं लेखा संबंधी समस्याओं के निराकरण, वेतन विसंगतियों के सुधार तथा पेंशन मामलों के सुचारु निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अज्ञात महिला हत्याकांड मामले में आरोपित गिरफ्तार

मझौंवा बांध के किनारे से बरामद हुआ था शव

आरा (दैनिक नवसंदेश)। टाउन थाना पुलिस द्वारा अज्ञात अधेड़ महिला हत्याकांड मामले में पुलिस ने सफल उद्वेदन करते हुए नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी टाउन थाना क्षेत्र इलाके से की गई। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो खून लगा ईट एवं एक बस का फट्टा भी बरामद किया। वह नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला निवासी सुरेंद्र शर्मा का पुत्र सुनील शर्मा है। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की सुबह टाउन थाना पुलिस को सूचना मिली कि पुरानी पुलिस लाइन रोड में मझौंवा बांध के किनारे एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। महिला के सिर पर ईट-पत्थर से मारे जाने तथा शरीर पर गहरे चोट का निशान है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच शुरू कर दी गई। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य का संकलन कराया गया। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित के निर्देश पर सदर एसडीपीओ-वन सुशील कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

बीते 20 साल में हुआ ऐतिहासिक कार्य एवं मिला विकासोन्मुखी शासन : निशांत कुमार

कार्यकारी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व स्वास्थ मंत्री का दरभंगा में भव्य स्वागत



संजय झा, निशांत कुमार, मदन साहनी आदि का स्वागत करते कार्यकर्ता।

दरभंगा (एनएसबी)। बिहार विधान परिषद चुनाव 2026 के मद्देनजर दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए समर्थित जदयू प्रत्याशी डॉ. घनश्याम राय एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश कुमार की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को राज रिसॉर्ट, एकमीघाट पहुंचे जदयू नेता सह स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कार्यकर्ता सम्मेलन सह जनसंवाद सभा में कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया।

विधायक सह जदयू जिलाध्यक्ष राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल के नेतृत्व में एनडीए कार्यकताओं ने स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। भाजपा के पश्चिमी कार्यकारी जिलाध्यक्ष अभय कुमार झा की अध्यक्षता एवं जदयू जिलाध्यक्ष सह विधायक राजेश कुमार उर्फ ईश्वर मंडल ने संचालन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सांसद संजय कुमार झा ने बिहार के विकास में पूर्व सीएम नीतीश कुमार के ऐतिहासिक योगदान की विस्तार से सराहना की। नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने सुशासन, आधारभूत संरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तीकरण और सामाजिक न्याय के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने बिहार को विकास की नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने निशांत कुमार को बिहार का भविष्य बताते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके प्रयासों की सराहना की। स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार ने नीतीश कुमार के ऐतिहासिक कार्यों एवं विकासोन्मुखी शासन की विस्तार से चर्चा की।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि एनडीए दोनों सीट पर अपनी जीत सुनिश्चित करेगा। वहीं मंत्री मदन सहनी, मंत्री शीला मंडल एवं मंत्री रामचंद्र प्रसाद ने भी दोनों प्रत्याशियों के समर्थन में कार्यकताओं से पूरी सक्रियता के साथ चुनावी अभियान में जुटने और जीत सुनिश्चित करने का आह्वान किया। विधायक ईश्वर मंडल ने आपसी समन्वय के साथ जनसंपर्क अभियान को गति एवं एकजुट होकर कार्य करने की अपील की।इस दौरान विधायक सह सचेतक प्रो. विनय कुमार चौधरी, विधायक अतिरेक कुमार, सुधांशु शेखर, सतीश साह एवं वीरेंद्र कुमार, विधान पार्षद सह पूर्व मंत्री हरि सहनी, पूर्व विधान पार्षद दिलीप कुमार चौधरी तथा एनडीए के विभिन्न घटक दलों के जिलाध्यक्ष, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने किया।

मां श्यामा मंदिर पहुंचे मंत्री निशांत कुमार ने की विधिवत पूजा-अर्चना



स्वागत करते न्यास समिति के पदाधिकारी।

दरभंगा (एनएसबी)। मिथिलांचल की सुप्रसिद्ध आस्था के केंद्र मां श्यामा मंदिर में भव्य पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ सभी श्रद्धालुओं और अतिथियों ने मां श्यामा माई का विधिवत पूजन किया। इस दौरान मंत्री निशांत कुमार और संजय कुमार झा ने मंदिर में लगभग दस मिनट तक उपस्थित रहकर पंडितों के सानिध्य में मां का आशीर्वाद लिया।

इनके साथ मां श्यामा मंदिर के संरक्षक सह विधायक संजय सरावगी भी रहे मौजूद। मंत्री शीला मंडल,विधायक अजय चौधरी, ईश्वर मंडल और विधान पार्षद भारती मेहता ने भी किया मां श्यामा का दर्शन। पूजन कार्यक्रम के उपरांत माँ श्यामा न्यास समिति के संरक्षक संजय सरावगी ने मंत्री निशांत कुमार को मां की पावन चुनरी, स्मारिका और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। वहीं न्यास के सचिव सह जिलाधिकारी कौशल कुमार की ओर से प्र सह सचिव मधुबाला सिन्हा ने सभी गणमान्य अतिथियों को चुनरी, प्रसाद और स्मारिका भेंट की।पूजा-अर्चना के बाद संजय कुमार झा ने मंत्री निशांत कुमार को मंदिर के पीछे वर्ष 2012 में निर्मित 'मां श्यामा जानकी भवन' के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस भवन का उद्घाटन उनके पिता नीतीश कुमार ने किया था और उन्होंने स्वयं विधान पार्षद रहते हुए अपने ऐच्छिक कोष से इसके निर्माण के लिए राशि प्रदान की थी।

संक्षिप्त खबरें

सदर अस्पताल,गंगवाड़ा में सिजेरियन के माध्यम से प्रथम प्रसव संपन्न

दरभंगा (एनएसबी)। जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार की उपस्थिति में सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में बीएमएसआईसीएल बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड एवं कैंसर सोसाइटी की टीम द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आवश्यक संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया गया। इस क्रम में अस्पताल के सुचारू एवं पूर्ण संचालन के लिए आवश्यक कमियों को चिह्नित किया गया। जिलाधिकारी कौशल कुमार ने कहा कि बीएमएसआईसीएल की टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान जिन कमियों को चिह्नित किया गया है, उन सभी का आकलन करते हुए बजट तैयार किया जाएगा तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को भेजा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। दिसंबर माह तक सदर अस्पताल, गंगवाड़ा को पूर्ण रूप से संचालित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में सिजेरियन ऑपरेशन के माध्यम से प्रथम प्रसव संपन्न कराया गया। यह अस्पताल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उक्त प्रसव डॉ. सुप्रिया नारायण द्वारा कराया गया।प्रसव के उपरांत जिलाधिकारी कौशल कुमार ने जच्चा एवं नवजात शिशु का हालचाल जाना तथा उन्हें नवजात शिशु किट प्रदान किया।

दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस ने किया सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



बैठक मे पुलिस पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य।

बहादुरपुर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष प्रसूनजय कुमार एवं अंचलाधिकारी निशांत कुमार के द्वारा किया गया।बैठक में थाना क्षेत्र के सभी समुदाय के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।बैठक में दुर्गा पूजा के सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा हुई। थाना अध्यक्ष प्रसूनजय कुमार ने कहा कि पर्व के दौरान शांति और आपसी भाईचारा बनाए रखना सभी जनप्रतिनिधि एवं आम लोगों की जिम्मेदारी है।अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।थाना क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा से सम्बन्धित समिति के सदस्यों ने प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। दुर्गा पूजा के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।बैठक में बहादुरपुर थाना अध्यक्ष पर प्रशुंजय कुमार,अंचलाधिकारी निशांत कुमार,राजा पासवान के साथ थाना के अन्य पदाधिकारी एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

अपने बच्चों में दें सनातनी संस्कार : डॉ. धर्मशीला गुप्ता



सांसद डॉ धर्मशीला गुप्ता।

दरभंगा (एनएसबी)। अपने बच्चों में सनातन संस्कार दें ताकि वह भारतीय संस्कृति के अनुरूप अपने जीवन को आगे बढ़ा सके। वैदेही नगर छपकी स्थित सत्संग आश्रम में श्रीमद् भागवत कथा के समापन समारोह में शनिवार को श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ गुप्ता ने कहा कि हमें अपने बच्चों के संस्कार के प्रति पूरी तरह सक्रिय एवं सजग रहने की जरूरत है।

मालूम हो की आचार्य श्री वेदानंद शास्त्री आनंद की ओर से सत्संग आश्रम में विगत 4 अक्टूबर से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन हो रहा था जिसका समापन 10अक्टूबर को हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक अविनाश कुमार ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा से हम श्रद्धालुओं को बहुत अधिक लाभ प्राप्त हुआ है। इस आयोजन को सफल बनाने में सत्संग आश्रम के गणपति एवं सभी सदस्यों के साथ-साथ पप्पू चौधरी ,पंकज चौधरी आदि भी पूरी तरह समर्पित रहे।

चकबसावन में बिजली पोल गिरने से 150 घरों में अंधेरा, जनजीवन प्रभावित



गांव में घर के किनारे गिरा बिजली पोल।

दरभंगा (एनएसबी)। मनीगाछी प्रखंड के ग्राम चकबसावन, पोस्ट - भंडारीसम, थाना - मनीगाछी में बिजली का पोल गिर जाने से लगभग 150 घरों की बिजली आपूर्ति पिछले कई घंटों से बाधित है। ग्रामीणों के अनुसार पोल गिरने के कारण पूरे टोले में अंधेरा पसरा हुआ है। बिजली पर निर्भर आजीविका के साधन पूरी तरह ठप हो गए हैं।

गाँव में आटा चक्की मशीनें बंद हैं। दुकानदारों के फ्रिज नहीं चलने से सुधा का दूध, पनीर, दही और कोल्ड ड्रिंक्स खराब होने के कगार पर हैं। अगर जल्द बिजली नहीं आई तो दुकानदारों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। आज के समय में बिजली ही जीवन का मुख्य साधन बन गई है। घरों में अब चापाकल कम हैं और लोग मोटर पर निर्भर हैं, जो बिजली न होने से नहीं चल पा रहा है। मोबाइल चार्जिंग तक नहीं हो पा रही है। केरोसिन (मिट्टी तेल) न मिलने से रात में रोशनी की भी बड़ी समस्या हो गई है। स्थानीय लोगों ने इस संबंध में बिजली विभाग के जे.ई. से संपर्क किया। जे.ई. ने जल्द ठीक करने का आश्वासन तो दिया है, लेकिन मौके पर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द नया पोल लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल की जाए।

ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल की दो छात्रों का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में



छात्राओं को सम्मानित करते विद्यालय परिवार।

दरभंगा (एनएसबी)। ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, लक्ष्मीसागर दरभंगा की दो छात्रा अनामिका कुमारी और शालिनी प्रिया का चयन जमुई में होने वाली राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है। छात्राओं की इस गौरवमयी उपलब्धि पर ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के सचिव नंदकिशोर यादव, प्रधानाचार्य एवं शिक्षक मौजूद थे।

पुलिस ने हुंडई आई 10 कार से 279 लीटर नेपाली देसी शराब बरामद, चालक फरार

दरभंगा (एनएसबी)। मद्यनिषेध दरभंगा टीम ने शुक्रवार की शाम कमतौल थाना क्षेत्र के करजापट्टी में एक हुंडई 10 कार से भारी मात्रा में नेपाली देसी शराब कुल 279 लीटर बरामद किया है। मद्यनिषेध के सहायक आयुक्त ने बताया कि टीम ने संदिग्ध हुंडई आई 10 कार का पीछा करते हुए उसे रोकने का प्रयास किया। तब कार चालक चलती गाड़ी से कूदकर फरार हो गया, कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई।इसके बाद मद्यनिषेध टीम ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकलवाकर वाहन की तलाशी ली और 279 लीटर नेपाली देसी शराब बरामद किया। आवश्यक कार्रवाई के लिए कार एवं बरामद शराब को उत्पाद थाना सदर लाया गया है। सहायक आयुक्त, मद्यनिषेध प्रदीप कुमार ने बताया कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण,परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है और मद्यनिषेध कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जर्जर विद्यालय भवन किया ध्वस्त नए भवन निर्माण की प्रक्रिया शुरू

■ वर्षों से ग्रामीण उठा रहे थे आवाज, गोस्वा मध्य विद्यालय में बच्चे शिफ्ट

अलीनगर (एनएसबी)। प्राथमिक विद्यालय किरतपुर के जर्जर भवन को विभाग ने जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। विद्यालय में नामांकित बच्चों को बगल के गांव गोस्वा स्थित मध्य विद्यालय में शिफ्ट कर दिया गया है। क्षतिग्रस्त भवन स्थल पर नए विद्यालय भवन निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यह प्राथमिक विद्यालय भवन कई वर्षों से जर्जर अवस्था में था। इसके बावजूद करीब 191 बच्चों की पढ़ाई इसी जर्जर भवन में हो रही थी। जिससे बच्चों के साथ-साथ शिक्षक भी हमेशा किसी अप्रिय घटना की आशंका से चिंतित रहते थे। ग्रामीणों का कहना है कि भवन की स्थिति सुधारने के लिए वे पिछले चार-पांच वर्षों से लगातार आवाज उठा रहे थे। कभी सड़क जाम कर तो कभी आवेदन देकर और मोबाइल के माध्यम से संबंधित अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचाते रहे। ग्रामीणों के अनुसार, हर बार भवन की मरम्मत कर समस्या का अस्थायी समाधान कर दिया जाता था, लेकिन कुछ समय बाद फिर से भवन क्षतिग्रस्त हो जाता था। इससे ग्रामीणों में विभाग के प्रति नाराजगी थी। उनका कहना था कि बार-बार मरम्मत कराने के बजाय नया भवन बनाया जाना चाहिए, ताकि बच्चों की पढ़ाई सुरक्षित माहौल में हो सके। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए अब विभाग ने विद्यालय को गोस्वा मध्य विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया है। इधर ग्रामीण रोशन यादव, चंद्रवीर यादव, नटवर यादव, दुखी यादव, सरवन शाह, परमेश्वर शाह, मोहन मुखिया सहित ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नए विद्यालय भवन का निर्माण पूरा नहीं हो जाता, तब तक वे अपनी मांग को लेकर आवाज उठाते रहेंगे। इस संबंध में प्राथमिक विद्यालय किरतपुर के प्रधानाध्यापक राजेंद्र राम ने बताया कि विभागीय आदेश के अनुसार किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए जर्जर भवन को गिरा दिया गया है।

दुर्गा पूजा में योग्य पंडितों की उपलब्धता में हो रही है कठिनाई

■ पंडाल व मूर्तियों के निर्माण को दिया जा रहा अंतिम रूप

■ आज कलश स्थापना से नवरात्र का होगा आरंभ

बेनीपुर (एनएसबी)। दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर है, पूजा स्थलों पर भव्य पंडाल का निर्माण, मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में कलाकार लगे हैं।ज्ञात हो कि रविवार 11 अक्टूबर से कलश स्थापना के साथ शारदीय नवरात्र की शुरूआत होगी। इसको लेकर विभिन्न पूजा स्थलों पर कलश शोभा यात्रा निकालने की भी तैयारी की जा रही है। बेनीपुर प्रखंड मुख्यालय सहित अन्य पूजा पंडालों के आसपास साफ-सफाई तथा मेला सजाने का कार्य तेजी से चल रहा है। शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय है।प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा थाना परिसर से लेकर विभिन्न पूजा स्थलों तक शांति समिति की बैठकें आयोजित कर पूजा समितियों एवं स्थानीय लोगों से सहयोग की अपील की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को क्षेत्र के नवादा स्थित हयहट्ट देवी मंदिर परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी एवं धार्मिक न्यास परिषद द्वारा गठित शासी निकाय के अध्यक्ष मनीष कुमार झा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, मंदिर परिसर की साफ-सफाई तथा श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

दूसरी ओर बेनीपुर दुर्गा मंदिर परिसर, पोहद्दी, बहेड़ा, हावीभौआर दुर्गा मंदिर सहित विभिन्न गांवों में पूजा की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच रही हैं। दुर्गा पूजा को लेकर योग्य पंडितों की मांग बढ़ गई है। कई समितियों को

दुर्गा पूजा को लेकर सनहपुर में निकाली गई कलश शोभायात्रा



सनहपुर मे कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु।

सिंहवाड़ा (एनएसबी)। सनहपुर गांव स्थित दुर्गा मंदिर परिसर से शनिवार को भव्य कलश शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसके साथ ही दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया गया। कटका निवासी आचार्य प्रियदत्त एवं यजमान जटाधर झा की देखरेख मे निकली कलश यात्रा मे 701 कन्याओ ने भाग लिया। कलश शोभायात्रा पूजा स्थली से चलकर सनहपुर हाट, बेदौली ग्राम परिक्रमा करते हुए जाले प्रखंड क्षेत्र के रतनपुर स्थित बाबा गंगेश्वर स्थान स्थिति पोखरा से पवित्र जल भरकर कर पुनः पूजा स्थल पहुँची। ग्राम परिक्रमा के दौरान ग्रामवासी पुष्पो की वर्षा कर रहे थे। वही बड़ी संख्या मे इलाके से आये श्रद्धालु जय मां दुर्गा के जयकारे लगाते हुए बाजे गाजे के साथ चल रहे थे। बताया गया है कि वर्ष 2010 से यहां दुर्गा पूजा आयोजित की जा रही है। कलश शोभायात्रा कलश स्थापना के एक दिन पहले ही निकाली जाती है। इस अवसर पर श्री श्री 108 नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष गुणानन्द मिश्र, उपाध्यक्ष प्रमोद बैठा, सचिव रामबालक महतो,उप सचिव पंसस इन्द्रजीत भगत, कोषाध्यक्ष सुंदर मिश्र, संयोजक अजय झा,मिडीया प्रभारी गुड्डू चौरसिया, मुखिया अमृत कुमार चौरसिया, धीरेंद्र मोहन मिश्र,उप मुखिया अनिल झा, सत्यनारायण गामी,पुर्व मुखिया लाल झा, लालबाबू बैठा,मोद नारायण मिश्र, हीरा भगत, मनोज साह, अरूण साह, विजय राउत, ललित झा सहित बड़ी संख्या मे महिला पुरूष ग्रामीण श्रद्धालुओ की देखरेख मे मौजूद थे।

संक्षिप्त खबरें

छोटू मोटू की सरकार आज इमरजेंसी को भी बहुत पीछे छोड़ दिया



हनुमान प्रसाद राउत।

मधुबनी (एनएसबी)। डरी, सहमी छोटू मोटू की सरकार आज इमरजेंसी को भी बहुत पीछे छोड़ दिया. एक पिसफुल प्रदर्शन को रोकने के लिए पुरे दिल्ली को किला मे तब्दील करदिया और देश के लोगो को दिल्ली आने से रोकने के लिए सैकरों ट्रेन रद्द करके तानाशाही का परिचय दिया. ये बाते राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव एवं राष्ट्रीय परिषद के सदस्य जे पी सेनानी हनुमान प्रसाद राउत ने प्रेस बिज्ञप्ति जारी कर कहा है. राउत ने कहा कि ये भाजपा और उसकी सरकार कभी भी लोकतंत्र के पक्ष धर नहीं रहा है. आजादी की लड़ाई मे इनके पूर्वज अंग्रेजो की दलाली कर रहे थे वही आपातकाल मे माफी मांगकर जेल से छूटते थे. ये लोग माफी बीर है दलाली का इनका इतिहास है और ये लोकतंत्र का पाठ पढ़ा रहा है. उन्होंने कहा की सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र का गला घोंटा जारहा है. आज के बाद यह आंदोलन जन आंदोलन का रूप लेगा और इस बौराई सत्ता को सात समुन्द्र पार उखाड़ कर फेकड़ेगा.

मासिक अपराध गोष्ठी में लंबित कांडों के निष्पादन और अपराध नियंत्रण पर जोर



एसएसपी, एसपी बैठक करते।

मधुबनी। पुलिस कार्यालय, मधुबनी में वरीय पुलिस अधीक्षक योगेंद्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शिवम धाकड़ की संयुक्त अध्यक्षता में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, अंचल पुलिस निरीक्षक, थानाध्यक्षों सहित अन्य पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले में अपराध नियंत्रण, अपराधियों की गिरफ्तारी तथा लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। गोष्ठी में शराब बरामदगी, भूमि विवाद, परिवाद, संचित कुर्की एवं वारंट से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई। अधिकारियों को लंबित कांडों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज गंभीर आपराधिक कांडों के त्वरित एवं सफल अनुसंधान पर विशेष जोर दिया गया। अनुसंधान के दौरान साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन करने और अभियुक्तों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य जुटाकर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। वहीं, गंभीर आपराधिक मामलों के सफल अनुसंधान एवं साक्ष्यों के बेहतर संकलन में सराहनीय कार्य करने वाले विभिन्न अनुसंधानकर्ताओं को वरीय पुलिस अधीक्षक, मधुबनी की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गोष्ठी के माध्यम से पुलिस पदाधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने, जवाबदेही के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय रहने का संदेश दिया गया।

मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और तस्करी के विरुद्ध सूचना देने हेतु 9031626043 हेल्पलाइन नंबर चालू

मधुबनी (एनएसबी)। मधुबनी पुलिस द्वारा जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार, तस्करी और इसके सेवन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। मधुबनी पुलिस आम जनता से अपील करती है कि यदि आपके आस-पास मादक पदार्थों (ड्रग्स, अफीम, गांजा, चरस, कोकीन या अन्य अवैध नशीले पदार्थ) की क्रय-विक्रय, भंडारण, उत्पादन या किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत इसकी सूचना नीचे दिए गए आधिकारिक मोबाईल नंबर पर दें।

लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, नकदी, मोबाइल और अन्य सामान की चोरी कर ली

फुलपरास (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के रामनगर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के जेवरात, नकदी, मोबाइल और अन्य सामान की चोरी कर ली। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है।मिली जानकारी के अनुसार, रामनगर वार्ड संख्या आठ निवासी रामअवतार यादव के घर का ताला तोड़कर चोरों ने बक्से में रखे 25 हजार रुपये नकद और करीब ढाई लाख रुपये मूल्य के जेवरात चोरी कर लिए। वहीं, उनके घर से कुछ दूरी पर स्थित योगेंद्र साह के घर में घुसकर चोरों ने बक्सा तोड़ दिया और उसमें रखे 50 हजार रुपये नकद, करीब पौने तीन लाख रुपये मूल्य के जेवरात तथा एक मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए।दोनों गृहस्वामियों ने घटना की सूचना फुलपरास थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने पुलिस दल को घटनास्थल पर भेजकर मामले की जांच करवाई।इस संबंध में थानाध्यक्ष विक्रम आचार्य ने बताया कि दोनों गृहस्वामियों से लिखित आवेदन मिलने के बाद थाने में मामला दर्ज किया जाएगा। चोरी की वारदात में शामिल चोरों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

नारायण भंडारी उर्फ फूले भंडारी का असामयिक निधन अत्यंत दु:खद व हृदयविदारक

लदनियां (एनएसबी)। बाबूबरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक मीना कुमारी कामत,सुरज कामत, विजय कुमार राम,हरी नारायण सहनी, हरी ओम सिंह, बासुदेव कुशवाहा, ने जनता दल (यूनाइटेड) मधुबनी के जिला अध्यक्ष एवं बेहद सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के धनी आदरणीय श्री नारायण भंडारी जी उर्फ फूले भंडारी जी के निधन का दु:खद समाचार प्राप्त होतें ही शोक-संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन की खबर से मन अत्यंत व्यथित एवं मर्माहत है। नेताओं ने कहा कि श्री नारायण भंडारी जी अपने सरल व्यक्तित्व, सौम्य व्यवहार और सभी के साथ आत्मीय संबंध रखने के लिए जाने जाते थे। उनका सहज स्वभाव और लोगों के प्रति अपनापन उन्हें एक अलग पहचान प्रदान करता था। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र को अपूरणीय क्षति पहुँची है।

5.25 लाख से अधिक पेंशनधारियों के खातों में 59.20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का किया अंतरण



जानकारी देते जिला अधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। मुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा आज पटना में आयोजित समारोह में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से पेंशन की राशि अंतरित की गई। इस अवसर पर राज्य के विभिन्न जिलों के पेंशनधारियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि का लाभ प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि मधुबनी जिले में कुल 5,25541 पेंशनधारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं से आच्छादित हैं। आज इन सभी पेंशनधारियों के बैंक खातों में कुल 59,20,88,300 रुपये की राशि का अंतरण किया गया। पेंशनधारियों की संख्या तथा अंतरित की गई कुल राशि के मामले में मधुबनी जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। यह उपलब्धि जिले में सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पात्र लाभुकों तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के अंतर्गत मधुबनी जिले के 2,78149 पेंशनधारियों के बैंक खातों में कुल 318248700 रुपये की राशि अंतरित की गई। यह राशि जिले के बड़ी संख्या में वृद्धजनों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक एवं सुरक्षित जीवन जीने में सहयोग प्रदान करेगी। इसी प्रकार इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत जिले के 1,55773 पेंशनधारियों के खातों में कुल 171598000 रुपये का अंतरण किया गया। इस योजना के माध्यम से पात्र वृद्धजनों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के 21285 लाभुकों के बैंक खातों में कुल 2,3913000रुपये की राशि अंतरित की गई। वहीं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 33356 लाभुकों के खातों में कुल 3,7103600 रुपये का अंतरण किया गया। इसी क्रम में बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के अंतर्गत जिले के 30505 लाभुकों के बैंक खातों में कुल 3,4082600 रुपये तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के अंतर्गत 6,473 पेंशनधारियों के खातों में कुल 7142400रुपये की राशि अंतरित की गई। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा वृद्धजनों, विधवाओं एवं दिव्यांगजनों सहित समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समारोह से जुड़े रहे। उन्होंने जिले के सभी सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों एवं लाभुकों को शुभकामनाएं दीं तथा उनके स्वस्थ, सुखी एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होने कहा कि राज्य सरकार द्वारा समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पात्र लाभुकों को समय पर लाभ उपलब्ध कराने तथा डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरण की प्रक्रिया को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिये। मधुबनी जिले में 5,25541 पेंशनधारियों को एक साथ 592088300 रुपये की राशि का अंतरण सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। जिले का पेंशनधारियों की संख्या एवं अंतरित राशि के मामले में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त करना सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

बच्चों को असहाय अवस्था में न छोड़ें, किसी जरूरतमंद बच्चे की जानकारी मिले तो तत्काल प्रशासन को दें सूचना: डीएम



मधुबनी (एनएसबी)। बच्चों का जीवन अनमोल है और उनकी सुरक्षा, संरक्षण एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी एवं कर्तव्य है। इसी मानवीय संवेदनशीलता एवं बाल संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा के त्वरित निर्देश पर मधुबनी जिले में झाड़ी में मिली एक नवजात बच्ची को सुरक्षित रेस्क्यू कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन की तत्परता से बच्ची को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी।

विदित हो कि 09 अक्टूबर 2026 को बिस्फी प्रखंड के औंसी थाना अंतर्गत जीरो माइल के समीप झाड़ी में लगभग 10 दिन की एक नवजात बच्ची पड़ी हुई मिली। बच्ची के मिलने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंचे एक चिकित्सक ने नवजात को अस्पताल में भर्ती कराकर उसका उपचार शुरू कराया। इसी बीच एक ग्रामीण द्वारा जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा को मोबाइल फोन पर नवजात बच्ची के झाड़ी में पड़े होने की सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही जिला पदाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला बाल संरक्षण इकाई को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उनके निर्देश पर जिला बाल संरक्षण इकाई ने त्वरित पहल करते हुए औंसी थाना के सहयोग से नवजात बच्ची को सुरक्षित रेस्क्यू कराया। इसके बाद बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारियों ने बच्ची को बाल कल्याण समिति, मधुबनी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सदर अस्पताल, मधुबनी के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया, जहां उसे आवश्यक चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इस प्रकार जिला पदाधिकारी की संवेदनशीलता, त्वरित निर्णय एवं संबंधित पदाधिकारियों की सक्रियता से संकटग्रस्त नवजात बच्ची को समय पर संरक्षण एवं चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकी। यह घटना दर्शाती है कि संवेदनशील प्रशासनिक पहल और आम नागरिकों की सजगता से किसी जरूरतमंद बच्चे की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा ने आम नागरिकों से अपील की है कि प्रत्येक बच्चे का जीवन अनमोल है। किसी भी नवजात या बच्चे को असहाय अवस्था में देखे जाने पर उसे नजरअंदाज न करें और न ही स्वयं कोई जोखिमपूर्ण कदम उठाएं। तत्काल स्थानीय पुलिस, जिला प्रशासन अथवा बाल संरक्षण इकाई को इसकी सूचना दें, ताकि बच्चे को शीघ्र सुरक्षित संरक्षण, चिकित्सा सुविधा एवं आवश्यक देखभाल उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश कोई परिवार नवजात बच्चे की परवरिश करने में असमर्थ है, तो बच्चे को असुरक्षित स्थिति में छोड़ने के बजाय निर्धारित कानूनी प्रक्रिया के तहत बाल कल्याण समिति एवं संबंधित बाल संरक्षण तंत्र से संपर्क करना चाहिए। इससे बच्चे के जीवन, स्वास्थ्य एवं भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है।

सड़क सुरक्षा पर जिलाधिकारी सख्त नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

- आम लोगों की सुरक्षा से समझौता नहीं, यातायात नियमों का उल्लंघन पड़ेगा महंगा : जिलाधिकारी
- स्कूली वाहनों से लेकर निजी एंबुलेंस तक पर प्रशासन की कड़ी नजर



बैठक करते जिलाधिकारी।

मधुबनी (एनएसबी)। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने, यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित, सुव्यवस्थित बनाने तथा आम लोगों को मोटर वाहन अधिनियम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी श्री आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, सार्वजनिक स्थलों पर मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, वाहनों के निर्धारित मार्गों पर परिचालन तथा स्वच्छता सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। समिति के सदस्यों से प्राप्त फीडबैक एवं सुझावों के आधार पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं आम नागरिकों की सुविधा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में सदस्यों ने रेलवे स्टेशन के निकट पुराने बस स्टैंड में मूलभूत जनसुविधाओं के अभाव तथा यत्र-तत्र कूड़ा-कचरा जमा रहने से उत्पन्न दुर्गंध और आम लोगों को होने वाली परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। इस पर जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी, सिविल सर्जन एवं नगर आयुक्त की संयुक्त टीम गठित कर स्थल का निरीक्षण करने तथा विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जांच में दोषी पाए जाने वाले संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध सार्वजनिक उपद्रव के मामले में नियमानुसार नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित हो सकें। जिलाधिकारी ने स्कूली वाहनों के परिचालन में निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वाले विद्यालयों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

बैठक में सदर अस्पताल के सामने अनधिकृत रूप से निजी एंबुलेंस खड़ी किए जाने से सड़क पर जाम लगने तथा मरीजों एवं आम लोगों को होने वाली परेशानी का मामला भी आया। जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं यातायात उपाधीक्षक को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 59 सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से मरीजों को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित बनाने के लिए पूरे शहर को आठ जोन में पूर्व मे ही विभाजित किया गया है। इसके तहत 1,586 वाहनों पर स्टिकर लगाकर उनके परिचालन के लिए मार्ग निर्धारित किए गए हैं। बैठक में सदस्यों ने बताया कि कुछ वाहन बिना नंबर अथवा बिना निर्धारित स्टिकर के भी परिचालित हो रहे हैं। इस पर जिलाधिकारी ने शहर में वाहनों की संख्या एवं परिचालन क्षमता का आकलन करने, वाहनों पर स्टिकर लगाने तथा रैंडमाइजेशन के माध्यम से निर्धारित रूट के अनुसार परिचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इससे अनावश्यक जाम पर नियंत्रण रखने और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में रहिका, कलुआही सहित अन्य क्षेत्रों में स्थानीय व्यक्तियों द्वारा टेंपो चालकों से कथित अवैध वसूली किए जाने का मामला आया । जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी एवं यातायात उपाधीक्षक को मामले की जांच कर प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में साक्ष्य संकलित कर प्रस्तुत किए जाएं, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की जा सके। शहर को स्वच्छ, सुंदर रखने के लिए जिलाधिकारी ने घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था नियमित रूप से जारी रखने तथा सार्वजनिक स्थलों पर कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया। नगर निगम के अधिकारियों को रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा शहर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान सड़कों पर संभावित भीड़ को देखते हुए विशेष यातायात प्लानि तैयार करने, वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने तथा आवश्यक स्थानों पर यातायात बल की तैनाती सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की आशंका वाले स्थलों को चिह्नित कर वहां आवश्यक साइनेज, स्पीड ब्रेकर एवं प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। जिलाधिकारी ने मोटर वाहन अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष टीम गठित कर सघन वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत जुमार्ना सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आम लोगों को जागरूक करने के लिए प्रमुख स्थलों पर होर्डिंग लगाने तथा नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सड़क सुरक्षा संबंधी संदेश प्रचारित करने की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को निम्नलिखित सावधानियां बरतनी चाहिए।

क्या करें

- दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें।
- निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा यातायात संकेतों और सड़क चिह्नों का सम्मान करें।
- वाहन चलाते समय पर्याप्त दूरी बनाए रखें और मोड़, चौराहे तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतें।
- वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और थकान अथवा नींद आने पर वाहन रोक दें।
- पैदल सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें तथा सड़क पार करने से पहले दोनों ओर देखकर सुनिश्चित करें कि रास्ता सुरक्षित है।
- दुर्घटना होने पर तत्काल पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दें और घायलों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में सहयोग करें।

क्या न करें

- तेज गति, गलत दिशा में वाहन चलाने अथवा खतरनाक ढंग से ओवरटेक करने से बचें।
- शराब या नशीले पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं।
- वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट एवं अन्य अनिवार्य सुरक्षा उपायों की अनदेखी न करें।
- वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थल के बजाय सड़क, अस्पताल के प्रवेश द्वार अथवा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले स्थान पर खड़ा न करें।
- वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें तथा यातायात नियमों का उल्लंघन न करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों का पालन, सतर्क वाहन परिचालन और नागरिकों का सहयोग ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

नवरात्र में कलश स्थापना केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि इसे आदि शक्ति व ब्रह्मांड की ऊर्जा का प्रतीक माना जाता

मधुबनी (एनएसबी)। स्टेशन चौक स्थित हनुमान प्रेम मंदिर के पुजारी पंडित पंकज झा शास्त्री ने बताया कि कलश को संपूर्ण ब्रह्मांड (ब्रह्मांड) का लघु रूप माना जाता है। इसके मूल में ब्रह्मा जी, कंठ में रुद्र (शिव) और मुख में श्री विष्णु जी का वास माना जाता है, तथा कलश के मध्य भाग में सभी मातृशक्तियां और देवी-देवता विराजमान होते हैं। मिट्टी का कलश हमारे नश्वर मानव शरीर का प्रतीक है। इसमें भरा हुआ शुद्ध जल जीवन, चेतना और आंतरिक पवित्रता दशार्ता है कलश में रखा हुआ जल शांति और स्थिरता का सूचक है, जो साधक के विचलित मन को शांत और एकाग्र रखता है।

कलश पर रखे आम या पंच पल्लव प्रकृति, हरियाली और पांच ज्ञानेंद्रियों के प्रतीक हैं, जबकि ऊपर रखा नारियल (श्रीफल) पूर्णता, शुभता और दिव्य चेतना (आत्मा) को दशार्ता है। कलश स्थापना के माध्यम से भक्त अपने घर में पवित्र ऊर्जा का आह्वान करते हैं और नौ दिनों तक मां दुर्गा की शक्ति से जुड़ने का संकल्प लेते हैं।

पंडित पंकज झा शास्त्री ने कहा कि भविष्य पुराण के अनुसार मिट्टी या तांबे का कलश सबसे उत्तम माना गया है। तांबा जल को शुद्ध करता है और आसपास की विद्युत-चुंबकीय ऊर्जा को अवशोषित करता है, जबकि मिट्टी का घड़ा पृथ्वी तत्व का प्रतिनिधित्व करता है और प्राकृतिक रूप से जल को ठंडा व शुद्ध रखता है। कलश के अंदर जल के साथ पंचरत्न, सुपारी, और अक्षत डाले जाते हैं, जो जल के स्तर और ऊर्जा संतुलन को बनाए रखने में मदद करते हैं। कलश के मुख पर रखे आम या अशोक के पत्ते पर्यावरण से कार्बन डाइऑक्साइड सोखकर ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे आसपास की हवा शुद्ध होती है। ऊपर रखा नारियल सकारात्मक ऊर्जा और अहंकार के त्याग का प्रतीक है। नवरात्र में कलश स्थापना के साथ जौ बोने की परंपरा है। प्राचीन समय में ऋषि-मुनि इसके माध्यम से मौसमी बदलाव के दौरान मिट्टी की उर्वरता और फसल की गुणवत्ता का प्राकृतिक परीक्षण करते थे। शास्त्र अनुकूल माना जाता है कि जिस दिन कलश स्थापना होता और जिस दिन विसर्जन होता है उस दिन के अनुसार मां दुर्गा का आगमन और गमन (प्रस्थान) वाहन निर्धारित होता है। मिथिला क्षेत्रीय पंचांग अनुसार इस बार मां दुर्गा का आगमन और गमन वाहन गज (हाथी) है जो अधिकतर क्षेत्रों में शुभता का संकेत देता है।कलश स्थापन हेतु शुभ मुहूर्त 11 अक्टूबर रविवार को सुबह 06 बजकर 14 मिनट से दिन के 10 बजकर 35 मिनट तक अतिउत्तम होगा। वैसे समय अभाव में इस दिन कभी भी कलश स्थापन कर सकते है कारण यह समय सिद्ध का होता है इसमें राहु काल भी कमजोर माना जाता है।

मिथिला क्षेत्रीय पंचांग के अनुसार

- **11 अक्टूबर रविवार :** प्रतिपदा तिथि रात्रि 08:48 तक इसके बाद द्वितीया तिथि आरम्भ
- **आज :** शारदीय नवरात्र आरम्भ, कलश स्थापन, श्री दुर्गा पूजनोत्सव, नवरात्रव्रतारम्भ, प्रथम मा शैलपुत्री पूजा।
- **12 अक्टूबर सोमवार :** द्वितीया तिथि रात्रि 09:27 तक इसके बाद तृतीया तिथि आरम्भ।
- **13 अक्टूबर मंगलवार :** तृतीया तिथि रात्रि 10:30 तक इसके बाद चौथ तिथि आरम्भ।
- **14 अक्टूबर बुधवार :** चौथ तिथि रात्रि 12:03 तक इसके बाद पंचमी तिथि आरम्भ।
- **15 अक्टूबर गुरुवार :** पंचमी तिथि रात्रि 01:53 तक इसके बाद षष्ठी तिथि आरम्भ।
- **16 अक्टूबर शुक्रवार :** षष्ठी तिथि रात्रि 03:58 तक इसके बाद सप्तमी तिथि आरम्भ।
- **17 अक्टूबर शनिवार :** सप्तमी तिथि रात्रि 06:05 तक इसके बाद अष्टमी तिथि आरम्भ।
- **18 अक्टूबर रविवार :** अष्टमी तिथि अहोरात्र ।
- **19 अक्टूबर सोमवार :** अष्टमी तिथि दिन के 08:04 तक इसके बाद नवमी तिथि आरम्भ
- **20 अक्टूबर मंगलवार :** नवमी तिथि दिन के 09:46 तक इसके बाद दशमी तिथि आरम्भ।
- **21 अक्टूबर बुधवार :** दशमी तिथि दिन के 11:02 तक इसके बाद एकादशी तिथि आरम्भ।

एसयूसीआई (सी) सहित पार्टी के युवा एवं छात्र संगठन ने नगर में जुलूस निकाला, फूंका सीईसी का पुतला

सीईसी ज्ञानेश कुमार की बर्खास्तगी की मांग

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने की मांग को लेकर एसयूसीआई (कम्युनिस्ट युवा संगठन एआईडीवाईओ और छात्र संगठन एआईडीएसओ) ने शनिवार को नगर में जुलूस निकाला एवं ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया। जुलूस की शुरूआत मोतीझील से हुई जो छोटी कल्याणी, सरैयागंज टावर, जवाहरलाल रोड, कंपनी बाग, सदर हॉस्पिटल रोड, समाहरणालय होते हुए कंपनी बाग स्थिति प्रधान डाकघर चौक पर पहुंची, जहां मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया गया।

जुलूस में शामिल लोग लोकतांत्रिक मानदंडों और नियमों को धत्ता बताते हुए एसआईआर के माध्यम से मतदाता सूची से 13 करोड़ लोगों का नाम काटने वाले मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त करने, काटे गए 13 करोड़ लोगों के नाम अविलंब मतदाता सूची में शामिल करने, एस आई आर की सभी प्रक्रिया पर तुरंत रोक लगाने की मांग की। पुतला दहन के उपरांत उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए एस यू सी आई (कम्युनिस्ट) के बिहार राज्य कमिटी सदस्य अर्जुन कुमार ने कहा कि



सीईसी के पुतले के साथ नगर में जुलुस निकालकर प्रदर्शन करते एसयूसीआई के सदस्य गण।

"23 सितंबर 2026 को 'इंडियन एक्सप्रेस' द्वारा सीईसी के बारे में किये गए खुलासों से आम जनता और खासकर लोकतंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों के बीच चुनाव आयोग की ईमानदारी और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इससे यह बात बेशक साफ हो गई है कि तीन में से दो चुनाव आयुक्तों ने एसआईआर के अलग-अलग पहलुओं पर आपत्तियां दर्ज कराई थी। लेकिन मौजूदा कानून का उल्लंघन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के पक्ष में और अलग-अलग राज्यों में उसकी चुनावी जीत पक्की करने के इरादे से सभी नियमों का उलंघन कर एक तरफा फैसले लिए। यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों पर फासीवादी हमला है।

उन्होंने कहा कि आज देश में विरोध करने के अधिकार पर भी हमला हो रहा है। पूरे देश को जेल में तब्दील किया जा रहा है। दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। पटना में पटना कॉलेज से जुलूस निकालने के दरमियान एआईडीएसओ के राज्य अध्यक्ष विजय कुमार एवं राज्य सचिव पवन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। उन्होंने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों को अविलम्ब रिहा करने की मांग की।

सभा को मुजफ्फरपुर नगर जिला सचिव अमन कुमार झा,काशीनाथ साहनी, लाल बाबू राय, माधव भगत, एआईडीवाईओ के अखिल भारतीय कमिटी सदस्य अरविंद कुमार, एआईडीएसओ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार, कुमोद राम, संजीत मांझी, शत्रुघ्न महतो, रंजीत कुमार, विपिन शाही, मो कलाम, कंचन कुमारी, इंदू देवी, रूपा कुमारी, दीपमाला आदि ने संबोधित किया।

मुजफ्फरपुर के 4.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के जरिये भेजे गए 55.58 करोड़ रुपये

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले के 4,74,585 लाभार्थियों के बैंक खातों में सितंबर माह की पेंशन राशि के रूप में 55 करोड़ 58 लाख 26 हजार 900 रुपये अंतरित किए गए। शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम के दौरान यह राशि लाभार्थियों के खातों में भेजी गई। पेंशन राशि बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह किए जाने से वृद्धजनों, विधवाओं, दिव्यांगजनों और जरूरतमंदों में खुशी का माहौल है।

जिले में मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 2,36,043 लाभार्थियों के खातों में 28 करोड़ 98 लाख 72 हजार 900 रुपये भेजे गए। वहीं, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 1,47,554 लाभार्थियों को 16 करोड़ 26 लाख 70 हजार 100 रुपये मिले। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 32,811 लाभार्थियों को 3 करोड़ 68 लाख 86 हजार 900 रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 2,760 लाभार्थियों को 30 लाख 40 हजार 400 रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 30,395 लाभार्थियों को 3 करोड़ 49 लाख 6 हजार 800 रुपये तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 25,022 लाभार्थियों को 2 करोड़ 84 लाख 49 हजार 800 रुपये का भुगतान किया गया। जिलाधिकारी कुमार गौरव ने सभी पेंशनधारियों को बधाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ और मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि जीवन प्रमाणीकरण से वास्तविक और पात्र लाभार्थियों तक पेंशन का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित होता है। डीएम ने शेष पेंशनधारियों से अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) पर जाकर जल्द से जल्द जीवन प्रमाणीकरण कराने की अपील की, ताकि पेंशन का भुगतान नियमित रूप से जारी रह सके।

संक्षिप्त खबरें

रचनाकार साहित्यश्री सम्मान के लिए डॉ संजय पंकज को मिला आमंत्रण

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। पश्चिम बंगाल की बड़ी साहित्य-संस्कृति संस्था रचनाकार भारत फांउडेशन के राष्ट्रीय अधिवेशन में चर्चित कवि-गीतकार डॉ संजय पंकज को साहित्य-संस्कृति के क्षेत्र में निरंतर श्रेष्ठ लेखन और उत्कृष्ट कार्य के लिए रचनाकार साहित्यश्री पुरस्कार से 20 दिसंबर को कोलकाता में सम्मानित किया जाएगा। फाउंडेशन के संस्थापक सभापति सुप्रसिद्ध साहित्यकार सुरेश चौधरी ने डॉ संजय पंकज को इस सम्मान के लिए आमंत्रण पत्र भेजा है। ज्ञात हो कि डॉ संजय पंकज छंदसिद्ध कवि-गीतकार हैं। इन्होंने विभिन्न छंदों में पूरे कौशल से सौंदर्य-विभूषित काव्य रचनाएं की हैं। स्वतंत्र पत्रकारिता तथा गद्य-लेखन में भी इन्होंने खूब यश अर्जित किया है। इनके गीत संग्रह मंजर मंजर आग लगी है, यहां तो सब बनजारे, शब्दों के फूल खिले, बजे शून्य में अनहद बाजा, साहित्य के व्यापक फलक पर चर्चित हुए हैं। मां है शब्दातीत, शब्द नहीं मां चेतना- दोहा छंद में लिखी गई ऐसी अनमोल कृति है जिसे प्रसिद्ध रामकथा वाचक मोरारी बापू, रमेश भाई ओझा जैसे संत विद्वान अपने प्रवचनों में उद्धृत करते रहते हैं। संजय पंकज की गद्य-कृतियों में समय बोलता है, मौसम लेता अंगड़ाई, बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह चर्चित पुस्तकें हैं। संपादित पुस्तकों में जानकीवल्लभ शास्त्री संचयिता के पांच भाग, कलपतरु और अविराम महत्वपूर्ण हैं। कई पत्र-पत्रिकाओं के संपादन से जुड़े डॉ संजय पंकज दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा मंचों कै प्रभावशाली साहित्यकार और वक्ता के रूप में न केवल अपनी अलग छाप छोडी है, बल्कि लोकप्रियता भी हासिल किया हैं। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल की बड़ी साहित्य-संस्कृति संस्था रचनाकार भारत फांउडेशन द्वारा रचनाकार साहित्यश्री सम्मान पुरस्कार गीतों के प्रति निष्ठा और सृजन के लिए समर्पित कवि-गीतकार को दिया जाता है। इस वर्ष फाउंडेशन द्वारा यह पुरस्कार डॉ संजय पंकज को दिए जाने का निर्णय लिया गया है।



डॉ संजय पंकज।

ईस्टर्न कमांड के अंतर्गत मुजफ्फरपुर पॉलीक्लिनिक को सर्वश्रेष्ठ की श्रेणी में स्थान दिलाने का किया जा रहा निरंतर प्रयास : ग्रुप कै. बसंत कुमार

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक, मुजफ्फरपुर में पूर्व सैनिकों के साथ एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में दवा वितरण में विलंब, लाभार्थियों की बढ़ती संख्या तथा निकटवर्ती पॉलीक्लिनिकों के ईसीएचएस लाभार्थियों की मुजफ्फरपुर पॉलीक्लिनिक पर निर्भरता के कारण उत्पन्न अत्यधिक भीड़ सहित विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान ऑफिसर इंचार्ज ग्रुप कैप्टन बसंत कुमार ने अवगत कराया कि मुजफ्फरपुर पॉलीक्लिनिक को टाइप-उ से टाइप-इ श्रेणी में उन्नत करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में एकमात्र फार्मासिस्ट की उपलब्धता के कारण दवा वितरण में होने वाली असुविधा को दूर करने के लिए एक अतिरिक्त फार्मासिस्ट एवं एक नर्सिंग सहायक की नियुक्ति के लिए मांग की गई है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय शेड का सौंदर्यीकरण कराया गया है तथा पॉलीक्लिनिक परिसर में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, परिसर में कैफेटेरिया स्थापित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। ग्रुप कैप्टन बसंत कुमार ने यह भी जानकारी दी कि ईस्टर्न कमांड के अंतर्गत मुजफ्फरपुर पॉलीक्लिनिक को सर्वश्रेष्ठ पॉलीक्लिनिक की श्रेणी में स्थान दिलाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में मनोज कुमार सिंह, बीरेंद्र कुमार, अवधेश चौधरी, राम नरेश ठाकुर, एस.एन. मिश्रा, धीरेंद्र कुमार सिंह, बिशेश्वर सिंह, परीक्षण चौधरी, शंभू बैठा, चंदन मिश्रा, श्रीमती लक्ष्मीना, संजय कुमार, अरुण सिंह एवं डी.के. सिंह सहित अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।



समन्वय बैठक में शामिल पूर्व सैनिक गण।

करजा में ताड़ के पेड़ पर अटका मिला युवक का शव

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के करजा थाना क्षेत्र के मकदुमपुर कोदरिया में ताड़ के पेड़ पर चढ़े एक व्यक्ति की मौत हो गई। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। इस दौरान उसका शव ताड़ के पेड़ पर अटका हुआ मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान मकदुमपुर कोदरिया वार्ड संख्या-6 निवासी स्वर्गीय नथुनी चौहान के पुत्र महेश चौहान (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, महेश चौहान ताड़ी उतारने के लिए ताड़ के पेड़ पर चढ़े थे। काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान पेड़ पर उनका शव दिखाई दिया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना करजा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि पेड़ पर ताड़ी उतारने के दौरान हृदय गति रुकने से उनकी मौत हुई होगी। हालांकि, मौत के वास्तविक कारण की चिकित्सकीय पुष्टि नहीं हुई है। करजा थानाध्यक्ष राम एकबाल प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी की। परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया, जिसके बाद पंचनामा तैयार कर शव उन्हें सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक का माहौल है। वहीं, गांव के लोग इस घटना से स्तब्ध हैं।

महिला एचआर मैनेजर की संदिग्ध मौत में आया नया मोड़

कॉल रिकॉर्डिंग से ब्लैकमेलिंग के आरोपों का हुआ खुलासा

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

गोबरसही चौक के पास होटल के कमरे में फंदे से लटकता मिला था युवती का शव

मुजफ्फरपुर। गोबरसही चौक स्थित होटल रैमसो में अहमदाबाद में कार्यरत रियल एस्टेट कंपनी की महिला एचआर मैनेजर निगम कुमारी की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के पति मदन कुमार ने मामले के अनुसंधानकर्ता दरोगा राजीव कुमार को एक कॉल रिकॉर्डिंग भेजी है। बताया जा रहा है कि यह रिकॉर्डिंग निगम की मौत से ठीक पहले अहमदाबाद में एक सहकर्मी के साथ हुई बातचीत की है।

रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद पुलिस मामले के विभिन्न पहलुओं की गहन जांच शुरू कर दी है। इस मामले में बेगूसराय जिले के तेघड़ा थाना क्षेत्र के अमजदपुर पिढ़ौली गांव के पूर्व मुखिया प्रभात कुमार की कथित संलिप्तता सामने आई है। वह घटना के बाद से फरार बताया जा रहा है। हालांकि, मामले में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि होना अभी बाकी है। कॉल रिकॉर्डिंग में निगम कुमारी ने कथित तौर पर अपनी बबार्दी के लिए पूर्व मुखिया प्रभात कुमार को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप है कि पति से तलाक लेने की इच्छा का फायदा उठाकर प्रभात ने उसे अपने जाल में फंसाया। निगम के विरोध के बावजूद तांत्रिक की मदद से नशीला पदार्थ पिलाकर उसे वश में करने और जबरन शादी करने की बात भी सामने आई है। इसके अलावा, उस पर शारीरिक शोषण और गर्भवती होने के बाद जबरन गर्भपात कराने के आरोप लगाए गए हैं।

रिकॉर्डिंग में कथित तौर पर निगम ने बताया कि प्रभात कुमार पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से निगम कुमारी को ब्लैकमेल कर रहा था। आरोप है कि उसने कई ब्लैंक चेक और हस्ताक्षर किए हुए कागजात भी अपने पास रख लिए थे। विरोध करने या उसके चंगुल से निकलने की कोशिश करने पर निगम के बेटे की हत्या करने की धमकी दी जाती थी। बताया गया है कि इस परिस्थिति से निकलने के लिए वह अहमदाबाद में एक वकील की तलाश कर रही थी। निगम कुमारी ने कथित बातचीत में अपने पति मदन कुमार पर भी मारपीट और मानसिक प्रताड़ना के आरोप लगाए थे।



मृतका एचआर मैनेजर निगम कुमारी की फाइल फोटो एवं होटल से मिली उसके शव की तस्वीर।

वह अपने बच्चों के साथ पति से कानूनी रूप से अलग होना चाहती थी। आरोप है कि पूर्व मुखिया उस पर तलाक नहीं लेने और पति के साथ रहने का दबाव बना रहा था। घटना के बाद होटल पहुंचकर पूर्व मुखिया ने खुद को मृतका का भैसुर बताया था। होटल में निगम का शव फंदे से लटका मिला था। अब पुलिस पति की ओर से उपलब्ध कराई गई कॉल रिकॉर्डिंग और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच कर रही है। जांच के दौरान रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता, उसमें लगाए गए आरोपों और महिला की मौत के वास्तविक कारणों की पड़ताल की जाएगी। फरार पूर्व मुखिया की गिरफ्तारी के बाद मामले में और तथ्य सामने आने की संभावना है।

21 किलो गांजा के साथ गायघाट क्षेत्र का तस्कर गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले की गायघाट थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए 21 किलो गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, बरामद गांजे की कीमत 5 लाख रुपये से अधिक की होने का अनुमान है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बेनीबाद थाना क्षेत्र निवासी महेश राय के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गायघाट थानाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता को गुप्त सूचना मिली थी कि इलाके में नशीले पदार्थों की बड़ी खेप लाई जा रही है। सूचना मिलने के बाद उन्होंने वरीय अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की तैयारी की। मिली पूर्व सूचना के आधार पर पुलिस ने गायघाट थाना क्षेत्र में सकरबारा नूर से भरतनगर जाने वाली सड़क पर घेराबंदी की। इसी दौरान वहां से गुजर रही महेश राय की बाइक को रोककर तलाशी ली गई। बाइक पर रखे सामान की जांच के दौरान पुलिस को 21 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बाइक पर लदे गांजा को जब्त कर लिया।



गांजा के साथ गिरफ्तार तस्कर।

गिरफ्तार महेश राय से पुलिस पूछताछ कर रही है। जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि गांजे की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था। पुलिस यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इस तस्करी के पीछे कौन सा बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है। इस मामले में एसडीपीओ ईस्ट-1 अजय वत्स ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गायघाट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बेनीबाद थाना क्षेत्र के निवासी महेश राय को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 21 किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

महाराष्ट्र की कंपनी से धोखाधड़ी मामले में आरोपित का भाई गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। महाराष्ट्र की एक कंपनी से 2 करोड़ 68 लाख रुपये से अधिक की कथित धोखाधड़ी के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने मुजफ्फरपुर के मिठनपुरा थाना क्षेत्र स्थित क्लब रोड की मदनानी गली में छापेमारी कर नितेश कुमार को गिरफ्तार किया है। वह पूर्वी चंपारण जिले के नरहा पानापुर गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, नितेश मुख्य आरोपित नितिन कुमार का भाई है।

महाराष्ट्र के उस्मानपुरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार नितेश कुमार को मुजफ्फरपुर स्थित सीजेएम न्यायालय में पेश किया। इसके बाद उसे महाराष्ट्र ले जाने के लिए 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मांगी गई। अदालत ने 60 घंटे की ट्रांजिट रिमांड मंजूर की, जिसके आधार पर पुलिस उसे महाराष्ट्र ले गई। मामले में आरएन इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रिकल प्राइवेट लिमिटेड के मालिक सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने 10 सितंबर को उस्मानपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी के अनुसार, कंपनी में वर्ष 2023 से 23 जून 2026 तक एचआर पद पर कार्यरत नितिन कुमार पर पद का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करने का आरोप है। आरोप है कि उसने फर्जी ईमेल रिक्विजिशन फॉर्म, ओटीपी और कार्यालय प्रमुख एमएम ओझा के जाली हस्ताक्षर के जरिए कंपनी के खाते से 2 करोड़ 68 लाख 88 हजार 683 रुपये अपने 21 सगे-संबंधियों और दोस्तों के अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। कंपनी को धोखाधड़ी का पता चलने के बाद मुख्य आरोपित नितिन कुमार के एचआर सर्वर का डाटा डिलीट कर फरार होने की बात सामने आई। जांच के दौरान महाराष्ट्र पुलिस को पता चला कि कथित रूप से गबन की गई राशि में से 23 लाख 83 हजार 165 रुपये नितेश कुमार के बैंक खाते में आए थे।

मुशहरी में 20 भूमिहीन परिवारों को घर हटाने का नोटिस, खेत मजदूर किसान सभा ने जताया विरोध

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुशहरी प्रखंड के दिघरा रामपुर साह गांव में बिहार सरकार की जमीन पर बसे 20 भूमिहीन परिवारों को घर हटाने का नोटिस दिए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा ने इसे गरीबों के खिलाफ कार्रवाई बताते हुए जिला प्रशासन से सभी प्रभावित परिवारों को पहले जमीन उपलब्ध कराने या जिस जमीन पर वे वर्षों से बसे हैं, उसका वासगीत पर्चा देने की मांग की है।



बैठक करते खेमकिस के सदस्य गण।

शनिवार को प्रहलादपुर स्थित अंबेडकर भवन में अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष परमानंद पाठक की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में वक्ताओं ने कहा कि एक तरफ सरकार भूमिहीन परिवारों को पांच डिसमिल जमीन देने या बसे हुए स्थान का वासगीत पर्चा उपलब्ध कराने की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ घर हटाने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। संगठन का आरोप है कि नोटिस में घर नहीं हटाने पर बुलडोजर से तोड़ने की चेतावनी दी गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि 11 अक्टूबर को संगठन का एक प्रतिनिधि मंडल मुजफ्फरपुर के जिलाधिकारी से मिलकर मामले में हस्तक्षेप करने की मांग करेगा। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने पर मुशहरी अंचलाधिकारी के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करने की चेतावनी दी गई। संगठन ने मांग की कि प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करने के बाद ही उन्हें हटाने की कार्रवाई की जाए अथवा संबंधित जमीन का वासगीत पर्चा दिया जाए। बैठक में भाकपा माले के जिला सचिव एवं मुखिया उदय चौधरी सहित नोटिस प्राप्त करने वाले लोगों में हरि पासवान, सुलिंदर पासवान, गंगा पंडित, अशोक पंडित, उमेश पंडित, पप्पू महतो, धर्मेंद्र पंडित, सुरेश ठाकुर, सुनील ठाकुर समेत अन्य लोग शामिल है।

सामाजिक न्याय, आरक्षण एवं जनहित के विभिन्न मुद्दों पर मंथन

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। जिले के लड़ौरा में तजामुल हुसैन जी के आवास पर संपूर्ण क्रांति मोर्चा की कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक मोर्चा के संरक्षक सुखदेव ओझा के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने, आम जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा भविष्य की रणनीति तैयार करने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज में व्याप्त समस्याओं का समाधान संवाद, जागरूकता, संगठनात्मक एकता और लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से किया जाना चाहिए। बैठक में यूजीसी से संबंधित प्रावधानों को वापस लेने (रोलबैक) की मांग, सामान्य शर्तों की समीक्षा, गरीबों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा तथा आरक्षण में वर्गीकरण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त एससी/एसटी कानून में संशोधन तथा समान नागरिक व्यवस्था लागू करने जैसे विषय भी बैठक के प्रमुख एजेंडों में शामिल रहे। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि इन सभी विषयों पर व्यापक चर्चा और संवैधानिक प्रक्रियाओं के तहत विचार किया जाना चाहिए, ताकि समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं एवं अपेक्षाओं को उचित मंच मिल सके।



सामाजिक न्याय और आरक्षण के मुद्दे पर मंथन करते मोर्चा के सदस्य गण।

बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि सामाजिक न्याय, समान अवसर और जनहित से संबंधित नीतिगत विषयों पर गंभीर संवाद आवश्यक है। संगठन इन मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की दिशा में काम करेगा।

बैठक के दौरान दूध एवं छोटे बच्चों के आहार पर लगाए जाने वाले करों तथा कफन पर टैक्स जैसे जनभावनाओं से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि आम जनता की रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़ी वस्तुओं की कीमतों का सीधा प्रभाव गरीब, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है। बैठक में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, महंगाई और आम परिवारों पर आर्थिक बोझ जैसे विषयों को जनहित के दृष्टिकोण से उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

संपूर्ण क्रांति मोर्चा कोर कमेटी की बैठक

बैठक में मोर्चा की आगामी गतिविधियों, संगठन के विस्तार तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को एक मंच पर लाने की जरूरत बताई। बैठक में इस बात पर सहमति व्यक्त की गई कि सामाजिक एवं जनहित से जुड़े मुद्दों को व्यापक स्तर पर उठाया जाएगा। इसके लिए लोगों के बीच संवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को समझने तथा आवश्यकतानुसार लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष मांग रखने की दिशा में पहल की जाएगी। मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि संगठन समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं को सामने लाने तथा जनहित के विषयों पर सकारात्मक पहल करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

वक्ताओं ने कहा कि समाज की समस्याओं के समाधान के लिए सभी वर्गों के लोगों के बीच संवाद और सहयोग का वातावरण तैयार करना आवश्यक है। मौके पर संपूर्ण क्रांति मोर्चा के संरक्षक सुखदेव ओझा, संयोजक विकास कृष्ण उर्फ कवि जी, मो उमैर शेख, मकबूल पैठान, मोर्चा के प्रवक्ता अनय राज, आईटी सेल अध्यक्ष अमित कुमार, केशव कुमार मिंटू, अमित विक्रम, अमोद कुमार ठाकुर, डॉ हरि किशोर सिंह, विकास कुमार, तजामुल हुसैन, मो आले, मोहम्मद नौशाद, तबरेज आलम सहित कई गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और मोर्चा से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

सीबीएसई ईस्ट जोनल स्केटिंग चैंपियनशिप में आराध्या श्री ने स्वर्ण पदक जीतकर मुजफ्फरपुर का बढ़ाया मान

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। मुजफ्फरपुर की होनहार स्केटर आराध्या श्री ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सीबीएसई ईस्ट जोनल स्केटिंग चैंपियनशिप में अंडर-9 आयु वर्ग की 500 मीटर क्वाड स्केटिंग रेस में गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे खेल जगत में खुशी की लहर है। आराध्या श्री मुजफ्फरपुर स्थित रोलर पैंथर स्केटिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस शानदार सफलता के पीछे नियमित अभ्यास, अनुशासन, मेहनत और प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। आराध्या श्री की यह सफलता मुजफ्फरपुर के उभरते हुए स्केटिंग खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी उपलब्धि ने एक बार फिर साबित किया है कि सही प्रशिक्षण, निरंतर मेहनत और दृढ़ संकल्प से सफलता हासिल की जा सकती है।



तस्वीर मे सबसे आगे बैठी गोल्ड मैडल विजेता आराध्या श्री।

मुजफ्फरपुर में 60 से अधिक योजनाओं की समीक्षा, 1451 ग्रामीण सड़कों की होगी जांच

मुजफ्फरपुर(एनएसबी)। जिलाधिकारी कुमार गौरव की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय में प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप की बैठक हुई। इसमें जिले में चल रही 60 से अधिक केंद्रीय एवं राज्य संपोषित विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों और कार्यकारी एजेंसियों को योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया।

बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के तहत अनुरक्षणाधीन 1451 ग्रामीण सड़कों की जांच 15 अक्टूबर के बाद जिला स्तरीय टीम से कराने का निर्णय लिया गया। डीएम ने बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा। लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित संवेदकों के खिलाफ प्राथमिकी और ब्लैकलिस्टिंग सहित कार्रवाई की जाएगी। मुजफ्फरपुर-सुगौली रेल दोहरीकरण परियोजना में कांटी, महवल और मोतीपुर स्टेशन से संबंधित भू-अर्जन मामलों का जल्द निष्पादन कर रैयतों को मुआवजा देने का निर्देश दिया गया। माड़ीपुर-सकरी सड़क, मिठनपुरा-इमली चौक सड़क, आरसीसी नालों और अखाड़ाघाट पुल निर्माण में भी तेजी लाने को कहा गया। डीएम ने अधिकारियों को नियमित स्थल निरीक्षण, आपसी समन्वय और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनहित की योजनाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

माता वैष्णो देवी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण

सीतामढ़ी (एनएसबी)। सिद्ध पीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर, सीतामढ़ी धाम में शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर मंदिर के सदस्यों, मां के भक्तों एवं स्वर्गीय ई. गोपाल कृष्ण गुप्त के परिजनों ने माता श्री की पूजा कर समस्त भक्तों के सुख, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद माता रानी को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। तत्पश्चात लगभग 400 जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी भोग का वितरण किया गया। यह सेवा कार्य मां वैष्णो देवी सेवा मंडल के सचिव श्री अमित कुमार रवि ने अपने स्वर्गीय पिता ई. गोपाल कृष्ण गुप्त (आर्किटेक्ट) की पुण्यतिथि के अवसर पर किया। इस पहल के माध्यम से उन्होंने अपने पिता की स्मृति को सेवा और मानवता के कार्यों से जोड़ते हुए जरूरतमंदों की सहायता की। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने माता रानी से सभी के कल्याण की कामना की। जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण के इस कार्य को सामाजिक सेवा एवं मानवीय संवेदना की सराहनीय पहल के रूप में देखा गया।


खिचड़ी भोग का वितरण करते श्रद्धालु।

व्हाट्सऐप साइबर ठगी के मामले में चैम्बर ऑफ कामर्स ने की पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। स्थानीय व्यवसायियों के मोबाइल फोन और व्हाट्सऐप अकाउंट को निशाना बनाकर साइबर धोखाधड़ी की बढ़ती शिकायतों पर उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद ने चिंता जताई है। परिषद के अनुसार, अपराधी फोन को नियंत्रित या हैंग कर व्हाट्सऐप के जरिए परिचितों और व्यावसायिक संपर्कों से ह्यूली'स्त्र टीह्व संदेश भेजकर धनराशि मांग रहे हैं, जिससे आर्थिक नुकसान और असुरक्षा बढ़ रही है। परिषद ने वरीय पुलिस अधीक्षक से त्वरित कार्रवाई, दोषियों की पहचान और साइबर सेल को सक्रिय करने की मांग की है। साथ ही, ठगी की सूचना मिलते ही बैंक खातों व डिजिटल भुगतान माध्यमों पर कार्रवाई कर राशि रोकने और जागरूकता अभियान चलाने का आग्रह किया है। परिषद अध्यक्ष श्याम सुंदर भीमसेरिया ने संदिग्ध संदेशों या धनराशि की मांग पर सत्यापन के बिना कार्रवाई न करने और ठगी होने पर तुरंत पुलिस व साइबर हेल्पलाइन को सूचना देने की अपील की।

उप विकास आयुक्त ने वृद्ध, विधवाओं एवं दिव्यांग जनों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान का दिया संदेश

3.42 लाख लाभुकों को भेजे गए 38.28 करोड़

मुख्यमंत्री के द्वारा सामाजिक सुरक्षा के पेंशनधारियों को दी गई पेंशन की सौगात

सीतामढ़ी (एनएसबी)। बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा के पेंशनधारियों की पेंशन को 400 से बढ़कर 1100 रुपए करने की घोषणा की गई थी। इसके साथ ही सरकार द्वारा पेंशनधारियों को जानकारी दी गई थी कि हर माह 10 तारीख को पेंशनधारी विगत माह का पेंशन 1100 प्रति माह की दर से प्राप्त कर सकेंगे। इस कड़ी में 10 अक्टूबर 2026 को माह सितंबर की पेंशन की राशि पेंशनधारियों के खाते में अंतरित की गई। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। सीधे प्रसारण के माध्यम से पूरे राज्य भर से बड़ी संख्या में पेंशनधारी इस अवसर के साक्षी बने।

सीतामढ़ी जिला में मुख्य कार्यक्रम समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में आयोजित किया गया। जिलास्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त, श्वेता भारती के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित पेंशनधारियों को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त द्वारा मुख्यमंत्री, बिहार के वृद्धजनों विधवाओं एवं दिव्यांगजनों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान की आकांक्षा के प्रति जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। उनके द्वारा वृद्ध, विधवाओं एवं निशक्त जिला वासियों के अधिकारों के संरक्षण तथा उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने का आश्वासन भी दिया गया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृद्धजन, विधवाओं एवं दिव्यांग जनों की आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज आश्वस्त किया कि प्रशासन इन वर्गों के अधिकारों के संरक्षण और कल्याण हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

इस कार्यक्रम में सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा लाल कृष्ण राय द्वारा जानकारी दी गई कि लिए कुल सहित कुल 3,41901 पेंशनधारियों के लिए कुल 38 करोड़ 28 लाख 23 हजार 600 1100 रुपए की राशि पेंशनधारियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई है।



समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्वेता भारती व उपस्थित अन्य।



माह सितंबर की पेंशन की राशि पेंशनधारियों के खाते में अंतरित किये जाने के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण में मुख्यमंत्री।

मुजफ्फरपुर के सत्यनारायण प्रसाद ने रचा इतिहास, एशियन मास्टर्स तैराकी में जीता कांस्य पदक

मुजफ्फरपुर (एनएसबी)। बेंगलुरु में आयोजित दूसरी एशियन मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर के सत्यनारायण प्रसाद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। उन्होंने 200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर मुजफ्फरपुर को तैराकी में एशियाई स्तर पर गौरवान्वित किया। विभिन्न एशियाई देशों के दिग्गज तैराकों के बीच हासिल की गई इस उपलब्धि से जिले के तैराकी खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है।

उल्लेखनीय है कि सत्यनारायण प्रसाद जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष होने के साथ-साथ स्विमफिट स्विमिंग अकादमी के संस्थापक भी हैं। वे जिले में तैराकी खेल को बढ़ावा देने और नई प्रतिभाओं को तराशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रतियोगिता में उनकी इस उपलब्धि को जिले में तैराकी के विकास की दिशा में एक बड़ी सफलता के रूप में देखा जा रहा है।

सत्यनारायण प्रसाद की इस उपलब्धि पर जिला खेल पदाधिकारी राजेंद्र कुमार, बिहार तैराकी संघ के सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी, जिला तैराकी संघ के सचिव कुंदन राज, स्विमफिट के आभास कुमार सहित खेल जगत से जुड़े अन्य गणमान्य लोगों ने बधाई दी है। सभी ने उनके प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।



200 मीटर फ्री स्टाइल स्पर्धा में हासिल की उपलब्धि, जिले के खेल जगत में खुशी की लहर

महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर सक्रिय हुई पुलिस दीदी की टीम, नियमित गश्ती के निर्देश

विद्यालयों, महाविद्यालयों और कोचिंग संस्थानों के आसपास रहेगी विशेष निगरानी

सीतामढ़ी (एनएसबी)। महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और महिला सुरक्षा से संबंधित पुलिस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शनिवार, 10 अक्टूबर 2026 को पुलिस दीदी की टीम की ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में टीम को सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

महिलाओं एवं छात्राओं के बीच सुरक्षा की भावना को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया गया

बैठक में विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, छात्रावासों तथा छात्राओं की आवाजाही वाले प्रमुख स्थलों पर नियमित गश्ती करने और सतत निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही, महिलाओं एवं छात्राओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा संबंधी समस्याओं की जानकारी लेने तथा उनकी शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया गया।

पुलिस दीदी की टीम को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने टीम के सदस्यों से अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन पूरी तत्परता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ करने को कहा।

बैठक में महिलाओं एवं छात्राओं के बीच सुरक्षा की भावना को और मजबूत बनाने तथा महिला सुरक्षा से जुड़ी पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।


बैठक में शामिल पुलिस उपाधीक्षक एवं पुलिस दीदी टीम की सदस्यायें।

स्नातक-शिक्षक निर्वाचन : अभ्यर्थियों को दी गई चुनावी नियमों की जानकारी

नवसंदेश ब्यूरो

मुजफ्फरपुर। बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन - 2026 को लेकर शनिवार को प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निवार्ची पदाधिकारी सह तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह ने आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन करने और निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में मतदान, चुनाव प्रचार, वाहनों के उपयोग, विधि-व्यवस्था, मीडिया निगरानी, मतगणना और अभिकताओं की नियुक्ति से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई।

अभ्यर्थियों को बताया गया कि जनसभा, रैली और जुलूस के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति लेना अनिवार्य है। घर-घर चुनाव प्रचार में सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर अधिकतम पांच लोगों को जाने की अनुमति होगी। आयुक्त ने बताया कि 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा, जबकि 27 अक्टूबर को मुजफ्फरपुर स्थित एमआईटी के प्रशासनिक भवन में मतगणना होगी। चार जिलों के मतपेटियों के लिए भी यहीं स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और पारदर्शी बनाने के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 तथा प्रमंडलीय शिकायत केंद्र का नंबर 0621-2213962 जारी किया गया है।


उम्मीदवारों और प्रतिनिधियों को निर्वाचन संबंधी जानकारी देते प्रमंडलिय आयुक्त।

नगर परिषद के पुराने भवन में अच्छे तथा उंचे प्लैटफार्म पर स्थापित हो गांधी मूर्ति : सर्व सेवा संघ

सीतामढी (दैनिक नवसंदेश)। नगर के गांधी चौक अवस्थित गांधी मूर्ति को चौक पर हीं नगर परिषद के पुराने भवन में अच्छे तथा उंचे प्लैटफार्म पर स्थापित करने की मांग गांधीजनों ने समाहर्ता से की है।

इस संबंध में सर्व सेवा संघ (अखिल भारत सर्वोदय मंडल) के प्रबंधक ट्रस्टी महादेव विद्रोही तथा राष्ट्रीय महामंत्री डा.आनन्द किशोर ने समाहर्ता सीतामढी को मेल भेजकर बताया है कि 26-27सितम्बर को अखिल भारत सर्वोदय मंडल के राष्ट्रीय कार्यसमिति की सीतामढी में आयोजित बैठक के दरमियान देश के विभिन्न प्रदेशों से आये गांधीजनों ने बापू मूर्ति स्थल का अवलोकन किया तथा बापू मूर्ति के लिए सम्मान जनक तथा आमजन के लिए भी सुविधा जनक स्थल कीआवश्यकता बताई।

इसी क्रम में मूर्ति स्थल के बगल में हीं नगरपरिषद का पुराना भवन (जो प्रस्तावित पार्किंग स्थल) है उसमे सडक के बगल से 200वर्ग फीट स्थल चिन्हित कर मूर्ति स्थापित कराने की मांग सर्व सेवा संघ ने की है।उक्त परिसर में बापू जयन्ती, पुण्य तिथि तथा अन्य अवसरों पर लोग श्रद्धांजलिअर्पित करने के साथ प्रार्थना सभा भी कर सकेंगे। अभी व्यस्ततम चौक पर बापू मूर्ति एक छेटे से जाली में घिरा हुआ है। उसपर दिन-रात धूल पडता रहता है तथा चौक पर हेवी ट्रैफिक के कारण कभी जाली टूटता है तथा वहां खडा होना भी मुश्किल होता है।

सीतामढी में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर तथा कपूर्री ठाकुर जी की मूर्ति को सम्मानजनक स्थल पर स्थापित किया गया है जहां लोग सुविधाजनक ढंग से श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।बापू के लिए भी आमजन तथा गांधीजनों की मांग है कि गांधी चौक अवस्थित नगर परिषद परिसर का एक हिस्सा बापू मूर्ति स्थापना के लिए आबंटित कर राष्ट्रपिता का सम्मान होना चाहिए। समाहर्ता से आग्रह किया गया है कि स्वंय स्थल नीरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करें।

लोकगीतों की प्रस्तुति से जीवंत हुई मिथिला की लोकसंस्कृति

सीतामढ़ी (एनएसबी)। भारत की पारंपरिक लोकसंस्कृति, लोकगीतों और सांस्कृतिक चेतना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय प्रेस क्लब के सभागार में प्री लोकमंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद की बिहार इकाई की सीतामढ़ी शाखा के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में शहर की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। माता सीता की पावन प्राकट्य भूमि पर लोकसंस्कृति पर आधारित इस कार्यक्रम के आयोजन से महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा मधुकर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन जिला संगठन मंत्री वाल्मीकि कुमार प्रखर ने किया। संगठन की प्रदेश सचिव सह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मीनाक्षी मीनल के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान चर्चित समाजसेवी नीरा गुप्ता, शीला गुप्ता, मंजुलता, अर्चना राज और सुमित्रा देवी को उनके सामाजिक योगदान के लिए संगठन की ओर से अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर ह्यसीता पुत्री सम्मानह्ल से सम्मानित किया गया। वहीं, कवि रामकिशोर सिंह चकवा को साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए ह्यसाहित्य श्री सम्मानह्ल प्रदान किया गया।

महिलाओं ने पारंपरिक चुमावन, सामा-चकेबा, मिट्टी कोराई और झिझिया समेत विभिन्न लोकगीतों की प्रस्तुति से मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की मनोहारी झलक पेश की। इन प्रस्तुतियों ने न केवल लोगों का मनोरंजन किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी लोकपरंपराओं और सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का संदेश भी दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुरलीधर झा मधुकर ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक लोकसंस्कृति को नया जीवन देने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सांस्कृतिक चेतना की जागृति से ही भारत की प्राचीन परंपराओं को जीवंत रखा जा सकता है। कार्यक्रम में संगठन के संरक्षक बच्चा प्रसाद विह्वल, साहित्यकार आचार्य रामानंद मंडल, कवि राजेंद्र सहनी, रामबाबू सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पांच महिलाओं को मिला सीता पुत्री सम्मान

प्री लोकमंथन कार्यक्रम में चुमावन, सामा-चकेबा और झिझिया के गीतों ने मोहा मन



कार्यक्रम में सीता पुत्री सम्मान से सम्मानित महिलाएं।

सम्पादकीय

प्राकृतिक खेती को मिलेगा नया विस्तार

बिहार में अब प्राकृतिक खेती की रफ्तार तेज होने जा रही है। किसानों को इसके लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने एक प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया है। इस कैलेंडर के तहत हर महीने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उर्वरकों और रसायनों के अंधाधुंध प्रयोग से कैंसर जैसी घातक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के जरूरत से ज्यादा प्रयोग के कारण हमारे खान-पान से लेकर पूरा पर्यावरण दूषित हो रहा है। प्राकृतिक खेती समय की मांग है। आने वाले दिनों में इसकी और अधिक चर्चा होगी। लोगों को यह पता चलेगा कि प्राकृतिक खेती क्यों जरूरी है। हमारे किसान अपने आस-पास उपलब्ध संसाधनों से आसानी से प्राकृतिक खेती कर सकते हैं। इसमें चुनौती यह है कि उत्पादन कुछ कम हो सकता है, लेकिन इसकी बाजार में मांग अधिक है, जिससे किसानों को कम लागत में फसलों का अच्छा मूल्य मिल सकता है। इसके लिए मार्केटिंग की बेहतर व्यवस्था की जाएगी।

जब किसी चीज का समय आ जाता है तो उसे रोका नहीं जा सकता। उसी तरह प्राकृतिक खेती का समय आ गया है। अब वह समय आ गया है कि हम सब इस ओर ध्यान दें, ताकि हम अपना और आने वाली पीढ़ी का स्वास्थ्य ठीक रख सकें। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को इस विषय में जागरूक किया जाए। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्यालय के अलावा जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। इससे अधिकारियों और किसानों के बीच जागरूकता बढ़ेगी। जब जागरूकता आएगी, तभी प्राकृतिक खेती मिशन के रूप में चल रहे इस अभियान का समेकित प्रभाव समाज पर दिखाई देगा। प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है और उसकी जल धारण क्षमता बढ़ती है। इससे सिंचाई की आवश्यकता कम होती है और जल का बेहतर उपयोग संभव होता है। साथ ही फसलों की गुणवत्ता, स्वाद, पोषण मूल्य और भंडारण क्षमता में भी सुधार होता है।

रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के उपयोग में कमी से जल, वायु और जैव विविधता के संरक्षण में मदद मिलती है। मिट्टी में लाभकारी जीवों की संख्या बढ़ने से भूमि की प्राकृतिक उर्वरता और उत्पादकता मजबूत होती है। इससे खेती की लागत कम करने के साथ किसानों को बेहतर लाभ की संभावना बढ़ती है और उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य उत्पादन को बढ़ावा मिलता है।

दूसरी तरफ, राज्य में मिलेट्स यानी मोटे अनाज के प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए नई मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने पर सरकार की ओर से वित्तीय सहायता दी जाएगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन के तहत मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए सामान्य वर्ग के किसानों को परियोजना लागत का 40 प्रतिशत अथवा अधिकतम 4. 32 लाख रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 5.40 लाख रुपये, जो कम हो, अनुदान मिलेगा। योजना के तहत नई मिलेट्स प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। एफपीओ, उद्यमी, व्यक्तिगत आवेदक और अन्य पंजीकृत संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। इकाई में प्रसंस्करण मशीनरी की खरीद के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी। इकाई की क्षमता 100 से 200 किलोग्राम प्रति घंटा निर्धारित की गई है। राज्य में मिलेट्स की खेती और इसके प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए सरकार किसानों और उद्यमियों को आवश्यक सहयोग दे रही है। मिलेट्स प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। अधिक से अधिक पात्र लाभुक इस योजना का लाभ लेकर मिलेट्स आधारित उद्यम स्थापित करें।

योजना का लाभ लेने के लिए एफपीओ का कम से कम दो वर्षों से पंजीकृत एवं संचालित होना जरूरी है। व्यक्तिगत आवेदक की उम्र 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। परियोजना लागत का न्यूनतम 15 प्रतिशत स्वयं का अंशदान उपलब्ध कराना होगा। साथ ही बैंक ऋण प्राप्त करना अनिवार्य होगा। योजना के तहत भूमि खरीद, बिजली कनेक्शन, मानव संसाधन तथा अन्य संचालन संबंधी खर्च पर अनुदान नहीं दिया जाएगा। प्रसंस्करण इकाई के लिए परिसर का कम से कम तीन वर्षों तक संचालन एवं रखरखाव सुनिश्चित करना होगा। अनुदान की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभुक के बैंक खाते में भेजी जाएगी। मशीनरी की खरीद ओएफएमएएस पोर्टल पर सूचीबद्ध विक्रेता से करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर), बैंक ऋण स्वीकृति अथवा सहमति पत्र, आधार एवं बैंक विवरण तथा संस्थागत आवेदकों के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र देना होगा।

फिल्म : आस्था और बाजार



डा. संजीव कुमार

सामाजिक एवं राजनीतिक विशेषज्ञ

फिल्म हनुमान अंश की कमाई की चर्चा पुरे देश में हो रही है। इस फिल्म ने यह बताने का प्रयास किया है कि बिना किसी बड़े कलाकार, बिना किसी बड़े बजट के भी अच्छी कमाई की जा सकती है बस आपको सही वक्त पर अपने स्क्रिप्ट को समाज में रखने का हुनर आना चाहिए। और इस वक्त भारत का समय इसके लिए सबसे अनुकूल है। विशाल चतुर्वेदी के निर्माण और निर्देशन में बनी हनुमान अंश उनकी पहली फिल्म है। इस फिल्म ने अपने लागत 2 करोड़ से 200 गुना ज्यादा अब तक कमाई कर ली है और अभी भी इसका बाजार पर असर है।

अभी हाल ही में एक और बड़ी धार्मिक फिल्म बनी हैं द वन । पंचायत वेब सीरीज में निर्देशन का काम कर चुके दीपक कुमार मिश्रा के निर्देशन में यह भी उनकी पहली फिल्म हैं । फिल्म की कथा आनंदेश्वर द्विवेदी ने लिखी है। इस फिल्म को मैं और मेरी नौ साल की बेटी दोनों साथ में देख रहे थे । उसे यह फिल्म बिल्कुल पसंद नहीं आई । जबकि इस फिल्म में एंटरटेनमेंट की ठीक ठाक व्यवस्था की गई है। फिल्म की कहानी बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज के सबसे बड़े त्यौहार के रूप में मनाये जाने वाले पर्व छठ माता की कहानी पर आधारित है।

पर अभी तक इस फिल्म को जनता का वह प्यार नहीं मिला है जो हनुमान अंश को मिल रहा है। लेकिन मेरा मानना है की छठ आते-आते यह फिल्म बिहार में बहुत बड़ी कमाई करेगी। कहानी उत्तर प्रदेश और बिहार की आबादी पर केंद्रित हैं एवं छठ के बाजार को ध्यान में रखते हुए इसे पूरी तरह भूनाने का प्रयास किया गया है। मेरा मानना है कि निर्देशक ने पूरी योजना के तहत इस फिल्म का निर्माण किया होगा, उसे लगा होगा कि छठ तथा दिवाली पर्व के बीच वह सिनेमा जगत में बड़ी कमाई कर पाएगा । फिल्म दोनों राज्यों की भावनाओं से अच्छी तरह खेल सकता है पर अभी तक उनकी मंसा कामयाब दिख नहीं रही है। फिल्म का बजट लगभग 50 करोड़ के आसपास है और अभी तक यह फिल्म अपना बजट भी नहीं निकल पाई है। फिल्में अभिनेता और अभिनेत्री के अलावा बाकी सभी कलाकार वेब सीरीज तथा टीवी चैनलों से लिये गए हैं।

इस फिल्म के निर्माण में निर्देशक ने दो गलतियां की है। एक तो उन्होंने ऐसे कलाकार चुने जिनका बिहार तथा छठ से कोई लेना-देना नहीं है। दूसरा उसने कहानी में सीधे बिहार दिखाने का प्रयास न करके बहुत बड़ी गलती की । उसे लगा शायद ऐसा करके वह इस फिल्म को वर्ल्ड वाइड बन पाएगा । पर इन दोनों चीजों में वह चूक गए। निर्देशक को चाहिए था कि फिल्म के लिए किसी भोजपुरी के बड़े कलाकार को लेते या फिर हनुमान अंश की तरह किसी नए कलाकार को और इसे पूरी तरह से बिहार की पृष्ठभूमि पर फिल्माते तों शायद ज्यादा मुनाफा प्राप्त होता।

धार्मिक फिल्मों में भारत के इतिहास में संतोषी माता फिल्म को आज भी कमाई के लिहाज से मिल का पत्थर माना जाता है। 1975 में बनी इस फिल्म ने अपनी लागत से लगभग 20 गुना ज्यादा का मुनाफा कमाया था। इसके निर्देशक विजय शर्मा की यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म को कमाई के लिए नहीं बल्कि समाज में एक नई देवी की स्थापना के लिए जाना जाता है, क्योंकि इस फिल्म ने संतोषी माता के नाम का एक नया अवतार महिलाओं के लिए तैयार किया था। जिसने आस्था के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए थे।

बिहार में छठी मैया के अवतार को भी इसी के समतुल्य खड़ा किया जा रहा है। आज बिहार का सबसे बड़ा पर्व है छठ। इस पर्व के आगे होली, दिवाली, दशहरा जैसे सभी श्रद्धा के पर्व बौने हो चुके हैं। यह सब रातों रात नहीं हुआ हैं। यह सब भोजपुरी फिल्म नायको, गीतकारों, कलाकारों की बेरोजगारी के कारण हुआ है। 90 दशक के बाद जब भोजपुरी फिल्मों का अकाल हो गया तब भोजपुरी के कलाकारों के लिए कोई बड़ा काम सामने नहीं आ रहा था। तब इन्होंने होली के गीतों की भरमार पेश की। पर इससे उनका साल भर का कार्य नहीं पूरा हो पा रहा था । इसलिए उन्होंने छठ त्यौहार को अपने बाजार के रूप में देखा। शारदा सिन्हा और मालिनी अवस्थी के गीत इसके लिए मिल के पत्थर साबित हुए। संगीत को लोग श्रद्धा से जुड़कर देखते हैं । लेकिन यह सब कलाकार के अभ्यास तथा गीत के बोल पर निर्भर करता है कि वह कितना प्रभावशाली होगा।

बिहार में दशकों से अनेकों समस्याएं हैं, अशिक्षा, पलायन, बेगारी, जातिवाद और हर साल आने वाला बाढ़। फिल्म समाज में जन क्रांति पैदा करने का काम करती है । कम से कम उन्हें इस बाजार से दूर रहना चाहिए । फिर भी यदि उन्हें बिहार का छठ महापर्व दिखाई दे रहा है तो बेहतर होगा कि वे उनकी और भी समस्याओं को मुखरता से देश और दुनिया तक पहुंचाने का काम करें। प्रकाश झा ने कभी अपहरण, गंगाजल जैसी बिहार की पृष्ठभूमि पर फिल्म बनाकर उसकी अपराधिक छवि को दुनिया के सामने रखा जिसकी वजह से वहां सत्ता में परिवर्तन नजर आए। बिहार ने अपने सभी कलाकारों को देश और दुनिया तक पहुंचाने का काम किया है। गलियों और नुक्कड़ों में नाचने गाने वाले छोटे-मोटे कलाकारों को बिहार की जनता ने राजा बना दिया। पर इन लोगों की आंखों में आज भी शर्म नहीं है।

धार्मिक गीतों को जितना सुंदर मोहम्मद रफी ने गाया उतना आज भी किसी ने नहीं गाया हैं। आपको याद है आपने इधर सूफी गाने कब सुने थे - भर दे झोली, या फिर निर्गुण गीत , कभी भारतीय फिल्मों के शान होते थे। पर अब ऐसे गीतों की फिल्म इंडस्ट्रीज में कोई जगह नहीं है।

याद कीजिए 80 के दशक में जब रामानंद सागर के रामायण प्रस्तुत होते थे तब उसका टाइटल गीत (मुखड़ा) रामचरितमानस हम सबके हृदय में बसता था । पर उसी समय एक और भी जादुई धारावाहिक प्रसारित होता था अलिफ लैला जिसका टाइटल गीत लोगों की जुबान पर रहता था, ईशा मसीह का धारावाहिक भी इसी दौर में प्रसारित होता था । इसका टाइटल गीत भी बहुत सुंदर था, क्या अब यह सब संभव है।

आज फिल्म की गलियारों में किसी निर्माता निर्देशक की हिम्मत नहीं कि वह सिस्टम के खिलाफ कोई बड़ी फिल्म बना सके। क्योंकि वह यह जानते हैं कि अगर उन्होंने ऐसा प्रयास किया तो उनकी फिल्मों को 2 साल के लिए इस तरह सेंसर के नाम पर लटकाया जाएगा कि उसका दिवालिया निकल जाएगा। सतलुज इसका ज्वलंत उदाहरण हैं । इसलिए सभी निर्माता निर्देशक सामाजिक बदलाव और सामाजिक समस्याओं को दर किनार कर लगातार धार्मिक, प्रोपगंडा, इतिहास, ग्लैमर, हिंसा, तथा अश्लील स्क्रिप्ट से काम चला रहे हैं। इसके बाद भी कुछ नहीं समझ में आता तो पुरानी फिल्मों का रिमेक एवं पार्ट वन, टू, थ्री का खेल खेलते हैं।

कभी फिल्म को समाज का आईना कहा जाता था, पर आज समाज और आईना दोनों एक दूसरे से विपरीत खड़ा है। समाज में भुखमरी, दंगा, अपराध, मॉब लिंच, धार्मिक उन्माद, बेरोजगारी चरम पर हैं पर यह हमारे फिल्मकारों का विषय नहीं हैं। रजनीकांत, अमिताभ बच्चन, मिथुन, सनी देयोल, अजय देवगन जैसे सुपरस्टार नायकों को महानायक बनने के पीछे कभी यही मुद्दे हुआ करते थे। अब यही नायक ऐसे फिल्म करने से डरते हैं। अब यह लोग सीधा-सीधा हंसाने का काम करने लगे हैं। मतलब साफ है पहले फिल्में समाज को बागी बनाती थी, व्यवस्था से सवाल करना सिखाती थी । अब यह सिर्फ मनोरंजन का कार्य करने के लायक ही बचे हैं। जिसे देहाती भाषा में भाड़ कहा जाता है। अब यह लोग यही कर रहे हैं।

आज बिहार के छठ पर्व पर हर तरह के बाजार की नजर हैं। राजनीतिक बाजार, आर्थिक बाजार, सामाजिक बाजार, धार्मिक बाजार, गीत -संगीत बाजार, और फिल्म बाजार। सभी को इस पर्व के बहाने अपना अपना उल्लू सीधा करना है। किसी भी आस्था को समाज तक पहुंचाना बुरा नहीं है पर जब वह आस्था बाजार में बदल जाए और उस बाजार से आप अपना हित साधने लगे तो वह आस्था आस्था नहीं रह पाता।

बिहार में दशकों से अनेकों समस्याएं हैं, अशिक्षा, पलायन, बेगारी, जातिवाद और हर साल आने वाला बाढ़। फिल्म समाज में जन क्रांति पैदा करने का काम करती है । कम से कम उन्हें इस बाजार से दूर रहना चाहिए । फिर भी यदि उन्हें बिहार का छठ महापर्व दिखाई दे रहा है तो बेहतर होगा कि वे उनकी और भी समस्याओं को मुखरता से देश और दुनिया तक पहुंचाने का काम करें।

प्रकाश झा ने कभी अपहरण, गंगाजल जैसी बिहार की पृष्ठभूमि पर फिल्म बनाकर उसकी अपराधिक छवि को दुनिया के सामने रखा जिसकी वजह से वहां सत्ता में परिवर्तन नजर आए। बिहार ने अपने सभी कलाकारों को देश और दुनिया तक पहुंचाने का काम किया है। गलियों और नुक्कड़ों में नाचने गाने वाले छोटे-मोटे कलाकारों को बिहार की जनता ने राजा बना दिया । पर इन लोगों की आंखों में आज भी शर्म नहीं है। ऐसे ही लोगों ने विहार को बिहार बना दिया है। बेहतर होगा कि वर्तमान निर्माता निर्देशक उनकों बाजार समझना बंद करें और बिहार की दूसरी समस्याओं पर फिल्म बनाये ताकि बिहार के लोगों के जीवन में कुछ परिवर्तन आ सके।

(लेखक वरिष्ठ स्तम्भकार हैं।)

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

आरा की अधिष्ठात्री देवी है मां आरण्य देवी



कृष्ण कुमार।

आरण्य देवी मंदिर में एक साथ विराजती मां सरस्वती और महालक्ष्मी

आरा की ऐतिहासिक मां आरण्य देवी का मंदिर द्वापरकालीन है। द्वापर युग में यहां पांडवों ने देवी का दर्शन किया था। इस मंदिर में सालोंभर श्रद्धालु-भक्तों की भीड़ उमड़ी रहती है। चैत्र तथा शारदीय नवरात्र में यहां तिल रखने की जगह नहीं होती है।

इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां पशु बलि नहीं दी जाती है। बल्कि मां को नारियल चढ़ाया जाता है।

आरण्य देवी मंदिर में स्थापित बड़ी प्रतिमा को जहां सरस्वती का रूप माना जाता है, वहीं छोटी प्रतिमा को महालक्ष्मी का प्रतीक माना जाता है।

इस मंदिर में वर्ष 1953 में श्रीराम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न व हनुमान जी के अलावे अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा स्थापित की गयी थी।

बताया जाता है कि उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी। इस मंदिर के चारों ओर घनघोर वन था। पांडव वनवास के क्रम में आरा में ठहरे थे। पांडवों ने आदिशक्ति की पूजा-अर्चना की। मां ने युधिष्ठिर को स्वप्न में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करें। धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की। कहा जाता है कि भगवान राम जी, लक्ष्मण जी और विश्वामित्र जी जब बक्सर से जनकपुर धनुष यज्ञ के लिए जा रहे थे, तब उन्होंने आरण्य देवी की पूजा-अर्चना की थी। तदोपरांत सोनभद्र नदी को पार किये थे।

दैनिक नवसंदेश / धर्म-अध्यात्म



आरण्य देवी मंदिर में एक साथ विराजती मां सरस्वती और महालक्ष्मी।

आरा शहर के नामकरण की प्रचलित हैं तीन कहानियां

आरा एक अति प्राचीन शहर है। आरा शहर के नामकरण की प्रचलित कथा कहानियों के अनुसार इसके ऐतिहासिक होने के प्रमाण भी मिलते रहते है, महाभारतकालीन अवशेष यहां के बिखरे पड़े हैं। पुराणों में लिखित मोरध्वज की कथा से भी इस नगर का संबंध बताया जाता है । द्वापर युग में राजा मोरध्वज के समय चारों ओर वन था। घने जंगल से घिरा होने के कारण ये आरण्य क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता था। महाभारत काल में पांडवों ने भी अपना गुप्त वासकाल यहां बिताया था, बताया जाता है कि घने जंगल के बीच उक्त स्थल पर प्राचीन काल में सिर्फ आदिशक्ति की प्रतिमा थी।

पांडवों ने की थी आदिशक्ति की पूजा-अर्चना

ऐसी किदवंती है की मां ने युधिष्ठिर को स्वप में संकेत दिया कि वह आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित करें। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने मां आरण्य देवी की प्रतिमा स्थापित की थी। इसके बाद आरण्य क्षेत्र आरण्य देवी के क्षेत्र से बहुत प्रसिद्ध होता गया। दूसरी कहानी जेनरल कनिंघम के अनुसार हुएनसांग द्वारा उल्लिखित कहानी का संबंध, जिसमें अशोक ने दानवों के बौद्ध होने के संस्मरणस्वरूप एक बौद्ध स्तूप खड़ा किया था, इसी स्थान से है। आरा के पश्चिम स्थित मसाढ़ ग्राम में प्राप्त जैन अभिलेखों में उल्लिखित आराम नगर नाम भी इसी नगर के लिए आया है। तीसरी कहानी के अनुसार बुकानन ने इस नगर के नामकरण में भौगोलिक कारण बताते हुए कहा कि गंगा के दक्षिण उंचे स्थान पर स्थित होने के कारण, अर्थात आड या अरार में होने के कारण, इसका नाम आरा पड़ा।

155 फीट से ऊंचा बन रहा है माता का मंदिर

मां आरण्य देवी के भव्य मंदिर का जीर्णोद्धार हो रहा है। मंदिर का नवनिर्माण कार्य मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है। माता के नये मंदिर के जीर्णोद्धार में करीब आठ से दस करोड रुपये लगेंगे। माता का नया मंदिर 155 फीट से ऊंचा बनेगा। जो अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। पांच मंजिलें नये मंदिर के प्रथम फ्लोर पर माता आरण्य देवी एवं भैरो बाबा की मूर्ति रहेगी।

दूसरे फ्लोर पर अन्य देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित होगी।

तीसरे फ्लोर पर शादी-विवाह एवं पूजा होगें।

मंदिर में पांचवी मंजिल तक आने-जाने के लिए सीढी के अलावे लिफ्ट की भी व्यवस्था होगी।

फिलहाल माता के मंदिर के पांचो फ्लोर की ढलाई हो चुकी है । दशहरा पूजा बाद ग्राउंड फ्लोर एवं प्रथम तल पर मार्बल लगाने का काम शुरू होगा।

कोलकाता के फूल-श्रृंगार कारीगरों द्वारा किया जाएगा सजावट

मां आरण्य देवी के मंदिर में इस बार शारदीय नवरात्र के अवसर पर कोलकाता के फूल-श्रृंगार कारीगरों द्वारा आकर्षक सजावट किया जाएगा। कोलकाता से कारीगरों की एक टीम आरा पहुंच गई है। षष्ठी तिथि की रात्रि माता के मंदिर में भव्य श्रृंगार व सजावट होगा। सप्तमी के दिन आकर्षक सजावट और श्रृंगार के साथ मां आरण्य देवी के दर्शन होगें। मां आरण्य देवी का पहनाया जाने वाला माला आठ-दस किस्म के खुशबदार फूलों से निर्मित होगा। इसके अलावे माता के मंदिर को छोटे-छोटे रंगीन बल्बों से सजाया जाएगा। सप्तमी के दिन मंदिर में भक्त दर्शन के लिए भैरो बाबा की गली से प्रवेश करेंगे। दर्शन के उपरांत भक्तों को मुख्य द्वार से निकाला जाएगा।

मंदिरों से जुड़ी आस्था और प्राचीन कथाएँ, इस नवरात्रि सोनी पल लेकर आ रहा है माँ दुर्गा के नौ रूपों की महिमा 'महोत्सव आदि शक्ति का' में

लोकप्रिय अभिनेत्री श्रुति आनंद करेंगी कार्यक्रम की मेजबानी, 10 एपिसोड्स की यह विशेष सीरीज 11 अक्टूबर को शाम 7 : 30 बजे सोनी पल पर शुरू होगी

मुंबई, (दैनिक नवसंदेश)। इस नवरात्रि, सोनी पल अपने खास कार्यक्रम 'महोत्सव आदि शक्ति का' के माध्यम से दर्शकों को माँ दुर्गा के नौ रूपों की कथाओं, उनकी महिमा और उनसे जुड़े मंदिरों की यात्रा पर ले जाने के लिए तैयार है।

10 एपिसोड्स की यह विशेष सीरीज 11 अक्टूबर को शाम 7 : 30 बजे शुरू होगी। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों में स्थित उन पवित्र मंदिरों की कहानियाँ बताई जाएँगी, जो माँ दुर्गा के नौ रूपों से जुड़ी हैं।

हर एपिसोड में देवी के एक अलग रूप और उससे जुड़े एक नए स्थान की कहानी देखने को मिलेगी। पौराणिक कथाओं, इतिहास, परंपराओं और यात्रा को जोड़ने पर केन्द्रित यह कार्यक्रम हर रूप के महत्व के साथ उन मंदिरों की खासियत भी बताएगा, जहाँ उनकी पूजा की जाती है। ये कहानियाँ और परंपराएँ पीढ़ियों से हमारी संस्कृति का हिस्सा रही हैं।

लोकप्रिय अभिनेत्री श्रुति आनंद इस कार्यक्रम की मेजबानी करेंगी। वे दर्शकों को आस्था और खोज के इस सफर पर ले जाएँगी, जहाँ वे माँ दुर्गा के नौ रूपों से जुड़ी कथाओं और मंदिरों के महत्व को करीब से जान सकेंगे। कार्यक्रम में इन मंदिरों तक पहुँचने की व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी, ताकि जो दर्शक दर्शन के लिए वहाँ जाना चाहें, वे हवाई, रेल या सड़क मार्ग से अपनी यात्रा की योजना बना सकें।

सोनी पल के प्रवक्ता ने कहा, सोनी पल में हमारा प्रयास ऐसा कन्टेंट तैयार करना है, जो हमारे दर्शकों से गहराई से जुड़ सके। 'महोत्सव आदि शक्ति का' भारत के सबसे खास पर्वों में से एक नवरात्रि के अवसर पर आस्था, संस्कृति, यात्रा और कहानी कहने की परंपरा को साथ लाने का सार्थक माध्यम है।



श्रुति आनंद, 'महोत्सव आदि शक्ति का' की होस्ट।

श्रुति आनंद, 'महोत्सव आदि शक्ति का' की होस्ट ने कहा, महोत्सव आदि शक्ति का शो आस्था, संस्कृति और यात्रा का एक खूबसूरत संगम है। इस विशेष सीरीज के माध्यम से हम माँ दुर्गा के नौ रूपों को जानेंगे और देशभर के मंदिरों से जुड़ी कथाओं और उनके महत्व को दर्शकों तक पहुँचाएँगे। यह सफर मेरे लिए बहुत ही विशेष रहा है, क्योंकि मैं सिर्फ कार्यक्रम की मेजबानी नहीं कर रही, बल्कि दर्शकों के साथ मिलकर इन कहानियों को बारीकी से जान भी रही हूँ। मुझे उम्मीद है कि परिवार इस कार्यक्रम को साथ बैठकर देखेंगे, हमारी संस्कृति के बारे में कुछ नया जानेंगे और शायद इन अद्भुत मंदिरों के दर्शन करने के लिए भी प्रेरित होंगे।

'महोत्सव आदि शक्ति का' के माध्यम से सोनी पल दर्शकों को आस्था, कथाओं और यात्रा से जोड़ते हुए माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों और उनसे जुड़ी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को करीब से जानने का मौका देगा।

देखिए 'महोत्सव आदि शक्ति का' 11 अक्टूबर से शाम 7 : 30 बजे, सिर्फ सोनी पल पर।

एनजीओ स्माइल ट्रेन और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) ने झारखंड में निःशुल्क कटे होंठ और तालू की सर्जरी के लिए की साझेदारी

राँची ,(दैनिक नवसंदेश)। भारत में कटे होंठ और तालू के इलाज के लिए काम करने वाली सबसे बड़ी संस्था, एनजीओ स्माइल ट्रेन इंडिया ने झारखंड में बच्चों को निःशुल्क सर्जरी और इलाज की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (सीएमपीडीआईएल) के साथ साझेदारी की है। सीएम पीडी आईएल, भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अंतर्गत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। अपनी कार्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) पहल के तहत सीएमपीडीआईएल 'हेल्दी स्माइल्स, हेल्दियर टुमरो' परियोजना को सहयोग देगा। इस पहल का उद्देश्य झारखंड में कटे होंठ और तालू के साथ जन्म लेने वाले बच्चों को समय पर बेहतर और पूरी तरह निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराना है।



सीएसआर परियोजना 'हेल्दी स्माइल्स, हेल्दियर टुमरो' के तहत 200 बच्चों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी और राज्य के सभी 24 जिलों में कटे होंठ और तालू के इलाज के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

इस परियोजना के तहत झारखंड के 200 बच्चों के कटे होंठ और तालू की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी। साथ ही, परिवारों को इस समस्या और इसके निःशुल्क इलाज के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके लिए राज्य के पाँच जिलों राँची, रामगढ़, धनबाद, हजारीबाग और लातेहार के साप्ताहिक हाट-बाजारों में अडियो संदेशों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले परिवारों तक भी निःशुल्क इलाज की जानकारी पहुँच सके और जरूरतमंद बच्चों को इलाज से जोड़ा जा सके। इसके अलावा, झारखंड के सभी 24 जिलों के जिला अस्पतालों में स्माइल ट्रेन और सीएमपीडीआईएल के संयुक्त जागरूकता बैनर लगाए जाएंगे। इनका उद्देश्य कटे होंठ और तालू की समय पर पहचान और उपलब्ध इलाज के बारे में लोगों को जानकारी देना है।

इस साझेदारी पर स्माइल ट्रेन इंडिया की हेड ऑफ कम्युनिकेशंस एंड बिजनेस डेवलपमेंट, अंजलि कटोच ने कहा, हम सीएमपीडीआईएल के आभारी हैं कि उन्होंने झारखंड के बच्चों और परिवारों तक बेहतर और निःशुल्क इलाज पहुँचाने के लिए हमारे साथ हाथ मिलाया है। कटे होंठ और तालू का इलाज संभव है, लेकिन जानकारी की कमी और इलाज तक पहुँच न होने के कारण आज भी कई बच्चे, खासकर ग्रामीण और दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले बच्चे, समय पर इलाज नहीं करवा पाते।

टाटा एआईए का नया वेलनेस प्रोग्राम 'वाइटैलिटी'

आपके जीवन में पाँच साल तक जोड़ने का उद्देश्य, वैज्ञानिक रिसर्च पर आधारित टाटा एआईए लाइफ की इस नई पेशकश में जीवन सुरक्षा के साथ रोज की स्वस्थ आदतों पर मिलेंगे रिवार्ड्स

पटना (दैनिक नवसंदेश)। क्या हो अगर रोजमर्रा की छोटी-छोटी आदतें आपकी उम्र में कुछ साल और जोड़ दें। जैसे वह वॉक जिसे आप बस छोड़ने ही वाले थे, नींद का एक अतिरिक्त घंटा, या वह हेल्थ चेक-अप जिसे आप टालते जा रहे थे। टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस की नए सिरे से लॉन्च की गई वाइटैलिटी पेशकश के केंद्र में जो वेलनेस इंजन है, उसी का नाम टाटा एआईए वाइटैलिटी है और यह इसी सोच पर आधारित है।

इस लॉन्च पर बात करते हुए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस के चीफ बिजनेस अफिसर प्रोप्रायटरी बिजनेस, प्रपोजिशन्स एंड मार्केटिंग, सुजीत कोठारे ने कहा-हमारा मानना है कि इंश्योरेंस का भविष्य सुरक्षा के साथ-साथ रोकथाम से भी जुड़ा है। टाटा एआईए वाइटैलिटी हेल्थ पारंपरिक हेल्थ कवरेज से कहीं आगे बढ़कर काम करता है। यह एक वैज्ञानिक वेलनेस प्रोग्राम के जरिए प्रोग्रेस और सकारात्मक आदतों को रिवॉर्ड देकर स्वस्थ व्यवहार को प्रोत्साहित करता है। वेलनेस को प्रोटेक्शन के साथ जोड़कर, हम न केवल लोगों और उनके परिवारों को अधिक स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर रहे हैं, बल्कि उनकी वित्तीय सुदृढ़ता को भी मजबूत बना रहे हैं।

रिसर्च से पता चलता है कि जो लोग लगातार स्वस्थ आदतें अपनाते हैं, वे अपनी जीवन प्रत्याशा को संभावित रूप से 5 साल' तक बढ़ा सकते हैं। 2022 में भारत में पहली बार वाइटैलिटी पेश करने के बाद से, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस इस विज्ञान का लाभ भारतीय ग्राहकों तक पहुँचा रहा है। अब यह प्रोग्राम लंबी उम्र पर ज्यादा फोकस, रिवॉर्ड्स कमाने के आसान तरीकों और पहले से कहीं ज्यादा फायदों के साथ वापस आया है।

पांच साल का यह आंकड़ा वाइटैलिटी के ग्लोबल रिसर्च से मिला है। लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स द्वारा पीयर-रिव्यूड किए गए लगभग 4,65,000 वाइटैलिटी मेंबर्स के एक सात साल के अध्ययन में पाया गया कि जो लोग निष्क्रिय जीवनशैली से सक्रिय जीवनशैली की ओर बढ़े, वे अपनी मृत्यु के जोखिम को 57 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। यह उनकी जीवन प्रत्याशा में पांच साल तक जोड़ने के बराबर है। यह लाभ 30 से 70 वर्ष की आयु के लोगों में बरकरार रहे, और यहाँ तक कि जो मेंबर्स हफ्ते में सिर्फ एक या दो दिन सक्रिय रहे, उन्होंने भी अपनी जीवन प्रत्याशा में दो साल से अधिक जोड़े। यही कारण है कि टाटा एआईए वाइटैलिटी अब मेंबर्स को रोजाना 5,000 कदमों से ही रिवर्ड देना शुरू करता है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश (डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।

इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैत

दुर्गापूजा में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध बिना लाइसेंस पूजा पंडाल लगाने पर होगी कार्रवाई

शांति समिति की बैठक में प्रशासन की दो टूक, सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील

पहाड़पुर(एनएसबी)। आगामी दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को पहाड़पुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एडिशनल एसएचओ अमित रंजन एवं पीएसआई अमित कुमार सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आपसी भाईचारे एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ दुर्गापूजा मनाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने तथा धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।पूजा पंडालों के लिए जारी किए गए आवश्यक निर्देश बैठक में स्पष्ट रूप से कहा गया कि पूजा पंडालों में डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सभी पूजा समितियों को लाइसेंस लेते समय ही जुलूस का रूट चार्ट उपलब्ध कराना होगा। प्रत्येक पूजा पंडाल में सीसीटीवी कैमरे लगाना तथा जुलूस की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस पूजा पंडाल स्थापित करने वाले आयोजकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही पूजा पंडालों में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने तथा प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड की सुविधा अनिवार्य रूप से रखने का निर्देश दिया गया। मूर्ति विसर्जन के दौरान ऐसे नारे या गीत बजाने से परहेज करने को कहा गया, जिनसे किसी की धार्मिक भावना आहत हो सकती है।असामाजिक तत्वों पर रहेगी प्रशासन की नजर प्रशासन ने स्पष्ट किया कि दुर्गापूजा के दौरान शांति एवं सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। सभी पूजा समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने और किसी भी परिस्थिति में,कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं होने देने की अपील की गई।बैठक में पूर्व प्रमुख प्रेम कुमार गुप्ता, समाजसेवी अवनीश कुमार सिंह, मुखिया लखन सिंह, पूर्व मुखिया नूर आलम अंसारी, सुभाष आर्य, चंद्रभूषण पांडेय, गुड्डू पांडेय, ध्रुव भगत, पैक्स अध्यक्ष श्रीनारायण ठाकुर, सरपंच राजेश कुमार सिंह, उर्मिला देवी, पंचायत समिति सदस्य राजेश कुशवाहा, अजय दुबे, पप्पू आलम, मो शहाबुद्दीन, जितेंद्र सिंह, मुखदेव मिश्र एवं गुगूल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे



शांति समिति की बैठक।

बाल श्रम के खिलाफ तुरकौलिया में निकली प्रभात फेरी, जागरूकता वाहन रवाना

मोतिहारी(एनएसबी)। बाल श्रम उन्मूलन को लेकर शनिवार को श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के निर्देश पर तुरकौलिया प्रखंड की चारगाहा पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, तुरकौलिया के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। इस दौरान बाल श्रम के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह वाहन तुरकौलिया प्रखंड की सभी पंचायतों में भ्रमण कर बाल श्रम की रोकथाम एवं इसके दुष्परिणामों के प्रति आम लोगों को जागरूक करेगा।प्रभात फेरी में श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम लोगों को बाल श्रम जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बच्चों का स्थान काम करने की जगह विद्यालय में है। शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही बाल श्रम की समस्या को प्रभावी रूप से समाप्त किया जा सकता है।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं, शिक्षक, श्रम विभाग के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



प्रभातफेरी में शामिल बच्चे।

केंद्रीय कारा में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता शिविर, बंदियों को सिखाए क्रोध प्रबंधन के गुर

मोतिहारी(एनएसबी)। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पूर्वी चंपारण की ओर से ल फाउंडेशन के सहयोग से केंद्रीय कारा, मोतिहारी में विधिक जागरूकता शिविर-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन, क्रोध प्रबंधन तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अधिकारों की जानकारी दी गई।मुख्य अतिथि क्वै। के सचिव नितिन त्रिपाठी ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। तनाव, निराशा और क्रोध के बीच स्वयं को संतुलित रखना जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने बंदियों से आशा, धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की।उन्होंने क्रोध प्रबंधन से जुड़ी प्रेरक कहानी के माध्यम से समझाया कि धैर्य, आत्मसंयम और सकारात्मक सोच कठिन परिस्थितियों से निपटने में सहायक हैं। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में समय पर सहायता और उचित परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला।केंद्रीय कारा अधीक्षक विजय अरोड़ा ने बंदियों से कारावास की अवधि का सदुपयोग शिक्षा, अनुशासन, कौशल विकास और आत्मचिंतन में करने की अपील की। क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक ड़ धीरज ने व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से क्रोध के कारण पहचानने और तनावपूर्ण परिस्थितियों में स्वयं पर नियंत्रण रखने के उपाय बताए।कार्यक्रम में ल फाउंडेशन के शुभेंदु कुमार, दीपशिखा, सहायक एलएडीसीएस आर्य देव, पैनल अधिवक्ता आयुषी अमृत, पीएलवी सागर नंदी सहित कारा पैरालीगल वलंटियर्स उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

संक्षिप्त खबरें

180 पीस नेपाली देशी शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार गया जेल

मोतिहारी(एनएसबी)। उत्पाद चलिष्णु दल टीम ने वाहन जांच के दौरान छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियारपुर चीनी मिल के समीप एक टोटो पर सवारी कर रहे दो शराब कारोबारी को नेपाली देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उक्त जानकारी सहायक आयुक्त मद्यनिषेध ओमप्रकाश ने दी है। उन्होंने बताया कि टीम उक्त स्थान पर औचक वाहन जांच कर रही थी।इसी दौरान एक टोटो पर सवार दो शराब कारोबारी अपने अपने बैग में 90-90 पीस शराब लेकर आया।जब टीम बैग की तलाशी ली तो उसमें नेपाली देशी कस्तूरी शराब मिला। जिसे टीम थाना लेकर आयी और विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार कारोबारी बंजरिया थाना क्षेत्र के सिंहिया हीवन वार्ड नंबर -3 निवासी महेंद्र चौधरी का पुत्र सकेन्द्र महतो व चौलाहां पकड़िया वार्ड नंबर -1 निवासी स्व कमलदेव तिवारी का पुत्र अमित कुमार बताया गया है। जांच टीम में सहायक अवर निरीक्षक मद्यनिषेध बिजय पंडित, संतोष कुमार, सिपाही हाकिम आलम, अरविन्द कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

दीपक हत्याकांड का मुख्य आरोपित किशोर सुमन कुमार ने कोर्ट में किया सरेंडर

तुरकौलिया(एनएसबी)। थाना क्षेत्र के जयसिंहपुर खिरवा के दीपक हत्याकांड के मुख्य आरोपित सुमन कुमार ने पुलिस दबिश के बाद कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया। सुमन जयसिंहपुर खिरुआ गांव निवासी सुनील साह का पुत्र है। मृतक दीपक के परिजनों का आरोप है कि सुमन कुमार और दिलखुश रात में दीपक को बाइक से अपने साथ ले गए थे। अगले दिन सुबह रेतवा नदी किनारे सरेह में दीपक का शव मिला था। उसकी चाकू से गोदकर हत्या करने के बाद शव फेंक दिया गया था। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

तलवारबाजी चयन ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया दम, 23 प्रतिभाओं का चयन

मोतिहारी(एनएसबी)। खेल विभाग, बिहार सरकार एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के वार्षिक खेल कार्यक्रम 2026-27 के तहत शनिवार को खेल भवन, मोतिहारी में तलवारबाजी की चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बांका और बेतिया के एकलव्य केंद्र तथा मोतिहारी के खेलो इंडिया स्मल लेवल सेंटर के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी-सह-वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।चयनित खिलाड़ियों में अंडर-17 फयल में ष कुमार और प्रिंस कुमार, सेबर में भास्कर पांडेय, आयुष कुमार, अभिषेक कुमार पाल एवं बिट्टू कुमार शामिल हैं। अंडर-19 फयल में उत्कर्ष राज, साद एवं परवेज आलम तथा सेबर में मनु कुमार, आदविक कुमार, आकाश कुमार एवं निरंजन कुमार का चयन हुआ।अंडर-14 फयल में अभिनव राज, शुभम कुमार महतो एवं पीयूष राज, ईपी में अभिषेक कुमार, पीयूष कुमार, मोनू कुमार एवं दिव्यराज तथा सेबर में शनि कुमार राजपूत, सम्राट कुमार एवं अर्णव कुमार चयनित हुए।चयनित खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षक अंकित कुमार गजविये एवं राजन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

शनिवारीय जनता दरबार में दो मामलों का निष्पादन, श्रमिकों को मिले 1.35 लाख

मोतिहारी(एनएसबी)। श्रमिकों की बकाया मजदूरी से संबंधित शिकायतों के निष्पादन को लेकर शनिवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय में जनता दरबार लगाया गया। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित जनता दरबार में बकाया मजदूरी से संबंधित पांच शिकायतों की सुनवाई की गई।

सुनवाई के दौरान दो शिकायतों का निष्पादन करते हुए नियोजकों से श्रमिकों को कुल 1 लाख 35 हजार रुपये की बकाया मजदूरी दिलाई गई। वहीं दो अन्य श्रमिकों ने बकाया मजदूरी के भुगतान को लेकर शिकायत दर्ज कराई। श्रम अधीक्षक ने संबंधित मामलों में नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई कर बकाया राशि दिलाने का आश्वासन दिया। श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश ने जिले के श्रमिकों से अपील की कि यदि किसी नियोजक द्वारा उनकी बकाया मजदूरी का भुगतान नहीं किया जाता है तो वे प्रत्येक शनिवार को श्रम अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बकाया राशि का भुगतान कराने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

लोक परम्पराओं में प्रकृति की आत्मा का वास होता है

पिपरा(एनएसबी)। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन की दिशा में पर्यावरण की पाठशाला सह पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन आवासीय न्यू पोल पब्लिक स्कूल में किया गया। पाठशाला को सम्बोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता विनय कुमार ने लोक परम्पराओं में प्रकृति की आत्मा का वास होता है विषय पर अपनी बातें रखी उन्होंने कहा कि भारतीय लोक परम्पराओं, पर्व-त्योहारों और जीवन-पद्धति में प्रति के प्रति सम्मान की भावना सदियों से विद्यमान रही है। पेड़-पौधों, नदियों, पर्वतों, जलस्रोतों और जीव-जंतुओं की पूजा की जाती है। लोक संस्ति में प्रति को विशेष स्थान दिया गया है। प्रति के संरक्षण की यह परम्परा आज पर्यावरण संकट के दौर में और अधिक प्रासंगिक हो गई है।पूर्व प्रमुख विश्वनाथ पासवान ने बच्चों से आह्वान किया कि वे पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और सुरक्षा को भी अपनी जिम्मेदारी समझें। उन्होंने कहा कि एक पौधा सौ पुत्र के समान है केवल पेड़ नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, जलवायु संतुलन और जीवन का आधार है। इस अवसर पर वन विभाग के द्वारा उपलब्ध कराए गए पौधों को अतिथियों एवं बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल बचाव, प्लास्टिक के कम उपयोग और जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।विनय भारद्वाज ने कार्यक्रम का उद्देश्य लोक परम्पराओं में निहित प्रति-प्रेम को नई पीढ़ी तक पहुंचाना और पर्यावरण संरक्षण को जन-अभियान पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नवलकिशोर सिंह व संचालन अंकित कुमार ने की मौके पर पर्यावरण प्रेमी राज गुरु,वरीय शिक्षक रामदेव प्रसाद, नागेश्वर पंडित,राहूल कुमार ,शकुन्तला सिंह ,अमृता श्रीवास्तव,सुनिता भारद्वाज, सहित काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



कार्यशाला का उद्घाटन करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अन्य।

संक्षिप्त खबरें

अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में होगा जिला स्तरीय युवा उत्सव

मोतिहारी(एनएसबी)। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव-2026 का आयोजन अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी फहद सिद्दीकी ने दी।उन्होंने बताया कि 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा इसमें भाग ले सकेंगे। महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में पूर्वा 10 बजे से समूह लोक नृत्य, समूह लोक गीत, कविता, चित्रकला एवं नुक्कड़ नाटक की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। आयोजन की अंतिम तिथि की घोषणा अगले कुछ दिनों में की जाएगी।इच्छुक प्रतिभागी मोतिहारी समाहरणालय स्थित जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी के कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर वहीं जमा कर सकते हैं। उन्होंने योग्य युवाओं से प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने की अपील की है।युवा उत्सव का उद्देश्य पारंपरिक कला-संस्ति के संरक्षण के साथ युवा कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना है। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा उत्सव में भेजा जाएगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

महंगाई ने मध्यवर्गीय परिवारों का बिगाड़ा बजट

चौथम (एनएसबी)। त्योहारों का मौसम आते ही एक बार फिर महंगाई ने आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पहले से ही बढ़ती कीमतों का सामना कर रहे लोगों के लिए अब घरेलू खाद्य सामग्रियों के दाम में हुई बेतहाशा वृद्धि ने मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। खासकर मध्यवर्गीय परिवारों के सामने घर का बजट संभालना चुनौती बन गया है। एक ओर त्योहारों में बच्चों के लिए नए कपड़े खरीदने और घर में खुशियां मनाने की इच्छा है, तो दूसरी ओर रसोई का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में कई परिवार जरूरी खाद्य सामग्रियों की खरीदारी में भी कटौती करने को मजबूर हैं। क्षेत्र के मध्यवर्गीय परिवारों की परेशानी इसलिए भी बढ़ गई है कि उनकी आमदनी सीमित है। न तो उन्हें मजदूरी के नियमित अवसर मिल पाते हैं और न ही कई परिवारों को सरकारी योजनाओं का पर्याप्त लाभ मिल पाता है। ऐसे में परिवार के रोजमर्रा के खर्च, बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतों और त्योहारों की तैयारियों के बीच संतुलन बनाना मुश्किल हो गया है। खाद्य तेल, दाल, चावल, आटा, प्याज और हरी सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने आम लोगों की जेब पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। स्थानीय फुटकर किराना दुकानदार मनोज शाह, अमन कुमार एवं अन्य खुदरा विक्रेता के अनुसार , खाद्य तेल की कीमतों में हाल के दिनों में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है। दुकानदारों का कहना है कि खाद्य तेल पर सरकार की ओर से एक्साइज ड्यूटी कम किए जाने के बावजूद बाजार में कीमतों में राहत दिखाई नहीं दे रही है। उनके मुताबिक, रिफाइंड और सरसों तेल के 15 लीटर वाले डिब्बे की कीमत में करीब 200 रुपये या उससे अधिक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, चार से पांच दिन पहले तक लगभग 180 रुपये प्रति लीटर मिलने वाला सरसों तेल और रिफाइंड तेल अब 200 रुपये प्रति लीटर या उससे अधिक कीमत पर बेचे जाने की बात कही जा रही है। दाल की कीमतों में भी तेजी से बढ़ोतरी होने की बात सामने आ रही है। स्थानीय दुकानदारों के अनुसार, करीब दस दिन पहले 70 रुपये प्रति किलो के आसपास मिलने वाली माधुरी अरहर दाल और चना दाल अब लगभग 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इससे उन परिवारों की चिंता बढ़ गई है, जिनके लिए दाल रोजमर्रा के भोजन का प्रमुख हिस्सा है। सीमित आमदनी में परिवार के सभी सदस्यों के लिए पौष्टिक भोजन की व्यवस्था करना अब पहले की तुलना में अधिक खर्चीला हो गया है। आम लोगों की थाली का प्रमुख हिस्सा माने जाने वाले चावल की कीमतों में भी वृद्धि बताई जा रही है। स्थानीय बाजार के दुकानदारों के अनुसार, जो बीके गोल्ड चावल की बोरी पहले लगभग 850 से 900 रुपये के बीच मिलती थी, उसकी कीमत अब बढ़कर 1,000 से 1,100 रुपये तक पहुंच गई है। इसी तरह, करीब दस दिन पहले 1,125 रुपये में मिलने वाली 25 किलो की 24 कैरेट चावल की बोरी अब 1,400 से 1,500 रुपये के बीच बेचे जाने की बात कही जा रही है। रसोई का खर्च केवल खाद्यान्न तक सीमित नहीं है। सब्जियों की बढ़ती कीमतों ने भी लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय बाजार में प्याज की कीमत 60 से 65 रुपये प्रति किलो तक बताई जा रही है। वहीं, हरी सब्जियों के बाजार में भी लोगों को राहत नहीं मिल रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाजार में ऐसी सब्जियां ढूंढ़ना मुश्किल हो रहा है, जिनकी कीमत 50 रुपये प्रति किलो से कम हो। बताते चले कि क्षेत्र के ऐसे परिवार, जिनकी कमाई षि, छोटे-मोटे रोजगार या अन्य सीमित स्रोतों पर निर्भर है, महंगाई से अधिक प्रभावित हो रहे हैं। आमदनी में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के बावजूद खाद्य सामग्रियों की कीमतें बढ़ने से उनकी आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ रहा है। ऐसे परिवारों के लिए महीनेभर का राशन जुटाना, बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाना और अन्य घरेलू जरूरतों को पूरा करना लगातार कठिन होता जा रहा है।

बीएसएनएल का 2 जी नेटवर्क बंद होने उपभोक्ता परेशान

चौथम (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में बीएसएनएल के 2 जी सिम का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को नेटवर्क की समस्या के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो-तीन महीनों से 2 जी नेटवर्क काम नहीं करने के कारण लोगों की संचार सेवा प्रभावित हो रही है। इससे खासकर उन उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है, जो लंबे समय से बीएसएनएल के 2 जी सिम का इस्तेमाल कर रहे हैं और बातचीत के लिए इसी नेटवर्क पर निर्भर हैं। क्षेत्र के बीएसएनएल उपभोक्ता बीरो बाबू, राणा जंग बहादुर सिंह, परशुराम सहित अन्य लोगों ने नेटवर्क की समस्या को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उपभोक्ताओं का कहना है कि मोबाइल में नेटवर्क नहीं रहने के कारण वे अपने परिजनों और अन्य लोगों से समय पर बातचीत नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, बीएसएनएल के 2 जी सिम धारकों द्वारा बताया कि पिछले दो-तीन महीनों से 2 जी नेटवर्क पूरी तरह से काम नहीं कर रहा है, जिसके चलते उन्हें फोन पर बात करने में काफी दिक्कत होती है। जरूरत के समय मोबाइल सेवा उपलब्ध नहीं होने से उनकी परेशानी और बढ़ जाती है। उपभोक्ताओं ने संबंधित विभाग से इस समस्या पर ध्यान देने की मांग करते हुए संचार व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि क्षेत्र में बीएसएनएल की पुरानी 2 जी सेवा बंद कर दी गई है, तो इसकी जानकारी उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से दी जानी चाहिएं, ताकि वे अपनी सुविधा के अनुसार आगे की व्यवस्था कर सकें। इस संबंध में जब बीएसएनएल के कनीय अभियंता अजय कुमार से बात की गई, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि चौथम स्थित बीएसएनएल टावर पर पहले टू जी नेटवर्क की व्यवस्था थी, जिसे अपग्रेड करके 4 जी में परिवर्तित कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि तकनीक में बदलाव और संचार व्यवस्था के आधुनिकीकरण के साथ पुरानी व्यवस्था को बनाए रखना तर्कसंगत नहीं है। समय के साथ आगे बढ़ना जरूरी है और इसी उद्देश्य से बीएसएनएल की व्यवस्था को भी अपग्रेड किया गया है। उन्हाने कहा कि 2जी सिम धारक उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने पुराने सिम को 4जी सिम में अपग्रेड करा लें, ताकि उन्हें बीएसएनएल की आधुनिक संचार सेवाओं का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि पहले की तुलना में नेटवर्क व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। साथ ही, सरकार की ओर से 4 जी नेटवर्क से संबंधित प्लान की कीमतें भी किफायती रखी गई हैं, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर संचार सुविधा मिल सके। उन्होने कहा कि 2 जी सिम का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को बेहतर नेटवर्क और निर्बाध संचार सेवा का लाभ लेने के लिए 4 जी सिम अपनाना चाहिए। हालांकि, क्षेत्र के उपभोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें लंबे समय से नेटवर्क की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उपभोक्ताओं को नई तकनीक के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सिम अपग्रेड करने की प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की स्पष्ट जानकारी देना भी जरूरी है।

संक्षिप्त खबरें

रसलपुर बहियार में अवैध देसी शराब के ठिकाने पर छापेमारी, 40 लीटर शराब जब्त



बरामद शराब व बनाने के बर्तन।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। थाना क्षेत्र के रसलपुर गांव स्थित बहियार में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब 40 लीटर देसी चुलाई शराब जब्त की। इस दौरान शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले बर्तन और दो गैस सिलेंडर भी बरामद किए गए। पुलिस की छापेमारी के दौरान मौके पर मौजूद कारोबारी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने शराब और अन्य सामान को जब्त कर लिया। फरार कारोबारियों की पहचान करने के साथ उनकी गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध देसी शराब के निर्माण और कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा है। मामले में पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी हुई है।

बसनही पुलिस की कार्रवाई देशी पिस्टल के साथ बाइक सवार गिरफ्तार

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। बसनही थाना पुलिस ने अलग-अलग दो मामलों में कार्रवाई करते हुए देसी पिस्टल और प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। इस दौरान पुलिस ने दोनों आरोपितों की दो मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं। इस संबंध में बसनही थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अतलखा गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी बलराज कुमार उर्फ राहुल को देसी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। मौके से उसकी काले रंग की यामाहा एफजेड-एक्स मोटरसाइकिल भी जब्त की गई। पुलिस गिरफ्तार आरोपित के आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। वहीं, दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने महुआ बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप से अगरैल टोला निवासी शशि कुमार को प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप की चार बोतलों के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से उसकी अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

संवैधानिक संस्थाओं को कांग्रेस ने बनाया अपनी जागीर, पूर्व चुनाव आयुक्तों को राजनीतिक पुरस्कार देने वाली कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब: गौरव ठाकुर



छात्र नेता गौरव ठाकुर।

फोटो कैप्शनः 9 छात्र नेता गौरव ठाकुर

सहरसा शहर (एनएसबी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के फायरब्रांड छात्र नेता गौरव ठाकुर ने दिल्ली में हो रहे आंदोलन पर निशाना साधते हुए संवैधानिक संस्थाओं के राजनीतिकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला। छात्र नेता गौरव ठाकुर ने कहा कि देश के लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली को अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है। छात्र नेता गौरव ठाकुर ने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्था के मुखिया रहे डॉ. एम. एस. गिल को सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद राज्यसभा की सीट और केंद्रीय खेल मंत्री का पद सौंप दिया गया। यह सीधे तौर पर देश की युवा पीढ़ी और छात्रों के सामने एक गलत मिसाल पेश करता है कि ईमानदारी की जगह राजनीतिक वफादारी को पुरस्कृत किया जाएगा। गौरव ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने अपने दशकों लंबे शासन में टीएन शेषन जैसे अधिकारियों को भी सेवानिवृत्ति के बाद लोकसभा चुनाव का टिकट थमाया और आरके त्रिवेदी जैसे पूर्व आयुक्तों को राज्यपाल बनाया। कांग्रेस ने हमेशा युवाओं के सामने यह साबित करने की कोशिश की कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग भी अंततः किसी एक दल की विचारधारा की सेवा करते हैं। छात्र नेता ने तीखा तंज कसते हुए कहा, आज की कांग्रेस हर बात पर देश के लोकतंत्र और संस्थाओं की स्वायत्तता खतरे में होने का झूठा रोना रोती है। लेकिन हकीकत यह है कि देश में संस्थाओं की गरिमा से खिलवाड़ करने की शुरूआत खुद कांग्रेस ने की थी। जब आप देश के सबसे बड़े चुनाव अधिकारी को अपनी पार्टी का मंत्री बना देते हैं, तो आप आने वाली पीढ़ी को क्या संदेश दे रहे हैं? छात्र नेता गौरव ठाकुर ने स्पष्ट किया कि आज का जागरूक छात्र और युवा वर्ग कांग्रेस की इस अवसरवादी राजनीति को समझ चुका है। युवा देश में ऐसी पारदर्शी व्यवस्था चाहते हैं जहाँ संवैधानिक पदों पर बैठे लोग पूरी तरह निष्पक्ष रहें और सेवानिवृत्ति के बाद किसी राजनीतिक लाभ के लिए लालायित न दिखें। सरकार को ऐसी व्यवस्थाओं पर रोक लगानी चाहिए ताकि लोकतांत्रिक संस्थाओं पर देश के युवाओं का अटूट विश्वास बना रहे।

जम्हरा दक्षिण टोला में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण की पहल, उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में बनेगा आंगनबाड़ी केंद्र, डीडीसी ने दिए शीघ्र निर्माण के निर्देश



निरीक्षण करते डीडीसी, बीडीओ व अन्य।

पतरघट (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को डीडीसी गौरव कुमार ने जम्हरा पंचायत के दक्षिण टोला स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय परिसर में ही आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण के लिए जगह चिह्नित की गई। डीडीसी ने संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द भवन निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र भवन का निर्माण शीघ्र कराया जाए, ताकि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। भवन निर्माण के लिए स्थल चिह्नित होने से स्थानीय लोगों में भी उम्मीद जगी है। मौके पर बीडीओ इंद्रदेव कुमार निराला, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार, मुखिया धीरेन्द्र महतो,पंचायत रोजगार सेवक शिवशरण कुमार, मुखिया प्रतिनिधि राकेश कुमार,चंदन यादव सहित अन्य मौजूद थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन की नीतियों



भाजपा नेता।

सहरसा शहर (एनएसबी)। असम, पश्चिम बंगाल और पुडुचेरी के उपचुनावों में भाजपा एवं एनडीए प्रत्याशियों की जीत पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, सुशासन और जनकल्याण के लिए किए जा रहे प्रयासों के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाते हैं। राजीव रंजन साह ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का समर्थन किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी पूंजी है। चुनाव परिणामों से कार्यकताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। भाजपा एवं एनडीए की जीत संगठन की मजबूती, कार्यकत्ताओं के अथक परिश्रम और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने वाली नीतियों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। जनता का समर्थन इस संकल्प को और मजबूती प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के 1.08 करोड़ से अधिक पेंशनधारियों को डीबीटी के माध्यम से पेंशन जारी

सहरसा के 2.23 लाख से अधिक लाभुक हुए लाभांवित



वर्चुअल कार्यक्रम में उपस्थित डीमए व कर्मी।

सहरसा कार्यालय (दैनिक नवसंदेश)। मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्यभर के 1,08,36,005 पेंशनधारियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए सितम्बर माह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1100 प्रति माह की राशि का सफलतापूर्वक अंतरण किया गया।

इस कार्यक्रम में सहरसा जिला भी ऑनलाइन के माध्यम से जुड़ा। जिला स्तर पर जिलाधिकारी दीपेश कुमार, डीडीसी गौरव कुमार, अपर समाहर्ता श्री निशांत, सहायक समाहर्ता केतन शुक्ला, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग सहित लगभग 100 से अधिक स्थानीय पेंशनधारी इस वर्चुअल कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों, विधवा महिलाओं और दिव्यांगजनों के कल्याण के प्रति राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने सभी पेंशनधारियों को आश्वस्त किया कि अब से हर महीने की 10 तारीख को पिछले माह की पेंशन राशि अनिवार्य रूप से लाभुकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से अंतरण कर दी जाएगी। डीमए श्री कुमार ने जानकारी दी कि सहरसा जिले में कुल 2,23,013 लाभुकों को सितम्बर 2026 माह की पेंशन राशि जारी कर दी गई है, जिनका जीवन प्रमाणीकरण 30 सितम्बर 2026 तक सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। जिलाधिकारी द्वारा वैसे सभी पेंशनधारियों जिन्होंने अपना जीवन प्रमाणीकरण नहीं कराया है से अपील की गई है कि वे अपनी पेंशन का निर्बाध लाभ प्राप्त करने के लिए यथाशीघ्र अपना नजदीकी सीएससी सेंटर पर जा कर अपना जीवन प्रमाणीकरण सुनिश्चित कराएं। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने जिले के सभी पेंशनधारियों को पेंशन की राशि प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री से मिले विधायक संजय कुमार सिंह

सिमरी बख्तियारपुर में सड़क-पुल निर्माण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने व बाबा मटेश्वर धाम के विकास की मांग उठाई



मुख्यमंत्री से मिलते सिमरी विधायक।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शनिवार को मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी से भेंट कर सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं एवं विकासात्मक आवश्यकताओं से अवगत कराते हुए सड़क-पुल निर्माण, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को विशेष राहत उपलब्ध कराने तथा बाबा मटेश्वर धाम मंदिर के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण की मांग प्रमुखता से रखा गया है।विधायक संजय कुमार सिंह ने झारा पंचायत अंतर्गत बहोरवा प्राथमिक विद्यालय से झारा, सिसौना एवं बेलडाबर होते हुए सड़क संख्या-17 तक लगभग 11 किलोमीटर सड़क निर्माण, तुलसियाही पुल से सहमोरा तक सड़क एवं दो कल्वर्ट के निर्माण तथा सहबन्नी से दह घाट तक पुल और दह घाट से कुदुम्बर होते हुए घोंघसम तक सड़क निर्माण की आवश्यकता से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। इसके साथ ही, कोसी क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष आने वाली बाढ़ से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को देखते हुए सिमरी बख्तियारपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभावित इलाकों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने, पीड़ित परिवारों को समुचित राहत एवं सहायता उपलब्ध कराने तथा बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में ठोस पहल करने का आग्रह किया गया। विधायक ने श्रद्धालुओं की आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा मटेश्वर धाम मंदिर के समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण का विषय भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा तथा उन्हें बाबा मटेश्वर धाम पधारकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन एवं पूजा-अर्चना करने हेतु सादर आमंत्रित किया।

परसबन्नी मौर मेले की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने की बैठक

जागरण कार्यक्रम में ध्वनि पर नियंत्रण रखने का निर्देश, जिला मुख्यालय की गाइडलाइन का पालन करने की हिदायत



बैठक में मेला कमेटी के सदस्य।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के परसबन्नी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में लगने वाले मौर मेले में सुरक्षा व्यवस्था और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर शनिवार को पुलिस ने मेला कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक की। थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सहनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिला मुख्यालय से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मेले का शांतिपूर्ण आयोजन कराने पर जोर दिया गया। थानाध्यक्ष ने मेला कमेटी के सदस्यों को जागरण कार्यक्रम के दौरान ध्वनि पर नियंत्रण रखने का निर्देश दिया।

उन्होंने अनावश्यक रूप से हॉर्न बजाने से बचने और साउंड सिस्टम का इस्तेमाल निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार करने को कहा। साथ ही स्पष्ट किया कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सतर्क रहेगी। उन्होंने कमेटी के सदस्यों से भीड़ को नियंत्रित करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित होने वाले इस मेले में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए बैठक में सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान शांति बनाए रखने को लेकर चर्चा की गई। मेले के अवसर पर मिथिलांचल की प्रसिद्ध गायिका अनुप्रिया झा और विकास वैभव का एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। बैठक में मेला कमेटी के अध्यक्ष रंजन यादव, पंचायत के सरपंच संतोष पासवान, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार पासवान, रामचंद्र यादव, मूर्तिदाता देवेंद्र भगत, रामप्रवेश यादव, अशनील यादव, बिजल सादा, बैजनाथ सादा, भूपलेश्वर यादव, ब्रजकिशोर शर्मा और खुशीलाल पंजियार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

प्रखंड मुख्यालय में नहीं रहते अधिकारी, सरकारी खजाने पर बढ़ रहा खर्च

बीडीओ, सीओ व आरओ का आवास अनुमंडल मुख्यालय में, जिला मुख्यालय से मनरेगा योजनाओं का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी



सरकारी वाहन।

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालने वाले कई पदाधिकारी प्रखंड मुख्यालय में नहीं रहते हैं। इससे सरकारी वाहनों के रोजाना आवागमन पर होने वाले खर्च को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बीडीओ, सीओ और राजस्व अधिकारी का आवास अनुमंडल मुख्यालय में है, जबकि कार्यक्रम पदाधिकारी जिला मुख्यालय में रहकर प्रखंड की पंचायतों में संचालित मनरेगा योजनाओं का कामकाज देख रहे हैं। जानकारी के अनुसार, बनमा ईटहरी प्रखंड मुख्यालय से अनुमंडल मुख्यालय की दूरी करीब 15 से 20 किलोमीटर है। ऐसे में पदाधिकारियों को प्रतिदिन सरकारी वाहनों से प्रखंड मुख्यालय आना-जाना पड़ता है। इससे डीजल पर अतिरिक्त राशि खर्च होने का अनुमान है। तीन वाहनों पर सालाना 4.14 लाख रुपये डीजल का अनुमान उपलब्ध आंकड़ों के अनुमान के मुताबिक, प्रत्येक सरकारी वाहन में प्रतिदिन करीब तीन से चार लीटर डीजल की खपत होती है। चार लीटर डीजल की कीमत करीब 384 रुपये मानें तो एक वाहन पर प्रतिमाह लगभग 11,520 रुपये और सालाना 1.38 लाख रुपये खर्च होते हैं। इस हिसाब से बीडीओ, सीओ और राजस्व अधिकारी के तीन वाहनों पर सालाना करीब 4.14 लाख रुपये डीजल खर्च होने का अनुमान है।

महारस में कृषि ट्रांसफार्मर में तोड़फोड़ ईंट-पत्थर मारकर किया क्षतिग्रस्त

बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)। प्रखंड के महारस गांव में घनश्याम सिंह के पोखर के समीप कृषि कार्य के लिए लगाए गए बिजली ट्रांसफार्मर में असामाजिक तत्वों ने तोड़फोड़ की। ईंट-पत्थर मारकर ट्रांसफार्मर के इंसुलेटर और डिस्क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं, ट्रांसफार्मर के नीचे लगे बॉक्स को भी तोड़ दिया गया। घटना के बाद कृषि कार्य के लिए बिजली आपूर्ति प्रभावित हो गई है। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना मिलने पर विद्युत विभाग ने मामले में कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। विद्युत कनीय अभियंता नंदकिशोर कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर में तोड़फोड़ की सूचना मिली है। विभाग की ओर से दोषियों की पहचान की जा रही है। जल्द ही लाइनमैन को भेजकर ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों की पहचान होने पर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गंभीर मामला है। उधर, कृषि कार्य के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त किए जाने से किसानों में आक्रोश है। किसानों ने बिजली विभाग से जल्द ट्रांसफार्मर की मरम्मत कराने और तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

सोनवर्षा प्रखंड की 14 पंचायतों में नए पंचायत सचिवों की पोस्टिंग

सोनवर्षाराज (सहरसा) (एनएसबी)। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सोनवर्षा प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में नए पंचायत सचिवों की पोस्टिंग की गई है। इसके तहत तीन पंचायत सचिवों को प्रखंड की 14 पंचायतों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंचायत सचिवों की नई तैनाती से पंचायतों में विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। जारी सूची के अनुसार, रतन कुमार को बैठमुशहरी, मोकमा, पड़रिया, बड़गांव एवं रघुनाथपुर पंचायत की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, मुकेश कुमार को अतलखा, बड़सम, महुआ उत्तरवाड़ी एवं सरोनी मधेपुरा पंचायत में पंचायत सचिव के रूप में तैनात किया गया है। इसी तरह, रवि शंकर चैधरी को देहद, काशनगर, लगमा, मंगवार एवं शाहपुर पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई तैनाती के बाद संबंधित पंचायतों में पंचायत सचिवों के माध्यम से सरकारी योजनाओं के संचालन, पंचायत स्तर के प्रशासनिक कार्यों और आम लोगों से जुड़े कार्यों के निष्पादन की जिम्मेदारी निभाई जाएगी।

स्ट्रीट डांस एकेडमी द्वारा मिथिला डांडिया नाइट सीजन 3 का बेहद शानदार व भव्य आयोजन



डांडिया में शामिल जिले की 500 महिलाएं।

सहरसा शहर (एनएसबी)। शहर के देव पैलेस, डीबी रोड में स्ट्रीट डांस एकेडमी द्वारा आयोजित ह्यमिथिला डांडिया नाइट सीजन 3ह्ण का बेहद शानदार और भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस उत्सव ने पूरे शहर को प्री-नवरात्रि के जश्न और उत्साह से सराबोर कर दिया। इस भव्य डांडिया नाइट के मुख्य ऑर्गनाइजर नवीन सिंह राजपूत की देखरेख में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई थी। वहीं, कार्यक्रम का बेहतरीन मैनेजमेंट रोहिणी सिंह के द्वारा संभाला गया। उनके कुशल प्रबंधन के कारण सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मेहमानों के स्वागत तक के सभी इंतजाम बेहद पुख्ता और अनुशासित रहे। शहर की लगभग 500 महिलाओं और लड़कियों ने पारंपरिक रंग-बिरंगे परिधानों घाघरा-चोली में सजकर इस कार्यक्रम में शिरकत की। डांडिया स्टिक्स के साथ उनकी ऊर्जा और बेहतरीन डांस स्टेप्स ने पूरे माहौल को उत्सव के रंग में रंग दिया। सभी प्रतिभागियों ने बॉलीवुड और ट्रेडिशनल गरबा गीतों पर जमकर डांस किया और कार्यक्रम को बेहद प्रभावित किया।इस शाम को संगीत और मनोरंजन के मामले में और अधिक खास बनाने के लिए बंगाल से विशेष रूप से डीजे और एंकर को आमंत्रित किया गया था। बंगाल से आए मशहूर डीजे ने अपनी शानदार बीट्स और नॉन-स्टॉप डांस ट्रैक्स से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं, वहां से आए कुशल एंकर ने अपने बेहतरीन अंदाज और मजेदार गेम्स से मंच का संचालन किया, जिसने उपस्थित जनता में लगातार जोश बनाए रखा। देर रात तक चली इस शानदार डांडिया नाइट ने सहरसा वासियों के लिए इस साल की नवरात्रि की शुरूआत को

संक्षिप्त खबरें

फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पसराहा। पसराहा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए झांझरा गांव से एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान स्वर्गीय विष्णु शर्मा के पुत्र राजेश शर्मा के रूप में हुई है। उसके खिलाफ पसराहा थाना में मध्य निषेध अधिनियम के तहत कांड संख्या 171ध्26 दर्ज था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने गांव आया हुआ है, जिसके बाद शुक्रवार की रात्रि में यह छापामारी की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक पूछताछ पूरी की और फिर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस कार्रवाई से इलाके में अवैध शराब के कारोबारियों और अपराधियों के बीच हड़कंप मच गया है।

शराब के नषे में हंगामा कर रहे व्यक्ति को पुलिस ने दबोचा

गोगरीं। थाना क्षेत्र में शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान इटहरी गांव के बासुदेवपुर निवासी पंकज यादव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि गांव में एक व्यक्ति नशे की हालत में हंगामा कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने युवक की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से कराई। जांच में उसके शरीर में अल्कोहल की मात्रा 561 एमजीध्100 एमएल पाई गई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए गोगरी थाना लाया। इस संबंध में गोगरी थाना कांड संख्या 356ध्2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 की धारा 37 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन

बेलदौर। प्रखंड परिसर स्थित आईटी भवन के सभागार में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में दोनों पक्षों की दलीलें और दस्तावेजों की जांच के बाद मात्र एक पुराने मामलों का अन-द-स्पट निष्पादन कर दिया गया। वहीं नए एक भी आवेदन नहीं आया। इन सभी नए मामलों को अगली सुनवाई के लिए विचाराधीन रखा गया है।मामलों की सुनवाई राजस्व अधिकारी सत्यनारायण झा ने की। इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने में अंचल लिपिक पंकज कुमार ने अभिलेखीय सहयोग प्रदान किया।

ठेला चालक के साथ मारपीट,कार्रवाई की किया मांग

बेलदौर। बेलदौर नगर पंचायत स्थित शेर वासा निवासी स्वर्गीय रामदेव यादव के 50 वर्षीय पुत्र विजय यादव को दबंगों द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घटना बीते शुक्रवार की शाम की बताया जा रही है। पीड़ित विजय यादव के अनुसार, वे अपना ठेला लेकर जा रहे थे, तभी बेलदौर निवासी पप्पू साह ने पीछे से अपने अटो से उनके ठेले में टक्कर मार दी। जब विजय यादव ने इस दुर्घटना का विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ जमकर मारपीट की, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए।घटना के तुरंत बाद परिजनों ने घायल विजय यादव को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलदौर में भर्ती कराया। वहां डक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद स्थिति सामान्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी। इस घटना के बाद से पीड़ित व्यक्ति और उनका परिवार काफी डरा-सहमा हुआ है। पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से मामले में संज्ञान लेकर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

शेष खबरें पेज नं. 9 पर

पौरा में दर्जनों लोगों ने ली राजद की सदस्यता

गोगरी (एनएसबी)। प्रखंड के पौरा पंचायत में राजद जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पौरा गाँव के राजकुमार निषाद,शुशांत पटेल,नरेश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने राष्ट्रीय जनता दल का सदस्यता ग्रहण किया। पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सह राजद जिलाध्यक्ष मनोहर कुमार यादव ने कहा कि पौरा गाँव के दर्जनों लोगों ने राजद की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल ही बिहार में एक ऐसी पार्टी है जो समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों की हक की लड़ाई लड़ती है और न्याय दिलाती है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव हमेशा ही गरीब-दलित शोषित पीड़ित के लड़ाई लड़ते रहे हैं।जिसके कारण उनको मनुवादी विचारधारा के लोगों ने परेशान कर रहे हैं फिर भी वे बिहार के अंतिम पंक्ति बैठे लोगों के विकास के लिए लड़ाई जारी रखे हुए हैं। उन्होने कहा कि केंद्र की सरकार ने वोट चोरी के नियत से पहले चुनाव आयुक्त के नियुक्ति और आयुक्त के द्वारा किये गये गलती पर भी कानूनी कारवाई जैसी कानून बनाकर ज्ञानेश कुमार जैसे तोता को चुनाव आयुक्त बनाया और उससे वोट चोरी करवाकर केंद्र, बिहार और बंगाल में बीजेपी की सरकार बनवा लिया और पोल खुल रहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने दो अन्य चुनाव आयुक्त के सहमति लिए बिना एस आई आर करवाकर गलत तरीके से लोगों का वोटर लिस्ट से नाम कटवा दिया। इंडिया गठबंधन तब तक अपना आंदोलन जारी रखेगा जबतक कि मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं दे देता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजद नेता नंदलाल मंडल, उदय यादव, सुबोध यादव, चंदन सिंह, प्रमोद यादव, अजीत सरकार, नरेश यादव, पिंटू यादव, आशीष यादव, राजकिशोर राज ,शशि पासवान, अमीर खान, अरुण यादव,पूर्व सरपंच शिकारी यादव पूर्व मुखिया धर्मेंद्र यादव,सरपंच ओम प्रकाश यादव,नवल किशोर यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



राजद जिलाध्यक्ष व अन्य।

खरीफ फसल के उत्पादन भंडारण और विपणन के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड मुख्यालय अवस्थित कृषि कार्यालय सभागार में आत्मा के तहत खरीफ फसल के उत्पादन, भंडारण और विपणन पर किसान गोष्ठी आयोजित की गई। किसान गोष्ठी को प्रखंड कृषि पदाधिकारी ड् प्रभात रंजन ने दीप जलाकर शुरुआत की।षि पदाधिकारी ने कहा कि धान, मक्का, बाजरा, सोयाबीन, मूंगफली और अरहर जैसी खरीफ फसलों का वैज्ञानिक उत्पादन और उचित विपणन किसानों की आय बढ़ाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अच्छी पैदावार के लिए जून-जुलाई में मानसून की शुरुआत पर बुआई करें, प्रमाणित व कम अवधि के उन्नत बीज चुनें, खेत की गहरी जुताई करें और जल निकास का प्रबंध रखें। मिट्टी की जांच के आधार पर खाद का संतुलित उपयोग करें तथा समय पर निराई-गुड़ाई व कीट प्रबंधन करें।फसल कटाई के बाद अनाज को अच्छी तरह धूप में सुखाकर नमी-रोधी बोरियों, धातु के कोठों या वैज्ञानिक गोदामों में रखें। नीम की पत्तियों या सुरक्षित कीटनाशकों के प्रयोग से घुन और कीटों से बचाव होता है। किसान अपनी उपज वैज्ञानिक गोदामों में रखकर रसीद प्राप्त कर सकते हैं, जिससे राष्ट्रीयत बैंकों से 75 से 80 प्रतिषत तक ऋण मिल जाता है।



उद्घाटन करते अधिकारी।

बिचौलियों से बचने के लिए फसल सीधे सरकारी खरीद केंद्रों, षि उपज मंडी या ई-नाम पोर्टल पर बेचें। बीज उत्पादन के लिए ऐसी जगह पौध न उगाएं जहां पिछले साल धान था।कार्यक्रम में षि समन्वयक, तकनीकी प्रबंधक, किसान सलाहकार और दर्जनों किसान उपस्थित थे।

जनता दरबार में सीओ ने सुनीं शिकायतें, कई अधिकारी नदारद



जनता दरबार में उपस्थित लोग।

खगड़िया (एनएसबी)। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार भूमि विवादों के समाधान के लिए शनिवार को खगड़िया सदर अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे। जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन से संबंधित जुड़े मामलों की भरमार रही। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अंचलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, अवैध कब्जा, और आपसी जमीन विवाद से जुड़े सबसे अधिक आवेदन प्राप्त हुए। सीओ ने प्राप्त आवेदनों के दस्तावेजों की गहन जांच की और दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। कई मामलों में उन्होंने राजस्व कर्मियों को जल्द से जल्द स्थलीय जांच कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। बताते चले कि एक तरफ जहां सीओ मामलों की सुनवाई कर रहे थे, वहीं दूसरी तरफ अन्य विभाग के अधिकारियों नही आये। अंचलाधिकारी ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर भूमि विवादों का पारदर्शी और शांतिपूर्ण समाधान निकालना है ताकि लोगों को अदालतों के चक्कर न काटने पड़ें। उन्होंने अनुपस्थित कर्मियों को लेकर सख्त रुख अपनाने और जमीन से जुड़े सभी लंबित मामलों का समय सीमा के भीतर निष्पादन करने की बात कही। बताते चले कि सदर अंचल में भूमि संबंधित काफी मामले को लेकर लगातार लोग आते हैं। लेकिन अंचलाधिकारी के नही मिलने और कर्मियों के अनसुनी के कारण लोगों को काफी परेषानी का सामना करना पड़ता है। हालांकि षनिवार के षिविर में सीओ ने लोगों की समस्याओं को सुना। लेकिन षिविर में अन्य अधिकारियों के नदारद होने से जनता दरबार आयोजित करने का जो सरकार का उद्वेष्य है वह पूरा नही हो रहा।

बिजली के खंभा के सहारे बच्चें जाते हैं विद्यालय

बेलदौर (एनएसबी)। प्रखंड अंतर्गत दिघौन पंचायत के प्राथमिक विद्यालय छोटी तरौना में आजादी के इतने साल बाद भी इ विद्यालय तक पहुंचने के लिए पक्की सड़क नहीं है। बीच में धार होने के कारण शिक्षक और ग्रामीण अपने सहयोग से बांस व बिजली के खंभे का जुगाड़ू पुल बनाकर किसी तरह आवागमन कर रहे हैं।इस विद्यालय में 253 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं, जिनमें रोजाना करीब 190 बच्चे आते हैं और 6 शिक्षक पदस्थापित हैं। प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि इस समस्या से कई बार वरीय अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है और कई बच्चे पुल से गिरकर घायल भी हो चुके हैं। मामले की जानकारी मिलने पर बेलदौर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मनोहर कुमार ने स्वयं विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और इसे जिला पदाधिकारी के समक्ष रखकर जल्द ही जुगाड़ू पुल को दुरुस्त कराया जाएगा।ग्रामीणों का आरोप है कि विभागों की संवेदनहीनता और कमीशनखोरी के कारण आज तक स्थायी पुल या सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि इस दौरान कोई बड़ा हादसा होता है, तो इसकी नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी किसकी होगी।



विद्यालय जाते छात्र।

संक्षिप्त खबरें

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मात्र इस्तीफे तक नहीं रुकेगी आंदोलन : संजय कुमार

खगड़िया (एनएसबी)। अखिल भारतीय किसान सभा,अखिल भारतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन और भारतीय यूनियन केन्द्र(सीटू)के संयुक्त राष्ट्रव्यापी आह्वान पर ज्ञानेश भगाओ - लोकतंत्र बचाओ, संविधान बचाओ - देश बचाओ मार्च और ज्ञानेश कुमार,नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर माकपा नेता संजय कुमार ने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ निर्णायक लड़ाई पूरे देश में एक साथ शुरू हो गया है।ऐसी स्थिति में अब यह जनसंघर्ष सिर्फ वोट चोर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मात्र इस्तीफे या गिरफ्तार कर जेल में बंद करने तक नहीं रुकेगी,अब तो इस चोरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा लड़ाई लम्बी चलेगी,इसके लिए आम जनों में एक नई जोस देखा जा रहा है। संजय कुमार ने कहा भारत के लोग अब जग चुके हैं,चुकी उनके सबसे बड़े अधिकार जो मतदान करने का है,दरअसल उसी पर तानाशाह मोदी की सरकार ने चुनाव आयोग को मोहरा बना कर हमला किया है। यह बात अब सिर्फ विपक्षी दलों के कहने की बात नहीं रही,अब तो खुद चुनाव आयोग के दो आयुक्तों ने स्पष्ट कर दिया है। संजय कुमार ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार बड़े पैमाने पर सभी तरह के पुलिस फोर्स का इस्तेमाल कर उसे दवाना चाहती है। आज तो और भी केंद्र की मोदी सरकार ने दमन की सारी सीमाएं पर कर दिल्ली पहुंचने वाली 250 ट्रेनें,दिल्ली की 45 मेट्रो स्टेशनों सहित दिल्ली के सभी बोडरों को सील कर दिया और पूरे दिल्ली में हर स्तर के लाखों पुलिस की ड्यूटी लगा कर इतिहास के सबसे दमनात्मक कार्यवाई की,ताकि दिल्ली में जारी लोकतंत्र बचाने की लड़ाई को कुचला



पुतला दहन करते नेतागण।

जा सके,जो अब संभव नहीं है।उन्होंने कहा इतिहास गवाह है,अपने वाजिब अधिकारों के आवाज को ज्यादा देर तक दुनिया की कोई भी ताकत दबा नहीं सकी,यह ऐतिहासिक सच है,मगर इस सच्चाई के उलट मोदी सरकार लगातार देश के हर तबकों की आवाजों को पुलिस दमन के द्वारा दवाने की नाकाम कोशिश कर रही। उन्होने कहा कि दिल्ली में सीपीआईएम के सभी कार्यालयों को सील कर दिया गया है और पार्टी के सभी नेताओं को नजरबंद बना लिया गया। यह अंग्रेजी हुकूमत के द्वारा 1930 और आजाद भारत के इमरजेंसी के दौरान आंदोलनकारियों पर किए गए दमनात्मक कार्रवाइयों की याद को ताजा ही नहीं कर रहा है,बल्कि उससे भी पार कर गया,फिर भी यह लड़ाई अब एसआईआर. को निरस्त कर,पूर्व के मतदाता सूची की वैधता की बहाली करने तक जारी रहेगी और एसआईआरके आधार वाले मतदाता सूची पर कराए गए सभी चुनावों को तत्काल रद्द करते हुए पुराने मतदाता सूची के आधार पर बिहार सहित सभी सात राज्यों के चुनाव कराने होंगे। उन्होंने कहा चुनाव आयोग की नियुक्ति कानून को बदल कर पूर्ववर्ती कानून की बहाली करनी होगी,जिसमें प्रधानमंत्री,नेता विपक्षी दल एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश होंगे। पुतला दहन में किसान सभा के जिला सचिव विनय कुमार सिंह,बिहार प्रांतीय खेतिहर एवं ग्रामीण मजदूर यूनियन के जिला सचिव रामविनय सिंह,सीटू नेता विजय कुमार सिंह एवं संजीव कुमार,किसान नेता कुन्दन मेहता,अनिल वर्मा, शिवजी महतों,खेतिहर मजदूर यूनियन नेता रामविलास वर्मा,माला देवी,सरवन साह,महिला नेत्री मंजू देवी,युवा नेता रजनीश कुमार,अमीर कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल हुए।

गोगरी जमालपुर टेंपो स्टैंड ठेका का किया गया रद्द

गोगरी (एनएसबी)। नगर परिषद गोगरी जमालपुर ने टेंपो स्टैंड जमालपुर के बंदोबस्तदार रिषव कुमार के खिलाफ अंतिम कार्रवाई करते हुए उनकी बंदोबस्ती को रद्द कर दिया है। साथ ही डाक में जमा 20,00,100 रुपये की राशि भी जब्त कर ली गई है। कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गोगरी जमालपुर द्वारा दिनांक 09ध10ध26 को जारी आदेश में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नगर परिषद द्वारा सैरातों की बंदोबस्ती हेतु निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01ध2026-27 प्रकाशित की गई थी। दिनांक 02-05-2026 को टेंपो स्टैंड जमालपुर की डाक में कुल 05 लोगों ने भाग लिया। इसमें रिषव कुमार, साकिन उसरी वार्ड संख्या-19 ने सबसे ऊंची बोली बीस लाख एक सौ रुपये लगाई थी जिसके बाद उन्हें वसूली का आदेश दिया गया था। विभिन्न माध्यमों से एवं जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि बंदोबस्तदार रिषव कुमार द्वारा एकरारनामा की महत्वपूर्ण एवं अनिवार्य शर्तो का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। इस पर कार्यालय के माध्यम से उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी जिसमे रिषव कुमार द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण का जवाब संतोषजनक नहीं है। रिषव कुमार के द्वारा संविदा की मूल शर्तो का जानबूझकर उल्लंघन किया गया है। परवाना की कंडिकाओं में यह स्पष्ट उल्लेख है कि शर्तो का उल्लंघन किए जाने की स्थिति में नगर परिषद को बंदोबस्ती आदेश रद्द करने एवं डाक में जमा समस्त राशि जब्त करने का पूर्ण वैधानिक अधिकार है। इस संबंध में संवेदक का भविष्य में कोई भी वित्तीय दावा मान्य नहीं होगा। साथ ही इस आदेश के निर्गत होने की तिथि से संवेदक अथवा उनके द्वारा नियुक्त किसी भी अनधित व्यक्ति द्वारा उक्त स्टैंड क्षेत्र या नगर परिषद सीमा के अंतर्गत टेम्पू स्टैंड से सैरात का कार्य करना पूर्णतः अवैध और दंडात्मक माना जाएगा। यदि आदेश के बाद संवेदक या उनके कर्मियों द्वारा वसूली का प्रयास किया जाता है, तो उनके विरुद्ध सुसंगत कानूनी धाराओं के तहत तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।

पति-पत्नी विवाद के सुलझाया

बेलदौर(एनएसबी)। पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को स्थानीय मुखिया और ग्रामीण पंचों ने आपस में बैठक कर सुलझा दिया है। जानकारी के अनुसार, बेलदौर थाना क्षेत्र के बेला नौबाद गांव निवासी शंभू साह की पुत्री राधा कुमारी का विवाह 8 वर्ष पूर्व भागलपुर जिले के बिहपुर थाना क्षेत्र स्थित जयरामपुर गांव निवासी गौतम कुमार के साथ हुआ था। दोनों के दो पुत्र हैं। परिजनों के मुताबिक, गौतम शराब पीने का आदी है और इस लत के कारण उसने कई लोगों से कर्ज भी ले रखा है। शराब के नशे में वह अक्सर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मारपीट व प्रताड़ित किया करता था। मामले को लेकर बेला नौबाद पंचायत के मुखिया गौरी शंकर शर्मा एवं पूर्व सरपंच शशि शर्मा की मौजूदगी में ग्रामीण पंचों की बैठक बुलाई गई। बैठक में पंचों ने कड़ा रुख अपनाते हुए युवक को सख्त हिदायत दी। फैसला सुनाया गया कि जब तक युवक शराब पीने की बुरी आदत पूरी तरह छोड़ नहीं देता, तब तक महिला अपने बच्चों के साथ मायके में ही रहेगी। पंचों ने चेतावनी दी कि यदि अगले 6 महीनों के भीतर युवक के व्यवहार में सुधार नहीं आया और वह दोबारा शराब का सेवन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



पंचायत में मुखिया व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

मोकामा में किराना दुकान पर छापेमारी, कई ब्रांडों के नकली सामान बरामद

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। मोकामा में किराना दुकान पर छापेमारी के दौरान कई ब्रांडों के भारी मात्रा में कथित नकली सामान बरामद किए गए। कार्रवाई के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बरामद सामान की जांच की जा रही है। मामले में संबंधित दुकानदार की भूमिका और नकली उत्पादों की आपूर्ति के स्रोत का पता लगाने की कार्रवाई की जा सकती है।

उत्क्रमित मध्य विद्यालय डुमरिया में लगा स्वाद एवं पोषण मेला, बच्चों ने पौष्टिक आहार का दिया संदेश

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। ग्रामीण टाल क्षेत्र स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, डुमरिया में स्वाद एवं पोषण मेले का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टल लगाए। विद्यार्थियों ने फल, हरी सब्जियों, दालों, अनाजों तथा अन्य पोषक खाद्य पदार्थों से तैयार व्यंजनों को प्रदर्शित कर उनके पोषण संबंधी महत्व की जानकारी दी।
मेले के दौरान बच्चों ने अपने-अपने स्टल पर प्रदर्शित व्यंजनों में मौजूद पोषक तत्वों और उनके स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताया। साथ ही संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ खान-पान की आदतों को अपनाने का संदेश दिया।
इस गतिविधि से विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सहयोग, आत्मविश्वास, संवाद कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा मिला। मेले का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक भोजन के महत्व से परिचित कराना तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।
विद्यालय में आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ दैनिक जीवन में पोषण के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। संतुलित एवं पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और समुचित विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

विधायक ड़ सियाराम सिंह की पहल पर छह दिव्यांगों को मिली ट्राईसाइकिल

बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)। प्रधानमंत्री के 76वें जन्मदिवस के अवसर पर बाढ़ विधायक ड़ सियाराम सिंह के सौजन्य से छह दिव्यांगजनों के बीच ट्राईसाइकिल वितरित की गई। इस पहल का उद्देश्य जरूरतमंद दिव्यांगजनों को आवागमन में सुविधा प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने में सहयोग देना है। इस अवसर पर विधायक के प्रतिनिधि इंद्रभूषण सिंह उर्फ गब्बर सिंह मौजूद रहे। ट्राईसाइकिल मिलने से लाभार्थियों को दैनिक आवागमन में सहूलियत मिलने की उम्मीद है। जरूरतमंदों की सहायता के लिए इस तरह की पहल दिव्यांगजनों के जीवन को अधिक सुगम बनाने में सहायक हो सकती है।

विजय दशमी में रावण वध को सफल आयोजन पर बैठक

सोनपुर (एन एसबी) दिनांक 10ध्10ध्2026 संध्या 4 बजे सांसद संपर्क केंद्र सोनपुर मे रावण वध कमिटी के द्वारा रावण वध कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक धुर्व शर्मा जी की अध्यक्षता मे आहूत की गई।एवं संचालन संयोजक राजीव मुनमुन जी ने किया। मुख्य अतिथि विधायक विनय कुमार सिंह जी ने कहा की 20अक्टूबर को संध्या 5 बजे रावण वध कार्यक्रम होगा।इस इस बार पिछले बार से भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया।रावण 85 फिट का रहेगा और इस बार आर्कषक अतिशबाजी करने के लिए बाहर से टीम आ रही है। बहुत ही सुंदर नजारा होगा आतिशबाजी का । इस मीटिंग में रावण वध के स्थान की भी चर्चा हुई जो की सोनपुर अंग्रेजी बाजार मेला पुलिस लाइन रखी गई है। बैठक मे अधिवक्ता अजय सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, संजीव कुमार सिंह, रणवीर सिंह, सुबोध सिंह,राकेश कुमार सिंह,महेश कुमार, राहुल कुमार सिंह, जयंत कुमार सिंह, पवन कुमार शर्मा, गौतम कुमार,सुनील कुमार सिंह गब्बर, अंधीर राय, प्रेम कुमार शामिल थे।

भगवान भरोसे पहलेजा गंगा घाट की सुरक्षा-व्यवस्था

सोनपुर (एनएसबी) पितृ पक्ष पखवारा का आखरी दिन आश्विन ष्ण पक्ष चतुर्दशी के दिन लाखों की संख्या में श्रद्धालूओं और र्थियों का जन सैलाव उमड़ पड़ी। गंगा नदी की घाट इन दिनों किचड़ सहित दलदल बनी है। गंगा नदी घाट से सड़क पर आने और जाने में भारी परेशानी महसूस हो रही थी। इतना ही नहीं समुचित ढंग से प्रकाश व्यवस्था का भी अभाव है। सनातन धर्म में आस्था और भक्ति का समंदर है। श्रद्धालू भय और चिन्ता को दर किनार कर किचड़ और दलदल में प्रवेश कर गंगा ान कर भगवान की आराधना करते रहें। वहीं यात्री वाहन चालकों की मनमानी चरम थी। जैसे-तैसे यात्री वाहन खड़ा श्रदालुओं और भक्तों का आवागमन अवरुद्ध होता रहा है। गंगा नदी या आसपास सुरक्षा व्यवस्था पर पहल नहीं थी। जबकि गंगा नदी का जलस्तर काफी मात्रा में बढ़ा हुआ है। जबकि पहलेजा थाना के पीछे गंगा नदी घाट है।

बारिश से मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग पर जलजमाव

दो घंटे जाम में फंसे रहे लोग, विशाल मेगा मार्ट के समीप सड़क पर डेढ़ फीट तक जमा हुआ पानी

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। शनिवार की अहले सुबह करीब एक घंटे तक हुई मूसलाधार वर्षा ने मुंगेर-जमालपुर मुख्य मार्ग की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। विशाल मेगा मार्ट के समीप सड़क पर एक से डेढ़ फीट तक पानी जमा हो गया। जलजमाव के कारण सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। इस दौरान शासन-प्रशासन की गाड़ियां भी जाम में फंसी रहीं, जबकि आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।जाम के कारण कामकाजी लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में विलंब हुआ। वहीं, गंगा ान के लिए जा रही महिलाओं को भी घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा, जिससे उनका पूजा-पाठ और अन्य जरूरी कामकाज प्रभावित हुआ।जाम में फंसी पार्वती देवी, सरिता कुमारी, कल्पना देवी, खुशबू कुमारी, पूजा देवी, उर्मिला देवी, सरस्वती देवी, प्रवीण कुमार, चंदन कुमार, जितेंद्र कुमार और अमित कुमार सहित अन्य लोगों ने बताया कि जब-जब वर्षा होती है, तब-तब इस स्थान पर जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके कारण सड़क पर जाम लगना आम बात हो गई है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क किनारे नालों की नियमित सफाई नहीं होने से वर्षा का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं रहने के कारण लोगों को हर बार इस समस्या से जूझना पड़ता है। लोगों ने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर नालों की सफाई और जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान यातायात बाधित न हो और आम लोगों को राहत मिल सके।



जाम में फंसा वाहन की लंबी कतार।

प्रतियोगिता में खेलने आए खिलाड़ी भूखे-प्यासे लौटे, व्यवस्था पर उठे सवाल

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। खेल मैदान पर प्रतिभा दिखाने पहुंचे खिलाड़ियों को जब भोजन और पीने के पानी के लिए जूझना पड़े तो खेल आयोजन की व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है।जमालपुर के रामपुर मैदान में आयोजित प्रमंडलीय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला। अव्यवस्था से नाराज कई खिलाड़ी प्रतियोगिता बीच में छोड़कर लौट गए।बेगूसराय और शेखपुरा से आए खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि सुबह से खेल में भाग लेने के बावजूद निर्धारित समय पर भोजन नहीं मिला। खिलाड़ियों के अनुसार, सुबह 11 बजे भोजन देने की बात कही गई थी, लेकिन शाम तक इंतजार करना पड़ा। भूख-प्यास से परेशान बच्चों ने जिम्मेदार लोगों के समक्ष नाराजगी भी जताई, लेकिन तत्काल व्यवस्था नहीं हो सकी। मैदान पर मौजूद रेफरी प्रशांत कुमार ने बताया कि मुंगेर के 50 और बेगूसराय व शेखपुरा के 72 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल थे। इसके बावजूद महज 45 पैकेट भोजन ही पहुंचा। भोजन कम पड़ने के कारण सभी खिलाड़ियों को खाना नहीं मिल सका। रेफरी ने बताया कि उन्होंने खुद भी भोजन नहीं किया और उपलब्ध खाना भूखे बच्चों को दे दिया।इधर मुंगेर के इंडोर स्टेडियम में ठहरे खिलाड़ियों ने भी भोजन में देरी और ठहरने की अपर्याप्त व्यवस्था की शिकायत की। प्रतियोगिता में छह जिलों के खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचे हैं।जिला खेल पदाधिकारी कमल किशोर ने जमालपुर में लापरवाही स्वीकार करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है।


मैदान से बाहर निकलते खिलाड़ी।

वोट चोरी के आरोप पर विपक्ष का दोहरा चरित्र बेनकाब : जदयू नेता

हारने पर चुनाव आयोग पर सवाल, जीतने पर लोकतंत्र की जीत

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। वोट चोरी के आरोपों को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए जदयू नेताओं ने इसे दोहरा चरित्र करार दिया है। जदयू के प्रखंड अध्यक्ष मुनीलाल मंडल, जिला सचिव गोपाल ष्ण और जदयू नेता प्रशांत कुमार ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी सहित विपक्ष के नेता चुनाव में हार के बाद वोट चोरी का आरोप लगाते हैं, जबकि जीत मिलने पर उसी चुनाव प्रक्रिया को लोकतंत्र की जीत बताते हैं।तीनों नेताओं ने सवाल उठाया कि यदि चुनाव में वोट चोरी हो रही है और चुनाव आयोग पर पक्षपात के आरोप सही हैं, तो कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के सांसद और विधायक कैसे निर्वाचित हुए राहुल गांधी की वायनाड और रायबरेली से जीत तथा कांग्रेस के 99 लोकसभा सदस्यों के निर्वाचन का उल्लेख करते हुए उन्होंने विपक्ष से अपने आरोपों पर स्पष्ट जवाब देने की मांग की।जदयू नेताओं ने कहा कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस, तमिलनाडु में द्रमुक, केरल में वामपंथी दलों, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, पंजाब में आम आदमी पार्टी और झारखंड में झामुमो की सरकारें भी चुनाव के माध्यम से बनी हैं। ऐसे में विपक्ष को अपनी जीत और हार, दोनों के संदर्भ में एक समान ष्टिकोण अपनाना चाहिए।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन आरोपों के समर्थन में ठोस प्रमाण भी प्रस्तुत किए जाने चाहिए। नेताओं ने विपक्ष से राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदार रवैया अपनाने की अपील की।


जानकारी देते जदयू नेता।

लावारिस बैगों से 19 बोतल विदेशी शराब बरामद

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। त्योहारों के मौसम में रेलवे स्टेशनों पर अवैध शराब की तस्करी और संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के बीच आरपीएफ की टीम ने कजरा रेलवे स्टेशन पर बड़ी कार्रवाई की है। शनिवार को प्लेटफर्म संख्या एक पर वेटिंग हल के समीप लावारिस अवस्था में रखे तीन बैगों की तलाशी लेने पर 19 बोतल विदेशी व्हिस्की बरामद हुई। बरामद शराब की कुल मात्रा 1425 लीटर है। बोतलों पर लगे लेबल के अनुसार शराब केवल हरियाणा राज्य में बिक्री के लिए अंकित थी। इंस्पेक्टर सुजीत कुमार यादव ने बताया कि पोस्ट अभयपुर के उप निरीक्षक जेआर मीणा के नेतृत्व में जवान त्योहारों के मद्देनजर विशेष छापेमारी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान दोपहर रेलवे स्टेशन के वेटिंग हल के पास तीन बैग लावारिस हालत में दिखाई दिए। टीम ने बैगों के मालिक का पता लगाने के लिए आसपास मौजूद यात्रियों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी बैग पर अपना दावा नहीं किया।स्वतंत्र गवाह के लिए यात्रियों से अनुरोध किया गया, लेकिन कोई तैयार नहीं हुआ। इसके बाद जीआरपी जमालपुर के कांस्टेबल चंदन कुमार को गवाह बनाकर नियमानुसार बैगों की तलाशी ली गई। तलाशी में सफेद बैग से रयल स्टैग की सात, नारंगी बैग से रयल चौलेंज की छह और हरे रंग के बैग से रयल ग्रीन की छह बोतलें बरामद हुईं। सभी बोतलें 750 एमएल की थीं।कार्रवाई में उप निरीक्षक के साथ कांस्टेबल राकेश कुमार, केके मंडल और रजनीश कुमार शामिल थे।


बरामद शराब को दिखाते आरपीएफ।

उत्कृष्ट अनुसंधान और त्वरित कार्रवाई करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

आठ अभियुक्तों को सजा दिलाने से लेकर 36 घंटे में 8.46 लाख की लूट का खुलासा करने वाली टीम को मिला सम्मान

मुंगेर (एनएसबी)। मुंगेर जिले में अपराध अनुसंधान, सफल अभियोजन और त्वरित कार्रवाई के जरिए बेहतर पुलिसिंग का उदाहरण पेश करने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुलिस उपमहानिरीक्षक मुंगेर राकेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने सम्मानित किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कांडों के उद्भेदन और दोषियों को सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिसकर्मियों को पुरस्त किया गया।मुफस्सिल थाना कांड संख्या 78ध्25 में प्रभावी अनुसंधान, अभियोजन कोषांग, त्वरित विचारण शाखा, न्यायालय में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों और लोक अभियोजक के समन्वित प्रयास से 7 सितंबर 2026 को न्यायालय ने आठ अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई। इस उपलब्धि पर अनुसंधानकर्ता दीपक कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, मो. निसार आलम सहित संबंधित पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। सफल अभियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लोक अभियोजक संजय कुमार सिंह को भी पुरस्त किया गया।वहीं कोतवाली थाना कांड संख्या 155ध्26 में अपहृत तीन वर्षीय बालक को भोजपुर जिले के आरा से सकुशल बरामद करने पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी और उनकी टीम को प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस कार्रवाई में भोजपुर पुलिस और जिला आसूचना इकाई का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।इधर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 296ध्26 में पुलिस ने महज 36 घंटे के भीतर लूटकांड का खुलासा करते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उनके पास से लूटे गए 846 लाख रुपये और बाइक बरामद की गई। इस सफल कार्रवाई में शामिल पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।पुलिस की इन उपलब्धियों को अपराध नियंत्रण, त्वरित अनुसंधान और प्रभावी अभियोजन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


पुरस्कृत करते डीआईजी।

संक्षिप्त खबरें

मैनावती-सुखदेव उच्च विद्यालय में घोर अनियमितताएं

सोनपुर (एनएसबी) मैनावती-सुखदेव उच्च विद्यालय, नवडीहं, सैदपुर, सोनपुर का अनुदानित विद्यालय है। विद्यालय का प्रधानाध्यापक-सह-पदेन सचिव रणजीत सिंह है। विद्यालय संचालन में अनियमितता का आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला लगातार जारी है। शिक्षकों के अभाव में छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन दो से तीन घंटा ही मात्र चलती आ रही है। कमिटी सदस्यों का विरोध के बावजूद प्रधानाध्यापक-सह-पदेन सचिव अपने ढंग से विद्यालय का संचालन कर रहें हैं। छात्र-छात्राओं के अभिभावक में रोश व्याप्त है। अभिभावक अपने बच्चों को मैनावती सुखदेव उच्च विद्यालय का कार्यकलाप से क्षुब्ध होकर अन्य विद्यालय का शरण लेने की चर्चा अक्सर होती रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि विद्यालय में शिक्षकों अभाव है। विद्यालय कमिटी सदस्य राज किशोर सिंह ने बताया कि यह विद्यालय सरकारी अनुदान पर निर्भर है और सरकार द्वारा मिली राशि की दो्चार विद्यालय कर्मियों बीच राशि बटवारा होती आ रही है। विद्यालय में अंग्रेजी, संस्त, हिन्दी, गणित विज्ञान विषयों तथा अन्य विषयों की शिक्षकों कमी है। शिक्षक नियुक्ति के लिए दो बार अखबार में विज्ञापन निकाली गई। अभिर्थियों का आवेदन भी विद्यालय में आया, लेकिन प्रधानाध्यापक-सह-पदेन सचिव अपने विशेषाधिकार का हवाला देते हुए, आज तक शिक्षकों कि नियुक्ति नहीं की और न ही कमिटी की बैठक बुलाई। इस विद्यालय में 15 लोगों की एक टीम है और विद्यालय संचालन में कमिटी की सहभागिता अनिवार्य बताई जा रही है। लेकिन प्रधानाध्यापक विद्यालय की नियमों की अनदेखी कर कार्य कर रहे हैं। विद्यालय संचालन हेतू प्रर्याप्त मात्रा में सरकारी जमीन उपलब्ध है और प्रधानाध्यापक की अन्देखी के कारण किसी और के कब्जे में है। वहीं विद्यालय में लेखा-जोखा का रजिस्टर उपलब्ध नहीं है तथा कागजों तक ही सीमित है। विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य राज किशोर सिंह शिक्षा विभाग में प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालय कार्यकलाप लिखित आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के एक मजबूत स्तंभ थे मुलायम : पप्पू

चौथी पुण्यतिथि पर सपाईयों ने पार्टी के संस्थापक धरतीपुत्र मुलायम को किया नमन

मुंगेर (एनएसबी)। समाजवादी पार्टी के संस्थापक भारतीय राजनीति के संकट मोचन समाजवाद के अद्भुत नायक पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष धरतीपुत्र श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव के चौथी पुण्यतिथि शनिवार को समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय बाजार में सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जहां उपस्थित सपाईयों ने अपने महान पुरोधा की तस्वीर पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि निवेदित कर समाजवादी आन्दोलन को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि लोहिया के बाद के लोहिया के धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के मजबूत स्तंभ थे आज जब देश पर सांप्रदायिक शक्तियां लगातार संविधान पर हमला कर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचल देश को गृहयुद्ध में झोकने की तैयारी कर रहा है ऐसी परिस्थितियों में धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव बहुत याद आते हैं श्री यादव ने कहा कि राष्ट्र के मौकापरस्तो फिरकापरस्तों को जमीनदोंज कर समाजवाद का अलख जगाना का संकल्प ही हमारे नेता के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।वही श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा जिला उपाध्यक्ष बच्चू राय चंद्रवंशी ने कहा की मुलायम सिह यादव समाजवाद की वो फिंजा थे जिसने समाज में समानता, न्याय और सौहार्द सुनिश्चित करने के लिए जीवनपर्यत अथक प्रयास कर उपेक्षित व वंचित वर्गो को सदैव साहस और प्रेरणा देते रहें हैं तज्ञ राष्ट्र उन्हें सदैव याद करेगा। मौके पर महासचिव मिथलेश यादव सचिव नकुल यादव मुंगेर नगर अध्यक्ष मो आजम मिडिया प्रभारी मनोज क्रांति गोपाल वर्मा छडपन मंडल अशोक शर्मा कालेश्वर महतो मथुरी यादव सहित अन्य लोग शामिल थे।


पुण्यतिथि मनाते समाजवादी पार्टी।

नशामुक्त भारत अभियान के तहत विद्यार्थियों ने ली नशे से दूर रहने की शपथ

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। नशामुक्त भारत के निर्माण और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मुंगेर सह जमालपुर की ओर से नशामुक्ति शपथ महाअभियान चलाया गया। इसके तहत भारतीय आर्य विद्यालय, जमालपुर में करीब 100 छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ दिलाई गई।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य और भविष्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार की खुशहाली और सामाजिक व्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर डालता है। युवाओं को नशे से बचने, दूसरों को जागरूक करने और समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। यह अभियान भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा संबंधित विभागों की नशामुक्ति पहल के तहत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्था की मुंगेर सह-संचालिका मनीषा दीदी, हर्षिता दीदी, विनोद भाई, दिलीप भाई, सुबोध भाई एवं मिलिंद भाई उपस्थित रहे।कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों से आह्वान किया गया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा समाज के लोगों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करें।


स्कूली बच्चों को जागरुक करते ब्रह्माकुमारी की दीदी।

पितरों के तर्पण और पंचयज्ञ से सुख-शांति व समृद्धि की कामना

जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)। पितरों के प्रति तज्ञता व्यक्त करने और दिवंगत आत्माओं की शांति व सद्गति की कामना के साथ शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ, जमालपुर में पितृ अमावस्या पर सामूहिक तर्पण एवं पंचयज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने देवताओं, ऋषियों, दिव्य मानवों और पितरों को दूध, जल, तिल, जौ, अक्षत और गुलाब जल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।आचार्य मनोज मिश्र ने विधि-विधान से पितृ यज्ञ, तर्पण और पिंडदान संपन्न कराते हुए कहा कि मनुष्य देवताओं, ऋषियों, महापुरुषों, माता-पिता, कुटुंबियों, प्रति, समाज और राष्ट्र के प्रति ऋणी है। पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों के प्रति भी हमारा दायित्व है। पितरों के प्रति तज्ञता, दान, ध्यान और परमार्थ के कार्य जीवन में सद्भाव बढ़ाते हैं। पूर्वजों का आशीर्वाद परिवार और समाज में सुख-शांति तथा प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है।आयोजन में करीब 80 श्रद्धालुओं ने प्रातिक आपदाओं, दुर्घटनाओं और बीमारियों में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक ध्यान एवं जप किया। गाय, कुत्ते, चींटी, कौवे और पीपल के लिए विशेष खाद्य सामग्री अर्पित की गई। श्रद्धालुओं ने सद्साहित्य के स्वाध्याय और जनकल्याणकारी कार्यो के लिए यथाशक्ति दान करने का संकल्प भी लिया।गायत्री शक्तिपीठ के प्रधान ट्रस्टी ष्ण चंद्र चौरसिया ने निर्माण कार्यो तथा गायत्री मिशन के माध्यम से आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में सद्साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डाला। युग गायक राजनाथ मंडल ने गुरु वंदना, प्रार्थना और प्रेरणागीत प्रस्तुत किए। आयोजन की सफलता में विपिन कुमार चौरसिया, शंभू सिंह, प्रज्ञा सहित अन्य परिजनों का योगदान सराहनीय रहा।

संक्षिप्त खबरें

आंधी-पानी से फसल बर्बाद, किसानों ने मांगा मुआवजा

तैयार धान की फसल गिरी, सब्जियों को भी भारी नुकसान; माले और किसान महासभा की टीम ने किया निरीक्षण

ताजपुर/समस्तीपुर/एनएसबी। ताजपुर प्रखंड क्षेत्र में शनिवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में तैयार धान की फसल गिर गई, जबकि फूलगोभी, बंदगोभी, बैंगन, मिर्च, बरबट्टी, नेनुआ, कद्दू, सीम और केला सहित विभिन्न सब्जियों की खेती भी प्रभावित हुई है। जलजमाव के कारण कई खेतों में सब्जियों की फसल बर्बाद हो गई। इसके अलावा पेड़-पौधों और सड़क किनारे लगे कई पेड़ों के गिरने के साथ कुछ मकानों के क्षतिग्रस्त होने की भी खबर है। क्षति का जायजा लेने के लिए भाकपा माले और अखिल भारतीय किसान महासभा की संयुक्त टीम ने प्रखंड के विभिन्न इलाकों का दौरा कर प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। टीम का नेतृत्व भाकपा माले के प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह और अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह ने किया। निरीक्षण के बाद नेताओं ने प्रखंड कृषि पदाधिकारी से फसलों, पेड़-पौधों और मकानों को हुए नुकसान की तत्काल जांच कराने तथा प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि आंधी-पानी से किसानों की महीनों की मेहनत बर्बाद हो गई है। तैयार धान और सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचने से किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। नेताओं ने सरकार से अगली फसल की तैयारी के लिए किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी और कृषि यंत्र निःशुल्क उपलब्ध कराने तथा कृषि ऋण माफ करने की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षति का निष्पक्ष आकलन कराकर किसानों को अविलंब राहत एवं मुआवजा दिया जाए, ताकि वे आर्थिक संकट से उबरकर दोबारा खेती शुरू कर सकें।

सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करना सीखेंगे विद्यार्थी

विद्यापतिनगर के विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम, आपदा से बचाव और सड़क सुरक्षा पर दी गई जानकारी

विद्यापतिनगर एनएसबी। बिहार शिक्षा परियोजना और शिक्षा विभाग के निर्देश पर शनिवार को विद्यापतिनगर प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से बचाव, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की सहायता करने और उन्हें समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के तरीकों पर चर्चा की गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि सड़क दुर्घटना होने पर घबराने के बजाय धैर्य और समझदारी से काम लेना चाहिए। घायलों की सहायता करते समय अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना भी जरूरी है। दुर्घटना की स्थिति में संबंधित आपातकालीन सेवाओं को सूचना देकर घायल व्यक्ति तक जल्द चिकित्सा सहायता पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए।

आपदा के समय सतर्कता और समझदारी जरूरी

विद्यालय की शिक्षिका डॉ. प्रीति कुमारी ने बच्चों को प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में घबराहट से बचते हुए सतर्कता और समझदारी से काम लेना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि आपदा के दौरान सुरक्षित स्थान पर पहुंचना, उपलब्ध संसाधनों का सही उपयोग करना और जरूरतमंद लोगों की मदद करना महत्वपूर्ण है। जागरूकता और सावधानी के माध्यम से दुर्घटनाओं तथा आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है।

बच्चों को जिम्मेदार नागरिक बनाने की पहल

विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अमित भूषण ने कहा कि सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आपदाओं के प्रति जागरूक और जिम्मेदार बनाना है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना विकसित होती है। बच्चे संकट की स्थिति में अपनी सुरक्षा के साथ-साथ दूसरों की सहायता करने के प्रति भी सजग बनते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित रूप से सुरक्षा संबंधी जानकारी देने से बच्चों में आपात परिस्थितियों का सामना करने की समझ विकसित होती है। सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और दुर्घटना के समय सही कदम उठाने की जानकारी उनके दैनिक जीवन में भी उपयोगी साबित होती है। कार्यक्रम में प्रशिक्षक विपिन कुमार सिंह, राजीव कुमार, आशुतोष कुमार, डॉ. प्रीति कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मी उपस्थित रहे।

मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 16-17 अक्टूबर को विशेष अभियान

सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लगेंगे कैंप, फॉर्म-6 के जरिए पात्र नागरिक करा सकेंगे पंजीकरण

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों को एक और अवसर देने के लिए समस्तीपुर जिले में 16 और 17 अक्टूबर को विशेष कैंप आयोजित किए जाएंगे। जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर लगने वाले इन कैंपों में पात्र नागरिकों से प्रपत्र-6 के माध्यम से आवेदन लेकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का पालन करते हुए विशेष कैंपों का व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने को कहा।

मतदाता सूची से छूटे पात्र लोगों पर रहेगा फोकस

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में जिन पात्र नागरिकों के नाम शामिल नहीं हैं और निरंतर अद्यतीकरण के दौरान भी उनका पंजीकरण नहीं हो सका है, उनसे प्रपत्र-6 में आवेदन प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों की सूची तैयार कर संबंधित बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को उपलब्ध कराई जाए। साथ ही आवेदनों का विवरण दर्ज करने के लिए निर्धारित पंजी का संधारण किया जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया का रिकॉर्ड उपलब्ध रहे। बैठक में यह भी बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण से पहले और बाद में मतदान केंद्रों की संख्या में युक्तिकरण के कारण बदलाव हुआ है। ऐसे में मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों की पहचान करने में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। इसके लिए पुनरीक्षण के दौरान तैयार एएसडी सूची का बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से सत्यापन कराने तथा उपलब्ध जानकारी के आधार पर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

कैंपों में उपलब्ध रहेंगे जरूरी प्रपत्र

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि विशेष कैंपों में प्रपत्र-6, प्रपत्र-7 और प्रपत्र-8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रखे जाएं, ताकि लोगों को आवेदन करने में किसी तरह की परेशानी न हो। प्रपत्र-6 के माध्यम से पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। वहीं, अन्य प्रपत्रों का उपयोग संबंधित निर्वाचन प्रक्रियाओं के लिए नियमानुसार किया जाएगा। कैंपों में प्रपत्र-6 भरने वाले आवेदकों और वर्तमान मतदाता सूची में शामिल मतदाताओं का जनसांख्यिकीय विवरण भी तैयार किया जाएगा। इसे जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा जिला जनसंपर्क कार्यालय को भेजा जाएगा, ताकि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय को उपलब्ध कराया जा सके। विशेष कैंपों में होने वाली प्रमुख गतिविधियों की वीडियोग्राफी कराने का भी निर्देश दिया गया है, जिससे अभियान के संचालन और गतिविधियों का रिकॉर्ड रखा जा सके।

बीएलओ के कार्यों की प्रतिदिन होगी निगरानी

डीएम ने बीएलओ पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे बूथ लेवल अधिकारियों के कार्यों की प्रतिदिन निगरानी करें। साथ ही उनके द्वारा संधारित पंजी का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें। इससे आवेदन प्राप्त करने, सत्यापन और अन्य संबंधित प्रक्रियाओं की प्रगति पर नजर रखी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि विशेष कैंपों के दिन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी स्वयं मतदान केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि पात्र नागरिकों को आवेदन करने में कोई परेशानी नहीं हो और निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप कार्य संपन्न हो। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

समस्तीपुर के 4.57 लाख पेंशनधारियों के खातों में भेजे गए 52.55 करोड़ रुपये

छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभुकों को मिली राशि, अब हर महीने मिलेंगे 1100 रुपये



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। समस्तीपुर जिले के 4 लाख 57 हजार 896 पेंशनधारियों के बैंक खातों में शनिवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत सितंबर माह की पेंशन और बकाया राशि अंतरित की गई। इसके तहत जिले में कुल 52 करोड़ 55 लाख 68 हजार 300 रुपये का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किया गया। पात्र लाभुकों को अब प्रतिमाह 1100 रुपये की दर से पेंशन उपलब्ध कराई जा रही है।

जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अनुसार, जिले में विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता दी जा रही है। पेंशन की राशि सीधे लाभुकों के बैंक खातों में भेजी जाती है, ताकि भुगतान प्रक्रिया पारदर्शी रहे और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो। नियमित आर्थिक सहायता से जरूरतमंद लाभुकों को अपनी दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।

छह योजनाओं के लाभुकों को मिला लाभ

जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 85,388 लाभुकों, विधवा पेंशन योजना के 27,286 लाभुकों और निःशक्तता पेंशन योजना के 3,282 लाभुकों के खातों में राशि भेजी गई।

इसी तरह मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 2,29,453 लाभुकों, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 42,024 लाभुकों तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 70,463 लाभुकों को भी भुगतान किया गया। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को नियमित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है। पेंशन की राशि से लाभुकों को दवाइयों, भोजन और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करने में सहूलियत मिलती है। जीवन प्रमाणीकरण और आधार सीडिंग जरूरी

पेंशन भुगतान के अवसर पर जिला स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम का प्रसारण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी पेंशनधारियों से जीवन प्रमाणीकरण (लाइफ सर्टिफिकेशन) और आधार सीडिंग की प्रक्रिया अनिवार्य रूप से पूरी कराने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जीवन प्रमाणीकरण और आधार से संबंधित आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी रहने से पेंशन भुगतान नियमित बनाए रखने में मदद मिलती है। इसलिए सभी लाभुक समय रहते आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर लें, ताकि भविष्य में पेंशन की राशि प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हो। कार्यक्रम में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग के सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और पेंशनधारी उपस्थित रहे।

विद्यापतिनगर में आठ भूमि विवादों की सुनवाई, चार का तत्काल निष्पादन

विद्यापतिनगर एनएसबी। भूमि विवादों के त्वरित समाधान और आम लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को विद्यापतिनगर अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें भूमि विवाद से संबंधित कुल आठ मामले सुनवाई के लिए पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधित पक्षों की शिकायतें सुनने और उपलब्ध कागजातों के आधार पर विचार-विमर्श करने के बाद चार मामलों का मौके पर निष्पादन कर दिया। शेष चार मामलों के समाधान के लिए आवश्यक प्रक्रिया अपनाने की पहल की गई। जनता दरबार में राजस्व अधिकारी अरुण कुमार शर्मा और थानाध्यक्ष सूरज कुमार मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं और भूमि विवादों से संबंधित मामलों की जानकारी ली। संबंधित पक्षों से उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर विवाद की स्थिति समझने का प्रयास किया गया।



राजस्व और पुलिस की संयुक्त मौजूदगी में सुनवाई

भूमि विवादों की सुनवाई के दौरान राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त मौजूदगी रही। अधिकारियों ने संबंधित लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की। जनता दरबार में भूमि से जुड़े विभिन्न विवादों को लेकर फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने मामलों की प्रकृति और उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर निष्पादन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई। जिन मामलों में समाधान संभव हुआ, उनका निष्पादन किया गया। शेष मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आगे की कार्रवाई करने की पहल की गई।

समस्तीपुर में भारी बारिश जगह-जगह जलजमाव और बिजली बाधित

159.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज, कई इलाकों में गिरे पेड़; शाम को पूसा में बहाल हुई बिजली

समस्तीपुर कार्यालय। जिले में शनिवार, 10 अक्टूबर की सुबह हुई भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लगातार बारिश के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। कई जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन प्रभावित हुआ, वहीं बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। बारिश और जलजमाव के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पूसा क्षेत्र में भी बिजली आपूर्ति बाधित रही, जिसे शाम के समय बहाल किया गया। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा स्थित जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र के मौसम संबंधी आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 7 डिग्री कम था। मौसम के इन आंकड़ों से तापमान में उल्लेखनीय गिरावट का पता चलता है। मौसम केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में 159.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सुबह सात बजे सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत और दोपहर दो बजे 81 प्रतिशत रही। हवा की गति 4.8 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई, जबकि हवा की दिशा पुरवा रही। वाष्पोत्सर्जन 0.7 मिलीमीटर रिकॉर्ड किया गया। सुबह हुई मूसलाधार बारिश के कारण जिले के कई इलाकों में सड़कों और निचले स्थानों पर पानी जमा हो गया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। कई जगहों पर पेड़ गिरने की सूचना से सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ। बारिश के दौरान बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं। पूसा में शाम के समय बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

दलसिंहसराय में सात भूमि विवाद पहुंचे जनता दरबार, दो मामलों का हुआ समाधान

पांच पुराने और दो नए मामलों की हुई सुनवाई, शेष मामलों में अगली तारीख निर्धारित

दलसिंहसराय एनएसबी। भूमि विवादों के निपटारे को लेकर शनिवार को दलसिंहसराय अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल सात मामलों की सुनवाई की गई। इनमें पांच पुराने और दो नए मामले शामिल थे। संबंधित कागजातों की जांच-पड़ताल और पक्षकारों के बीच आपसी सहमति के आधार पर दो मामलों का निष्पादन किया गया। शेष मामलों के समाधान के लिए अगली तारीख निर्धारित की गई।

जनता दरबार में भूमि विवाद से जुड़े लोगों ने अपनी शिकायतें रखीं। अधिकारियों की ओर से उपलब्ध दस्तावेजों की जांच की गई और मामलों से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की गई। सुनवाई के दौरान विवादों के समाधान के लिए आपसी सहमति बनाने का प्रयास किया गया।

अंचल अधिकारी की अनुपस्थिति में हुई सुनवाई

जिला मुख्यालय में बैठक में व्यस्त रहने के कारण अंचल अधिकारी जनता दरबार में उपस्थित नहीं हो सके। उनकी अनुपस्थिति में राजस्व कर्मचारी कृष्ण कांत मंडल और कार्यालय सहायक राम कुमार कर्ण ने मामलों से जुड़े लोगों की मौजूदगी में सुनवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाई।

जनता दरबार में पुराने मामलों के साथ दो नए मामले भी सामने आए। सभी सात मामलों के कागजातों की जांच-पड़ताल की गई। इसके बाद आपसी सहमति से दो मामलों का निष्पादन किया गया। शेष मामलों में आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के लिए अगली तारीख तय की गई।

लंबित मामलों के समाधान की दिशा में पहल

भूमि विवादों के कारण लोगों को कई बार लंबे समय तक परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे मामलों में जनता दरबार के माध्यम से संबंधित पक्षों को अपनी बात रखने और दस्तावेज प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है।

नियमित सुनवाई से विवादों की स्थिति स्पष्ट करने और उनके समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद मिलती है। शनिवार को आयोजित जनता दरबार में भी मामलों की जांच-पड़ताल कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

त्योहारों में भीड़ और भगदड़ से बचाव के बताए गए उपाय

मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में सुरक्षित शनिवार का आयोजन, बच्चों को प्रशासन के निदेर्शों का पालन करने की दी गई सीख



समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भीड़ से उत्पन्न होने वाले खतरों तथा भगदड़ की आशंका को देखते हुए शनिवार को समस्तीपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को भीड़ प्रबंधन, भगदड़ से बचाव और आपातकालीन परिस्थितियों में सुरक्षित रहने के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नोडल शिक्षिका बीवी शकीला रहमान ने दशहरा, छठ और मोहर्रम जैसे पर्वों के दौरान भीड़ से उत्पन्न होने वाले जोखिमों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि धार्मिक आयोजनों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, दर्शक और आम लोग एकत्रित होते हैं। ऐसे में लापरवाही, अफवाह या अव्यवस्थित आवाजाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।

भीड़ में घबराने के बजाय बरतें सतर्कता

कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि भीड़भाड़ वाले स्थानों पर धक्का-मुक्की से बचना चाहिए। किसी भी तरह की अफवाह फैलने पर घबराकर भागने के बजाय स्थिति को समझते हुए सुरक्षित स्थान की ओर बढ़ना चाहिए। प्रशासन और पुलिस की ओर से जारी निदेर्शों का पालन करना भी जरूरी है।

बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। भीड़ के बीच प्रवेश और निकास के रास्तों की जानकारी रखने तथा अनावश्यक धक्का-मुक्की से दूर रहने की सलाह दी गई।

नोडल शिक्षिका ने कहा कि किसी व्यक्ति के घायल या बीमार होने की स्थिति में उसकी मदद करते हुए संबंधित प्रशासनिक और चिकित्सा सेवाओं को सूचना देनी चाहिए। अफवाहों पर विश्वास करने या उन्हें आगे फैलाने से बचना भी आवश्यक है।

विद्यालय में आपदा प्रबंधन की जानकारी

प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदाओं और दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करना है। बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी देकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से विद्यार्थी स्वयं सतर्क रहने के साथ अपने परिवार और समाज के लोगों को भी सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक कर सकते हैं।

कार्यक्रम में शिक्षक संजीव कुमार झा, विमल कुमार साह, विनय सिंह, कैलाश राम, दिवाकर कुमार सिंह, मो. सादुल्लाह, बिमला कुमारी, अंजुमन शाहीन, इंदिरा कुमारी, विभा कुमारी, खुशबू राय, रुचि वर्मा और कोमल पांडे सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। शिक्षा सेवक कैलाश सदा के साथ बाल संसद, मीना मंच, यूथ क्लब और इको क्लब के सदस्यों ने भी कार्यक्रम में सहयोग किया।

सुबह की मूसलाधार बारिश से विद्यापतिनगर में बिगड़े हालात

सड़कों पर जमा हुआ पानी, दिन में ही छाया अंधेरा; हेडलाइट जलाकर चलते रहे वाहन चालक

विद्यापतिनगर एनएसबी। प्रखंड क्षेत्र में शनिवार की सुबह अचानक हुई तेज बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। सुबह से ही आसमान में घने काले बादल छाए रहने के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। वहीं, तेज बारिश के बाद कई जगहों पर सड़कों पर पानी जमा हो गया, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थिति ऐसी हो गई कि वाहन चालकों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर सड़क पर चलना पड़ा। सुबह के समय मौसम में अचानक आए बदलाव से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई। जरूरी काम से घरों से निकले लोगों को बारिश के बीच अपने गंतव्य तक पहुंचने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़कों पर जलजमाव के कारण राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों की परेशानी बढ़ गई।



दिन में ही शाम जैसा नजारा

शनिवार की सुबह आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के कारण वातावरण में अंधेरा छा गया और कुछ समय के लिए ऐसा महसूस हुआ मानो शाम हो गई हो। कम रोशनी के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर आवागमन करना पड़ा।

बारिश के दौरान दृश्यता कम होने से सड़क पर चलने वाले वाहनों की रफ्तार धीमी पड़ गई। ऐसे में चालकों को सावधानी बरतते हुए आगे बढ़ना पड़ा। खासकर दोपहिया वाहन चालकों को सड़क पर जमा पानी और कम दृश्यता के कारण अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ी।

जलजमाव से राहगीरों की बढ़ी परेशानी

तेज बारिश के बाद प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न सड़कों पर पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में दिक्कत हुई। राहगीरों को जलजमाव के बीच से गुजरना पड़ा। जरूरी काम से बाहर निकले लोगों को बारिश थमने का इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ लोगों को भीगते हुए अपने गंतव्य तक पहुंचना पड़ा।

बारिश के कारण बाजार और सड़कों पर सामान्य गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। अचानक बदले मौसम ने लोगों को असहज कर दिया। हालांकि, बारिश से संबंधित किसी बड़े नुकसान की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

जलनिकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

बारिश के बाद सड़कों पर पानी जमा होने से जलनिकासी व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे। स्थानीय स्तर पर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था रहने से बारिश के पानी को जल्द निकालने में मदद मिल सकती है। जलजमाव के कारण लोगों को होने वाली परेशानी से बचाने के लिए नियमित जलनिकासी व्यवस्था का दुरुस्त रहना जरूरी है। तेज बारिश ने एक बार फिर शहरी और ग्रामीण सड़कों पर जलजमाव की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया है। लोगों को उम्मीद है कि संबंधित स्तर पर जलनिकासी की व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने 9 जिंदा कारतूस के साथ 2 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। दिनांक 09.10.2026 को बुनियादगंज थाना को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम मानपुर संगत पर एक व्यक्ति अवैध जिंदा कारतुस रखे हुए है। सूचना पर थानाध्यक्ष बुनियादगंज थाना एवं बुनियादगंज थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मी के साथ ग्राम मानपुर संगत पर पहुँचे तो पुलिस बल को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा जिसे साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। इस संबंध एसएसपी ने बताया कि पकड़ाए व्यक्ति का नाम व पता पुछने पर उसने अपना नाम 01. अंशुराज, पे0 मिथलेश चैधरी, सा0 मानपुर बाजार, थाना बुनियादगंज जिला गया बताया। तत्पश्चात पकड़ाए व्यक्ति का विधिवत तलाशी लिया गया तो तलाशी के क्रम में ट्राउजर के दाहिने पॉकेट से 09 जिंदा कारतुस बरामद किया गया। उक्त व्यक्ति से अवैध जिंदा कारतुस के संबंध में पूछताछ किया गया तो पूछताछ के क्रम में उक्त व्यक्ति ने बताया कि अवैध जिंदा कारतूस गोरे पासवान ने मुझे रखने के लिए दिया था और बोला कि जिस व्यक्ति को देने के लिए बोलेगें उसको दे देना है। पकड़ाए अंशुराज के निशानदेही पर ग्राम मानपुर गॉधी नगर में पुलिस पदाधिकारी/कर्मी द्वारा छापामारी कर उसके घर से गोरे पासवान, पे0 वीरेन्द्र पासवन, सा0 मानपुर गॉधी नगर, थाना मुफस्सिल जिला गया को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में बुनियादगंज थाना कांड सं0-300/26, दिनांक-09.10.2026 दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम अंशुराज, पे0 मिथलेश चैधरी, सा0 मानपुर बाजार, थाना बुनियादगंज, तथा गोरे पासवान, पे0 वीरेन्द्र पासवन, सा0 मानपुर गॉधी नगर, थाना मुफस्सिल, दोनों जिला गया है।

गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने बरामद कर वापस किया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 में गया पुलिस की काफी तत्परता रही। दिनांक 10.10.2026 को पितृपक्ष मेला महासंगम-2026 में पिंडदान हेतु टिकारी गया से आए पिंडदानी का विष्णुपद मंदिर के पास मोबाइल गुम हो गया था। विष्णुपद अस्थायी थाना द्वारा तत्परता से खोजबीन कर गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उन्हें सुपुर्द किया गया।

आरपीएफ गया यात्रियों की सुविधा सुविधा में लगा रहा

गयाजी (दैनिक नवसंदेश, ब्यूरो)। पितृपक्ष मेला 2026 के अवसर पर गया रेलवे स्टेशन पर देश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पिंडदानी, श्रद्धालु एवं यात्री आवागमन कर रहे हैं। मेला के दौरान यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे सुरक्षा बल, पोस्ट गया द्वारा विशेष सुरक्षा एवं सहायता व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में ऑपरेशन सेवा के तहत रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी एवं बल सदस्यों द्वारा बुजुर्ग, दिव्यांग एवं चलने-फिरने में असमर्थ यात्रियों को आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। ऐसे यात्रियों को व्हीलचेयर के माध्यम से सीढ़ियों पर चढ़ने-उतरने तथा एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित रूप से पहुंचने में सहायता की जा रही है।

अस्थायी पुलिया पर रखा गया पोल हटाया गया

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। पितृपक्ष महासंगम के दौरान देश-विदेश से गयाजी पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुगम आवागमन को लेकर गया नगर निगम लगातार आवश्यक व्यवस्थाएं कर रहा है। इसी क्रम में पितामहेश्वर घाट एवं ब्राह्मणी घाट पर श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए बालू से भरे बैग की मदद से अस्थायी पुलिया का निर्माण कराया गया था। इस बीच असमाजिक तत्वों द्वारा अस्थायी पुलिया पर पोल रखे जाने की सूचना नगर निगम गया को मिली। सूचना प्राप्त होते ही निगम प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिया पर रखे पोल को वहां से हटवा दिया।

पितृपक्ष मेला 2026 के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं त्वरित शिकायत निवारण सुनिश्चित

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2026 के सफल एवं सुचारू संचालन को लेकर विद्युत विभाग द्वारा संपूर्ण मेला क्षेत्र में निर्बाध एवं सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की गई। मेला में आने वाले देश-विदेश के श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान एवं निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र में 10 विशेष नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित किए गए थे। ये सभी नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सातों दिन कार्यरत रहे, ताकि विद्युत आपूर्ति से संबंधित किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। मेला अवधि के दौरान प्राप्त सभी फ्यूज कॉल एवं अन्य तकनीकी शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया गया। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर निगरानी एवं आवश्यक कार्रवाई की गई।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बोधगया में किया तर्पण



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव बोधगया पहुंचे। वे यहां सपरिवार पहुंचे। उन्होंने बोधगया के निरंजना नदी पर तर्पण किया तथा पूजा -अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने पितृपक्ष मेला की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चैधरी द्वारा पितृपक्ष मेला में श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की। उन्होंने गयाजी और बोधगया में विकास का कार्य किये जाने के लिए बिहार कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यहां पूजा -अर्चना करके वे काफी प्रसन्न हैं। उन्होंने विष्णुपद मंदिर में भी पूजा अर्चना की।

दुर्गा पूजा को लेकर शेरघाटी में शांति समिति की हुई बैठक



शेरघाटी। शनिवार को दुर्गा पूजा को लेकर शान्ति समिति की बैठक हुई। बैठक अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी प्रशिक्षु आइएएस जतीन कुमार की अध्यक्षता मे थाना परिसर शेरघाटी मे हुई। बैठक मे स्थानीय शहर के गण्यमान्य लोगो के अलावा तमाम राजनितिक पार्टी के कार्यकर्ता को भी आमंत्रित किया गया था। पूजा शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन की ओर से लोगो से सुझाव लिए और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग करने का भरोसा दिया गया। बैठक मे डीएसपी शेरघाटी,अंचल अधिकारी,उषा कुमारी,थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार के अलावा स्थानीय प्रमोद बर्मा दिना नाथ पाण्डेय. लाल बहादुर शास्त्री. अजीत सिंह इत्यादी शरीक हुए।

15 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध परम्परागत पितृपक्ष मेला का हुआ समापन

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। 15 दिवसीय प्रसिद्ध व परंपरागत पितृपक्ष मेला शनिवार को समापन किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री जिला सह जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी , राज्यसभा सदस्य भीम सिंह, बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार सहित अन्य पदाधिकारी व गण्यमान लोग मौजूद थे। अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने पितृपक्ष मेला के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकार द्वारा इस अवसर पर की गई व्यवस्था की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की काफी मौजूदगी थी। जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सेवा एवं समर्पण को बताया आयोजन की पहचान। बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार ने भगवान विष्णु, माता सीता एवं मोक्षदायिनी फल्गु नदी को नमन करते हुए कहा कि गयाजी की पावन धरती देश की अध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण

डीबीटी के माध्यम से पेंशनधारियों के खाते में आयी राशि



सीधा प्रसारण देखते पेंशनधारी।

अरवल (एनएसबी)। मुख्यमंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन याजेनाओं के अंतर्गत राज्य के सभी पेंशनधारियों के लिए माह सितम्बर 2026 की पेशन राशि का डीबीटी के माध्यम से अंतरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। सामाजिक सुरक्षा पेंशन याजेनाओं का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजारे एवं वंचित वर्गों को आर्थिक सहायता एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है, ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापर्ण जीवनयापन का अवसर प्राप्त हो सके। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभाकक्ष में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। साथ हीं सभी प्रखंड मुख्यालयों तथा सभी ग्राम पंचायतों के आगंनबाड़ी केंद्रों में इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया एवं लाभार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई। अरवल जिले में सामाजिक सुरक्षा पेशन याजेनाओं के कुल 85443 लाभार्थी आच्छादित हैं, जिनमें मख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन याजेना के तहत 44306 लाभार्थी, इंदिरा गाधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन याजेना के तहत 20683 लाभार्थी, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन याजेना के तहत 6001 लाभार्थी, इंदिरा गाधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन याजेना के तहत 3998 लाभार्थी, विहार निःशक्तता पेंशन याजेना के तहत 8422 लाभार्थी, इंदिरा गाधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन याजेना के तहत 2033 लाभार्थी। माह सितम्बर, 2026 के लिए प्रति लाभार्थी 1,100 रुपए की दर से कुल 9,65,16,600 (नौ करोड़ पैंसठ लाख सोलह हजार छः सौ) की राशि डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में अंतरित की गई। कायर्क्रम में अपर समाहर्ता, उप विकास आयुक्त, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, उप निर्वाचन पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी, सहायक आपदा प्रबंधन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी के साथ अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं पेंशनधारी लाभार्थी उपस्थित रहे।

पितृपक्ष मेला महासंगम में एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया फीडबैक सर्वे



नशा मुक्ति पर नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला महासंगम के 14 वें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), गया कॉलेज, गया की इकाई के स्वयंसेवकों ने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं, जिला प्रशासन द्वारा तैनात पुलिसकर्मियों तथा चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्यकर्मियों से फीडबैक सर्वे किया। इस सर्वे का उद्देश्य मेले में उपलब्ध व्यवस्थाओं, सुविधाओं एवं सेवा कार्यों के संबंध में लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना था। इसी क्रम में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की पूर्व संध्या पर विष्णुपद क्षेत्र में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

नाटक के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए नशे से दूर रहने तथा दूसरों को भी नशा न करने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान गया जिला प्रशासन के कला एवं संस्कृति विभाग की एडम सुश्री सुरभि बाला ने स्वयंसेवकों के नाटकीय मंचन की सराहना की। उन्होंने लोगों से नशे से दूर रहने और अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने की अपील की। वहीं, जिला प्रशासन के उपस्थित पदाधिकारियों ने तालियों के माध्यम से स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। मेले में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा श्रद्धालुओं की सेवा और सर्वेक्षण कार्य को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न किया जा रहा है। स्वयंसेवकों के सराहनीय कार्यों को देखते हुए गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने उनका उत्साहवर्धन किया तथा इसी प्रकार निरंतर आगे बढ़कर समाजसेवा के कार्यों में योगदान देने की प्रेरणा दी। वहीं, पितृपक्ष मेला महासंगम में राष्ट्रीय सेवा योजना, गया कॉलेज, गया के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में स्वयंसेवक लगातार अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। सर्वेक्षण के दौरान समूह का समन्वय करते हुए सौरव कुमार एवं हर्ष ने श्रद्धालुओं, पुलिसकर्मियों तथा स्वास्थ्यकर्मियों के बीच प्रभावी ढंग से अपनी बात रखी और फीडबैक सर्वे में सक्रिय भूमिका निभाई। नशा मुक्ति पर आधारित नाटक में निधि, अमन, शौर्य प्रभाष, अमित मिश्रा अनुराग, स्नेहा सहित अन्य स्वयंसेवकों ने भाग लिया। वहीं, सर्वेक्षण एवं सेवा कार्यों में कौशिक रंजन, वैभव, तन्वी प्रिया, रिया, श्रुति, चंदन, रोली, आर्यन, शुभम,अरमान,आयुष , प्रद्युम्न, आलोक सहित अन्य एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

डीएम ने किया रावण दहन कार्यक्रम का स्थल निरीक्षण



निरीक्षण करते डीएम।

अरवल (एनएसबी)। दुगार्पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम स्थल का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण। जिला पदाधिकारी अनुषा बैंस द्वारा अरवल प्रखंड अंतर्गत प्रतिवर्ष दुगार्पूजा के अवसर पर आयोजित होने वाले रावण दहन कार्यक्रम स्थल बैदराबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा कार्यक्रम के शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद मोनू कुमार को कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में समुचित साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक नागरिक सुविधाओं की व्यवस्था निश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, रावण दहन कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में आमजनों की संभावित उपस्थित्ति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, प्रवेश एवं निकास मार्गों की समुचित व्यवस्था तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने हेतु आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के आयोजन से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण कर ली जाए, ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजनों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि आमजनों की सुरक्षा एवं सुविधा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

बाल वैज्ञानिकों के परियोजनाओं का किया गया समृद्धिकरण



कार्यालय में भाग लेते वैज्ञानिक।

मेहंदिया (एनएसबी)। कलेर स्थित शिव देनी साव कॉलेज में शनिवार, को 32वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2026 के लिए परियोजना समृद्धिकरण कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. राहुल कुमार, शैक्षिक समन्वयक, बाल विज्ञान कांग्रेस की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में चयनित पांच बाल वैज्ञानिकों की परियोजनाओं को और बेहतर बनाने के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया तथा आवश्यक सुझाव दिए गए।

कार्यशाला का उद्घाटन एसडीएस कॉलेज, कलेर के प्राचार्य डॉ. वेद प्रकाश चतुर्वेदी, शैक्षिक समन्वयक डॉ. राहुल कुमार, डॉ. अभिजीत कुमार श्रीवास्तव, मिथिलेश शर्मा एवं जिला समन्वयक मनोज कुमार वत्स ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर चयनित पांच बाल वैज्ञानिकों शिवम कुमार एवं अनमोल कुमार (पायस मिशन स्कूल, अरवल), रिशा कुमारी (+2 बालिका उच्च विद्यालय, अरवल), नैंसी कुमारी (+2 उच्च विद्यालय, आगानूर) तथा ब्यूटी कुमारी (सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल, इटवां) को मोमेंटो एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।कार्यशाला के दौरान शैक्षिक समन्वयक एवं जिला समन्वयक ने पांचों चयनित परियोजनाओं की समीक्षा की। परियोजनाओं को अधिक प्रभावी, उपयोगी एवं बेहतर बनाने के लिए बाल वैज्ञानिकों से व्यावहारिक गतिविधियां कराई गईं। साथ ही, परियोजनाओं में आवश्यक सुधार करने और उनके प्रस्तुतीकरण को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए।ज्ञात हो कि 32वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन 1 से 3 नवंबर 2026 तक माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल, बेगूसराय में किया जाएगा। इस आयोजन में अरवल जिले के चयनित बाल वैज्ञानिक अपनी परियोजनाओं के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

मगध विवि, बोधगया में छह दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी में डिजिटल टूल्स और एआई विषयक एफडीपी संपन्न



गयाजी (दैनिक नवसंदेश ब्यूरो)। यूजीसी-एमएमटीटीसी, सीयूएसबी, गया, कुलाधिपति कार्यालय एवं उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से मगध विश्वविद्यालय के एफडीपी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित छह दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम का शनिवार को गरिमामय समापन हुआ। ह्यूरिसर्च मेथोडोलॉजी में डिजिटल टूल्स और एआईह्य विषयक इस आयोजन के अंतिम दिन तीन तकनीकी सत्रों के बाद स्नातकोत्तर गणित विभाग के रामानुजन हॉल में मुख्य समापन समारोह आयोजित किया गया। छठे दिन के प्रथम ऑनलाइन सत्र में बरहामपुर विश्वविद्यालय के प्रो. मानस रंजन पात्रा ने ह्यडिजिटल एथ्नोग्राफीह्य में एआई और मशीन लर्निंग की भूमिका पर व्याख्यान दिया। इस सत्र का संचालन डॉ. अस्मिता खलखो ने किया, जबकि रिपोर्टिंग तथा समापन टिप्पणी डॉ. गजाला शाहीन ने प्रस्तुत की।

द्वितीय सत्र में आईआईएम रांची के डॉ. शुभ्र रजत बलवंतराय ने मात्रात्मक रिसर्च डिजाइनह्य के तहत सैंपलिंग विधियों तथा फोकस ग्रुप डिस्कशन की उपयोगिता समझाई। इसके मॉडरेटर राहुल सिंह, रिपोर्टर डॉ. मो. शमशाद अंसारी तथा समापन टिप्पणीकर्ता डॉ. रूपेश कुमार झा रहे। तृतीय सत्र में आईआईएम बोधगया के डॉ. रोहित यादव ने ह्यरिसर्च में एआईह्य विषय के अंतर्गत लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स व शोध में ह्यगूगल जेमिनीह्य के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया। इसका संचालन डॉ. मीनाक्षी प्रसाद, रिपोर्टिंग डॉ. बिकैश मंडल एवं समापन टिप्पणी डॉ. ममता मेहरा ने की। तकनीकी सत्रों के पश्चात आयोजित समापन समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम व कुलगीत से हुई। इस समापन सत्र का कुशल संचालन डॉ. जियाउल्लाह अनवर एवं डॉ. एकता वर्मा ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं सीयूएसबी के प्राइम मिनिस्टर प्रोफेसर प्रो. विनोद कुमार ने इसे एक चुनौतीपूर्ण समय बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा इस बात की होनी चाहिए कि कौन सा शिक्षक बेहतर पढ़ा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस देश में केवल शिक्षकों को ही सिखाने की आवश्यकता है। प्रो. कुमार ने सुझाव दिया कि एफडीपी में जो शिक्षक पढ़ाने आते हैं, उन्हें कम से कम एक सप्ताह वहां रुकना चाहिए ताकि वे प्रतिभागियों के साथ बैठकर बातचीत कर सकें और आपसी संवाद से सीखने की प्रकृति को बेहतर किया जा सके। अध्यक्षीय संबोधन में मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी ने कहा कि सभी शिक्षकों ने इतने कम समय में जुड़कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन के माध्यम से सभी प्रतिभागियों के बीच, साथ ही दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय और मगध विश्वविद्यालय के बीच एक नए प्रकार का स्नेह संबंध बना है, जो अत्यंत स्वागत योग्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस कार्यशाला से विश्वविद्यालय में शोध व नवाचार के नए क्षितिज खुलेंगे। एमएमटीटीसी (सीयूएसबी) के निदेशक प्रो. तरुण कुमार त्यागी ने अपने वक्तव्य में कहा कि दुनिया के बड़े विद्वानों की भी यही सीख हैकृ ह्यलर्निंग टू लिव टुगेदरह्य। उन्होंने इस आयोजन के लिए मगध विश्वविद्यालय की टीम के कार्यों को अत्यंत प्रशंसनीय बताया और कहा कि इस छह दिवसीय कार्यक्रम की समीक्षा कर भविष्य के आयोजनों में और भी अधिक सुधार किया जाएगा। इसके पश्चात, मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. बी. के. मंगलम ने कहा कि विज्ञान और तकनीक के बढ़ते हुए चलन ने स्मृति के क्षरण को बढ़ावा दिया है। अपनी बात को प्रभावपूर्ण ढंग से रखते हुए उन्होंने अज्ञेय, मुक्तिबोध और अरुण कमल की काव्य पंक्तियों के हवाले से स्मृति पर निरंतर टूट रहे भरोसे को रेखांकित किया।

समारोह में एफडीपी सेल के नोडल प्रो. अंजनी कुमार घोष ने स्वागत भाषण प्रस्तुत कर अतिथियों का औपचारिक अभिनंदन किया। इसके उपरांत, सहायक नोडल डॉ. दिव्या मिश्रा ने छह दिवसीय कार्यक्रम का विस्तृत सारांश प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने इस बात पर विशेष रूप से जोर दिया कि मानविकी एवं अन्य संकायों में डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल टूल्स का व्यावहारिक रूप से कैसे और कितना उपयोग किया जा सकता है, इसे और अधिक स्पष्ट करने की नितांत आवश्यकता है। कार्यक्रम के अंत में मानविकी संकाय से डॉ. ममता मेहरा, समाज विज्ञान से राहुल सिंह और विज्ञान डॉ. श्रद्धा प्रसाद ने 6 दिवसीय कार्यक्रम का अनुभव एवं फीडबैक प्रस्तुत किया। एफडीपी सेल की कार्यक्रम समन्वय समिति की सदस्य श्रीमती पूनम सिंह के धन्यवाद ज्ञापन तथा स्वयंसेवकों के सम्मान व राष्ट्रगान के साथ इस ऐतिहासिक आयोजन का विधिवत समापन हुआ।

बैठक में किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

मेहंदिया (एनएसबी) कृषि विज्ञान केंद्र, लोदीपुर में शनिवार को 17 वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। किसानों की आय बढ़ाने और नवीन कृषि तकनीकों को खेतों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया।



बैठक विभाग लेते किसान।

बैठक की अध्यक्षता केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. अनीता कुमारी ने की। उन्होंने केंद्र की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रक्षेत्र प्रदर्शन, बीज उत्पादन, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के सह निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. आर. एन. सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन को देखते हुए मोटे अनाजों की खेती, प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और मूल्य संवर्धन पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया। बैठक में अनियमित मानसून एवं जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर मोटे अनाजों के प्रत्यक्षण, प्रसंस्करण, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, बागवानी और पशुपालन को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई। मौके पर जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कृषि विभाग के प्रतिनिधि, जीविका के जिला प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

टैरी पंचायत सरकार भवन में 14 अक्टूबर को लगेगा विशेष राजस्व शिविर

मेहंदिया (एनएसबी)। प्रखंड क्षेत्र के टैरी पंचायत में आगामी 14 अक्टूबर 2026, बुधवार को विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर टैरी स्थित पंचायत सरकार भवन में लगेगा। जिला प्रशासन, अरवल की ओर से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविर में दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदन एवं लंबित मामले, राजस्व अभिलेखों में त्रुटियों के सुधार, परिमार्जन, जमाबंदी, भूमि विवाद, लगान भुगतान तथा सीमांकन से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा राजस्व से जुड़ी अन्य शिकायतें भी प्राप्त की जाएंगी। शिविर में संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे, जो प्राप्त आवेदनों और शिकायतों का नियमानुसार निष्पादन करेंगे। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं होगा, उनमें आवश्यक अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिविर में पहुंचें और आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज अवश्य लाएं। इनमें जमाबंदी या खतियान की प्रति, दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन से संबंधित कागजात, लगान रसीद, आधार कार्ड तथा भूमि से संबंधित अन्य दस्तावेज शामिल हैं।

संक्षिप्त खबरें

संकुल स्तरीय मीटिंग में बच्चों के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर दिया गया जोड़



महुआ (दैनिक नवसंदेश)। सुरक्षित शनिवार के दिन राज्य स्तरीय सरकारी विद्यालयों में वर्ग वार शिक्षकों की एक सामूहिक रूप से बैठक का आयोजन किया गया। इस मीटिंग की अध्यक्षता सी आर सी समन्वयक के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि नयी शिक्षा निति बहाल कर विधालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना है साथ ही अगर कोई कमी हो तो मीटिंग में रखकर कर उस का समाधान निकालना आवश्यक होता है। ज्ञात हो कि सी आर सी सेहान में अतुल कुमार,जमाल अख्तर, राज नारायण पासवान,पिंकी कुमारी, सोनम कुमारी, एजाज अहमद आदिल, कुमारी अमीता, अनिता सिंह इत्यादि साथ ही शाहपुर खुर्द सी आर सी में संजय कुमार, सुरेश पासवान, संगीता कुमारी, रुखसार परवीन,सरीता कुमारी, सुनील कुमार, अभिषेक कुमार, इत्यादि मुस्तफापुर उर्दू स्कूल में सिराजुल हक फैजी, गुलाम सरवर, नसीम अख्तर, तस्वीहुज जमां समेत अनेकों शिक्षक एवं शिक्षिका इस कार्यशाला बैठक में उपस्थित थे।

मरीजों की शल्य चिकित्सा,दिया कृत्रिम उपकरण

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। पहाड़ी स्थित भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल में आयोजित पोलियो एव ं करेक्टिव शल्य चिकित्सा शिविर का उद्घाटन डॉ संजीव चौरसिया ने करते हुए कहा कि दिव्यांगजनों की सेवा ईश्वर की सेवा है.शिविर को प्रो डॉ रमेश चंद्र सिन्हा, हिंदी सलाहकार समिति सदस्य डॉ वीरेंद्र यादव संबोधित किया. शिविर में डॉ एसएस झा, डॉ मिथिलेश कुमार, डॉ रणजीत सिंह, व डॉ विनय की देखरेख में 28 मरीजों की शल्य चिकित्सा, 40 मरीजों का ओपीडी में जांच,25 को प्लास्टर व 23 दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण दी गयी.जीव दया फाउंडेशन के संस्थापक स्मृतिशेष मोहिंदर कुमार जैन की स्मृति में आयोजित शिविर में न्यासी विवेक माथुर ने कहा कि स्मृति शेष के पुत्र डॉ विनय जैन विदशों में रहते हुए दिव्यांगों की सेवा कर रहे है. अस्पताल के चेयरमैन देशबन्धु गुप्ता ने प्रतीक चिह्न दे अतिथियों का स्वागत और संचालन पद्मश्री डॉ विमल जैन ने की.आयोजनमें वीणा गुप्ता, विवेक माथुर, विजय अग्रवाल, संजय ड्रोलिया, अमर कसेरा समेत अन्य उपस्थित थे.

प्रतियोगिता में बच्चों ने धरा देवी का रूप

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। नवरात्रि को लेकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता हाजीगंज स्थित टेंडर हाटर्स स्कूल में प्राचार्या डॉ जूली भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित हुई. जिसका उद्घाटन विद्यालय निदेशक डॉ रवि भार्गव ने की. प्रतियोगिता में शामिल दिव्या, विद्या,रहमत,कैरवी,उन्नति,अदिति,वादशाह,राज नंदिनी,रागिनी,शिवांशी दृष्टि,सिद्धि यश ने अपनी प्रतिभा दिखाते हुए देवी दुर्गा के नौ रूप और राम सीता लक्ष्मण हनुमान जटायु का रूप धरा. कार्यक्रम में शिक्षक आनंद, पम्मी, श्रद्धा, स्वाति, कुमकुम,पल्लवी,स्नेहा व रश्मि ने सहयोग किया.

कौशल विकास व मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। मानिसक स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेल की ओर से मानसिक विकास व कौशल विकास को ले गायघाट स्थित राजकीय महिला कॉलेज गुलजारबाग में जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्या डॉ श्रुति तेतरवे की अध्यक्षता में हुई. मानसिक विकास में डॉ आयशा बानो और डॉ कुमारी मणि ने मानसिक स्वास्थ्य के कारण,लक्ष्ण व उपचार की विधि से अवगत कराया. तब मेधा लर्निंग फाउंडेशन के अंकित श्रीवास्तव व प्रणीधि राज ने कौशल विकास के आयोजन में नयी तकनीक व व्यक्तित्व विकास के विषय में बातों को रखा. कार्यक्रम का संचालन डॉ कुमारी निमिषा ने की. आयोजन में डॉ किरण कुमारी, डॉ संगीता विश्वनाथ, डॉ उषा यादव, प्रो सुनीता कुमारी, डॉ मंजु, डॉ विनीता, डॉ आयशा बानो, प्रो सुनीता रंजन टोप्पो, प्रो उषा पासवान समेत अन्य उपस्थित थे.

पिता ने बेटा बहू पर किया हमला,जख्मी का हो रहा उपचार

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। घटना मेहंदीगंज थाना के उदरहमापुर अलखियाबाबा मठ निवासी कृष्णा सिंह ने पारिवारिक विवाद में शनिवार को बेटा राजेश सिंह और बहू निक्की देवी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. जिससे दोनों जख्मी हो गये. जख्मी दोनों को परिवार के लोगों ने उपचार के लिए निजी उपचार केंद्र में भर्ती कराया है. जहां उपचार हो रहा है. मेहंदीगंज थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि पिता पुत्र के बीच पारिवारिक विवाद हो गया था. इसी में आक्रोशित होकर पिता ने घटना को अंजाम दिया है. जख्मी दोनों खतरे से बाहर है. पुलिस टीम मामले मे जांच-पड़ताल कर रही है. ताकि यह पता चल सके कि जानलेवा हमला किस परिस्थिति में किया गया है. थानाध्यक्ष ने बताया कि मामलें में आरोपित के खिलाफ कार्रवाई होगी.

दीदारगंज में युवक की हत्या में प्राथमिकी

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। दीदारगंज थाना के गुलिमहयाबाग के समीप शुक्र वार की रात बदमाशो ने दीदारगंज के सुकुलपुर गांव निवासी अनिल सिंह का 24 वर्षीय पुत्र गुलशन कुमार की गोली मार हत्या कर दी है. हत्या की वजह स्पष्ट नहीं है. हत्या मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी आरंभ की है. शनिवार को पुलिस ने मृतक के शव का नालंदा मेडिकल कॉलेज में पोस्टमार्टम कराने के उपरांत परिजनो को सौंप दिया है. थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि मृतक युवक के भाई राहुल कुमार के बयान पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गयी है. दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है. बताते चले कि बीते शुक्रवार की रात गुलशन कुमार अपने दोस्त के साथ कच्ची दरगाह की तरफ से बाइक से घर लौट रहा था, इसी दौरान गुलिमहयाबाग के पास आधा दर्जन बदमाशो ने गुलशन को घेर लिया, इस दौरान गुलशन भागने की चेष्टा की, जबकि दोस्त को बदमाशो ने दोस्त को हथियार का भय दिखा कर भगा दिया था. इसी बीच में गुलशन की गोली मार हत्या कर दी गयी. घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों ने जख्मी गुलशन को उपचार के लिए निजी अस्पताल लाया श्ज्ञा. चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया. इसके बाद गुस्साये लोगों ने सुकुलपुर के पास शव को सड़क पर रख जाम कर दिया था.

सरकार के निदेशों का आयोजक करे अनुपालन,लाइसेंस अनिवार्य, डीजे पर रोक

एसडीओ ने की दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। अनुमंडल प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा को लेकर गुलजारबाग मैदान स्थित स्टेडियम में शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता करते हुए एसडीओ कशिश बक्शी ने कहा कि सरकार के निदेशों का पूजा आयोजकों को हर हाल में अनुपालन करना होगा. डीजे पर प्रतिबंध है. लाइसेंस अनिर्वाय होगा. पूजा आयोजकों को बैठक में निर्देशित किया गया कि वो सुरक्षा के मानक इंतजाम भी करे. रात्रि दस बजे के बाद लाउडस्पीकर नहीं बजाने, बिजली कनेक्शन लेने और आपत्तिजनक कार्टन पर रोक रहेगा. बैठक में उपस्थित डीएसपी ने कहा कि भीड़भाड़ वाले पूजा स्थलों पर पुलिस बल व महिला पुलिस बल की तैनाती होगी. एसडीओ ने बताया कि दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती होगी.विसर्जन शोभायात्र के दौरान भी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती होगी. बैठक में कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील कुमार,थानाध्यक्ष,फायर बिग्रेड, नगर निगम, बिजली विभाग समेत अन्य विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे. शांति समिति के सदस्यों में बलराम चौधरी,शशि शर्मा,मिथिलेश शर्मा,राजेश कुमार पांडे समेत अन्य उपस्थित थे.

कार से 96 किलो गांजा बरामद

पटना सिटी(दैनिक नवसंदेश)। अगमकुआं थाना की पुलिस ने छोटी पहाड़ी शीतला नगर के पास छापेमारी कर कार से 96 किलो गांजा बरामद किया है. नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कार से गांजा ले जाया जा रहा है. सूचना के आलोक में पुलिस टीम ने दंडाधिकारी व थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा के नेतृत्व में गठित टीम के साथ छापेमारी की. छापेमारी के दौरान कार का चालक वाहन छोड़ भाग गया.तलाशी में कार से 96 किलोग्राम गांजा बरामद किया. पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है. इस मामले में कार्रवाई की जा रही है.

दंगाइयों से निपटने का पुलिस का मेगा रिहर्सल

हाजीपुर पुलिस लाइन में उतरी पूरी पुलिस फोर्स, ररढ से थानेदार तक मैदान में



हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। वैशाली में पुलिस किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए अपनी तैयारियों को परख रही है। हाजीपुर पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण को लेकर मॉक ड्रिल की गई। पथराव, नारेबाजी और उग्र भीड़ के बीच कानून-व्यवस्था कैसे संभालनी है, इसका अभ्यास किया गया। हाथों में ढाल, सिर पर हेलमेट और पूरी तैयारी के साथ पुलिस के जवान मैदान में उतरे। इस दौरान एसएसपी शुभांक मिश्रा, एसपी, एसडीपीओ समेत जिले के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।जहां पुलिस की तैयारियों का व्यावहारिक परीक्षण किया गया। सामने उग्र भीड़ जैसी स्थिति, पथराव की चुनौती और नारेबाजी के बीच हालात को नियंत्रित करने की रणनीति। पुलिस के जवानों ने सुरक्षा उपकरणों के साथ मोर्चा संभालने का अभ्यास किया।मॉक ड्रिल के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस बल की घेराबंदी और उपद्रव करने वालों को हिरासत में लेने की प्रक्रिया का रिहर्सल किया गया। मकसद साफ है अगर कभी वास्तविक स्थिति में कानून-व्यवस्था बिगड़ती है, तो पुलिस किस तरह समन्वय के साथ कार्रवाई करेगी और हालात को नियंत्रित करेगी।इस अभ्यास में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर थानाध्यक्षों तक की मौजूदगी रही। एसएसपी और एसपी समेत एसडीपीओ तथा जिले के सभी थानाध्यक्षों ने मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। ऐसे अभ्यास के जरिए पुलिस बल की तैयारी, आपसी तालमेल और आपात स्थिति में कार्रवाई की प्रक्रिया को परखा जाता है।हालांकि, यह मॉक ड्रिल थी, किसी वास्तविक दंगे या हिंसक घटना के दौरान की गई कार्रवाई नहीं। पुलिस का उद्देश्य आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और भीड़ नियंत्रण की प्रक्रिया का अभ्यास करना है।फिलहाल, हाजीपुर पुलिस लाइन में हुई इस मॉक ड्रिल के जरिए वैशाली पुलिस ने दंगा नियंत्रण और आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का अभ्यास किया।

महनार में फिर शुरू हुई सीटी बजाकर पहरेदारी, चोरी रोकने की पहल

एसडीपीओ प्रवीण कुमार ने पुलिस बल के साथ रात में संभाली गश्ती की कमान



महनार.(दैनिक नवसंदेश)। महनार क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने रात्रि गश्ती तेज कर दी है। एसडीपीओ प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ देर रात सड़कों पर उतरे और विभिन्न इलाकों में गश्ती की। इस दौरान बाजार, गलियों और मोहल्लों में निगरानी बढ़ाई गई। वहीं, चौकीदारों के सीटी बजाकर पहरा देने की पुरानी परंपरा को फिर से शुरू करने की पहल की गई है।

रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चौकीदारों की सीटी की आवाज से लोगों को पुरानी पहरेदारी व्यवस्था की याद ताजा हो गई। करीब तीन दशक पहले चौकीदार रात में सीटी बजाकर गलियों और मोहल्लों में पहरा देते थे। समय के साथ यह परंपरा कमजोर पड़ गई थी। पुलिस की इस पहल का उद्देश्य रात्रि गश्ती को प्रभावी बनाना और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना है। बीट पेट्रोलिंग के माध्यम से अलग-अलग इलाकों में नियमित निगरानी की जाएगी। इससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

नशा मुक्त वैशाली अभियान मिशन मोड में चलेगा : डीएम

जिलेभर में विशेष छापेमारी अभियान शुरू



हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह ने आज मीडिया प्रतिनिधियों के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में नशा मुक्त वैशाली अभियान के तहत की गई कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत तीनों अनुमंडलों में अनुमंडल पदाधिकारियों तथा विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के नेतृत्व में उत्पाद विभाग की टीम के साथ छापेमारी एवं जाँच की गई।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। अभियान के पहले दिन विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की गई, जिसमें महत्वपूर्ण बरामदगी एवं गिरफ्तारियाँ हुई हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा प्राप्त सूचनाओं के आधार पर संबंधित स्थलों पर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि बिदुपुर प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने प्रशासन द्वारा जारी टोल-फ्री एवं व्हाट्सऐप नंबर पर प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एक आवास में छापेमारी की। इस दौरान लगभग 65 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ, 142 भरे हुए कैप्सूल, 57 खाली कैप्सूल तथा लगभग 50 हजार रुपये नकद बरामद किए गए। मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

हाजीपुर अनुमंडल क्षेत्र में रेलवे स्टेशन, पान की दुकानों, गुमटियों तथा अन्य चिह्नित स्थलों पर जाँच की गई। कोनहारा घाट, नेपाली मंदिर, बागमली एवं टेम्पो स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर जाँच के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री बरामद नहीं हुई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि इन स्थानों सहित अन्य चिह्नित क्षेत्रों में भी जाँच अभियान आगे लगातार जारी रहेगा।

महुआ अनुमंडल क्षेत्र में कुल 37 छापेमारी की गई, जिसमें विदेशी एवं देशी शराब बरामद की गई तथा चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। महनार अनुमंडल क्षेत्र में कुल 17 छापेमारी की गई। इस दौरान एक बोतल विदेशी शराब बरामद हुई तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। हाजीपुर अनुमंडल क्षेत्र में कुल पाँच छापेमारी की गई। इसके अतिरिक्त उत्पाद विभाग द्वारा भी 12 छापेमारी की गई, जिसमें नौ लीटर विदेशी शराब बरामद की गई तथा 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नशे की लत से प्रभावित लोगों को इससे बाहर निकालने के लिए नशामुक्ति केंद्रों के माध्यम से निःशुल्क उपचार एवं काउंसलिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

'हमारी कलेक्टर दीदी' कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को मिला करियर मार्गदर्शन



हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह की अध्यक्षता में आज हमारी कलेक्टर दीदी कार्यक्रम के अंतर्गत पुष्करणी सभागार में छात्र-छात्राओं के करियर मार्गदर्शन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वैशाली जिले के पाँच विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में श्री रामनंदन हाई स्कूल बिदुपुर बाजार, हाई स्कूल मथुरा गोखुला, बिदुपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय दिलावरपुर गोवर्धन, बिदुपुर, उच्च माध्यमिक विद्यालय सहदुल्लहपुर धोबौली, बिदुपुर तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय कुतुबपुर, बिदुपुर के छात्र-छात्राएँ शामिल हुए। कार्यशाला के दौरान जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं से संवाद किया तथा उनके करियर और भविष्य की योजनाओं से संबंधित सवालों पर विस्तार से चर्चा की। छात्र-छात्राओं ने भी करियर निर्माण से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका जिला पदाधिकारी ने मार्गदर्शन करते हुए उत्तर दिया। जिला पदाधिकारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच का होना अत्यंत आवश्यक है। किसी भी माध्यम से छात्र-छात्राएँ अपने जीवन में सफल हो सकते हैं, लेकिन इसके लिए लक्ष्य के प्रति समर्पण, निरंतर मेहनत और धैर्य जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए नियमित अध्ययन और एकाग्रता आवश्यक है। विद्यार्थियों को घबराने के बजाय आत्मविश्वास के साथ तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि वे एनसीईआरटी की कक्षा 5 से 12वीं तक की पुस्तकों का नियमित अध्ययन करें। साथ ही, अच्छे समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करें। यदि विद्यार्थी अभी से तैयारी शुरू करते हैं, तो भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उन्हें काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को बेस मजबूत करने के साथ सभी विषयों की नियमित तैयारी करनी चाहिए। जिला पदाधिकारी ने समय प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को प्रत्येक कार्य समय पर पूरा करने की सलाह दी, ताकि वे किसी भी परिस्थिति में तनाव और दबाव से बच सकें।

महिंद्रा बोलेरो से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 2 लाख के करीब आँका गया

आरा (दैनिक नवसंदेश)। दशहरा पर्व को देखते हुए जिला पदाधिकारी के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में शराब के बिरुद्ध लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध रजनीश को गुप्त सूचना मिली की उत्तर प्रदेश कि ओर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध द्वारा निरीक्षक प्रकश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। 9 अक्टूबर को वाहन जांच के क्रम में सासाराम-आरा-पटना रोड में गड़हनी थाना क्षेत्र के चावल मिल के पास से एक महिंद्रा बोलेरो से 156.960 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। टीम ने वाहन के चालक वैशाली जिले के महुआ थाना अंतर्गत समसपुर गांव निवासी लालधारी राय के पुत्र आखिलेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक को अग्रतर कार्यवाही हेतु न्यायालय को सुपुर्द करने की कार्यवाई की जा रही है। उक्त वाहन से 156.960 लीटर विदेशी शराब जप्त किया गया। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 2 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को उत्तर प्रदेश से (पटना) बिहार में लाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चन्द्र, अवर निरीक्षक शिवम कुमार झा एवं सहायक अवर निरीक्षक राजकुमार राजा, के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान शामिल थे।



शारदीय नवरात्रि में कलश स्थापन आज

तख्त साहिब में होगा चंडी पाठ

पटना सिटी (दैनिक नवसंदेश)। शारदीय नवरात्र रविवार को कलश स्थापन के साथ शुरू हो जायेगा. कलश स्थापन को लेकर शक्तिपीठ बड़ी व छोटी पटनदेवी, गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में तैयारी की गयी है. शक्तिपीठ के महंत विजय शंकर गिरी ने बताया कि ब्रह्म मुहूर्त में भगवती की उपासना व कलश स्थापन का अनुष्ठान होगा.छोटी पटनदेवी के महंत अभिषेक अनंत द्विवेदी, विवेक द्विवेदी गड़हा पटनदेवी मंदिर, अगमकुआं शीतला माता मदिर के पंकज पुजारी, अमरनाथ बबलू, छोटू पुजारी व जयप्रकाश पुजारी ने बताया कि कलश स्थापन का अनुष्ठान वैदिक रीति रिवाज से होगा.सर्व मंगला देवी मंदिर गुलजारबाग, काली मंदिर खाजेकलां व मंगल तालाब, पीताम्बरा मंदिर के साथ काले हनुमान मंदिर के साथ अन्य देवी मंदिरों में भी कलश स्थापन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान को लेकर तैयारी पूरी हो गयी है. इसके अलाव बड़ी देवी जी मारूफगंज व महारागंज में भी कलश स्थापन होगा.श्री बड़ी मारूफगंज पूजा समिति के उपाध्यक्ष संत प्रसाद गोलवारा, सचिव डॉ राजेश कुमार,ने बताया कि कलश स्थापन के बाद धार्मिक अनुष्ठान होगा.महाराजगंज बड़ी देवी जी के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद प्रमोद गुप्ता ने बताया कि कलश स्थापन की तैयारी हो गयी है. श्री दलहट्ट बड़ी देवी जी, मनोरंजन पूजा समिति,मुक्तेश्वर नाथ मंदिर तारणी प्रसाद लेन समेत अन्य पूजा समितिओं की ओर से कलश स्थापन की तैयारी की गयी है. दूसरी ओर तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में चंडी पाठ जत्थेदार ज्ञानी बलदेव सिंह की देखरेख में होगा. नवमी तक चलने वाले पाठ में नवमी को शस्त्र पूजन होगा.

विधि-व्यवस्था संधारण एवं सुरक्षा तैयारियों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक



हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)। पुलिस उप महानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर श्री चंदन कुमार कुशवाहा द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक, वैशाली एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अंचल पुलिस निरीक्षकों तथा पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), पुलिस उपाधीक्षक (रक्षित) एवं पुलिस उपाधीक्षक (साइबर क्राइम) के साथ आगामी दुर्गा पूजा पर्व के मद्देनजर विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में सभी दुर्गा पूजा पंडालों की तैयारियों, आवश्यक लाइसेंस की अनिवार्यता तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।पर्व के दौरान शांति-व्यवस्था भंग करने की आशंका वाले तत्वों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई एवं आवश्यकतानुसार उउअ के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे के विरुद्ध नियमानुसार जब्ती सहित कठोर कार्रवाई करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में जिले में 247 कार्यरत सोशल मीडिया सेल को भड़काऊ, आपत्तिजनक एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली सामग्री पर सतत निगरानी रखते हुए त्वरित एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

सभी चिन्हित संवेदनशील स्थलों एवं आवश्यक स्थानों पर उउळश के माध्यम से निगरानी सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। मुख्यालय से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बलों की संपूर्ण जिले में आवश्यकतानुसार तैनाती सुनिश्चित करते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को सतर्कता, आपसी समन्वय एवं त्वरित प्रतिक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संक्षिप्त खबरें

युवा उत्सव में युवाओं को प्रतिभा दिखाने का अवसर

28 अक्टूबर को जिला स्तरीय युवा महोत्सव का अंबेडकर भवन में होगा आयोजन, महोत्सव में लोक नृत्य, लोक गायन, चित्रकला, भाषण एवं कविता लेखन प्रतियोगिताएं होंगी आयोजित

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना के निर्देश के आलोक में राष्ट्रीय युवा उत्सव-2026 के अंतर्गत 28 अक्टूबर 2026 को अंबेडकर भवन, गोपालगंज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं निजी संस्थानों के युवा प्रतिभागी भाग ले सकेंगे। उत्सव के दौरान समूह लोक नृत्य, समूह लोक गायन, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण एवं कविता लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समूह लोक नृत्य एवं समूह लोक गायन के लिए अधिकतम आठ-आठ मिनट, भाषण के लिए सात मिनट, चित्रकला के लिए दो घंटे तथा कविता लेखन के लिए 90 मिनट की समय-सीमा निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को आवेदन के साथ जन्मतिथि अंकित पहचान पत्र तथा पैन कार्ड अथवा मैट्रिक के अंक प्रमाण-पत्र से संबंधित साक्ष्य उपलब्ध कराना होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी, गोपालगंज को निर्देश दिया गया है कि वे विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं निजी संस्थानों के योग्य प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सूचित करते हुए अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करें। प्रतिभागियों के आवेदन एवं चयनित प्रतिभागियों की विधावार सूची तैयार करने के लिए 27 अक्टूबर 2026 को अपराह्न चार बजे तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इच्छुक युवा निर्धारित समय के भीतर आवेदन संबंधी प्रक्रिया पूरी कर जिला स्तरीय युवा उत्सव में भाग लेने की तैयारी करें।

गोपालगंज मंडल कारा में आयोजित हुआ शिविर

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिला विधिक सेवा प्राधिकार गोपालगंज के तत्वावधान में आज मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मंडल कारा चनावे में मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग कैदियों हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सदर अस्पताल गोपालगंज की मेडिकल टीम द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के लक्षण, मानसिक बीमार व्यक्तियों के रहने के तरीके, मानसिक बीमार की स्थिति में सदर अस्पताल के मनोरोग विभाग में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था आदि के बारे में बताया गया एवं साथ ही कार्यक्रम में मेडिकल टीम द्वारा मानसिक बीमार, उक्त के अलावा जिला विधिक सेवा प्राधिकार से पैनल अधिवक्ता धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा नालसा की मानसिक रूप से बीमार एवं मानसिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों हेतु विधिक सेवाएं स्कीम 2015 के अंतर्गत विधिक सहायता, मानसिक बीमार व्यक्तियों के साथ रहने के तरीके आदि के बारे में जागरूकता किया गया। उक्त कार्यक्रम में कारा प्रशासन के पदाधिकारी एवं कैदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित कैदियों के बीच विभिन्न प्रकृति के हैंडव्हील भी वितरित किया गया।



सड़क दुर्घटना में दो जख्मी

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले के मीरगंज थाना के मटिहानी गांव के समीप स्कॉर्पियो और मोटरसाइकिल के बीच आज भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल में आग लग गई और देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायलों की पहचान थावे थाना के भेड़िया गांव निवासी रजनीश पटेल और सुनील पटेल के रूप में हुई है। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने एक घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर रेफर कर दिया। बताया जाता है कि सुनील पटेल बिहार पुलिस में सिपाही हैं और ट्रेनिंग के सिलसिले में लखीसराय जा रहे थे। थावे में ट्रेन छूट जाने के बाद दोनों बाइक से सीवान की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मटिहानी गांव के समीप उनकी मोटरसाइकिल की स्कॉर्पियो से टक्कर हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस हादसे के कारणो का पता लगाने में जुट गई है।

नवोदय का कैप्टन बने अभिषेक व सिमरन

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड के बलेसरा स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गोपालगंज में शनिवार के दिन विद्यालय में नए छात्र कप्तान, उपकप्तान एवं अन्य छात्र प्रतिनिधियों का चयन किया गया। बालक वर्ग से अभिषेक कुमार तथा बालिका वर्ग से सिमरन कुमारी को विद्यालय का नया कप्तान चुना गया। नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों से विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने, नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा अपने सहपाठियों के लिए प्रेरणास्रोत बनने की अपेक्षा की गई। विद्यालय के प्राचार्य सुधाकर शुक्ल ने नवनिर्वाचित कप्तानों एवं अन्य छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसकी जिम्मेदारी, अनुशासन, सेवा और आदर्श आचरण का परिचय देना है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने व्यवहार एवं कार्यों द्वारा दूसरों के लिए उदाहरण प्रस्तुत करने, सभी को साथ लेकर चलने तथा विद्यालय की शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।



एलपीजी वितरक 26 को जंतर-मंतर पर देंगे धरना, बैठक में लिया गया बड़ा निर्णय

बनाई गयी जिला कमिटि, मौके पर हुआ चुनाव, संजीत चैबे बने जिलाध्यक्ष

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) जिले के सभी गैस वितरक अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर आगामी 26 तारीख को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय



धरना देंगे। इसके लिये शनिवार को जिला पर्षद भवन में बैठक कर इस निर्णय का स्वागत किया गया तथा निर्णय लिया गया कि जिले के गैस वितरक भी इस धरना में शामिल होंगे। मौके पर गैस वितरकों की कमिटी का गठन भी किया गया जिसमें सर्व सम्मति से संजीत कुमार चैबे को अध्यक्ष तथा बाबर अली तथा राजीव कुमार को उपाध्यक्ष बनाया गया, वहीं शैलेन्द्र तिवारी का मनोनयन महासचिव के लिये किया गया। वितरकों का कहना है कि सरकार और तेल कंपनियोंकी नीतियों के कारण उनका व्यापार चलाना अब मुश्किल होता जा रहा है। एजेंसी संचालकों ने बताया कि लंबे समय से तेल कंपनियों के सामने अपनी जायज मांगें रखी जा रही थीं, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला लेकिन इस बार आर या पार की लड़ाई होगी। संचालकों की सात मांगों में एलपीजी वितरकों के प्रशासकीय शुल्क एवं होम डिलीवरी शुल्क में 75 रुपए की तत्काल वृद्धि करना, ई-केवाइसी के लिये प्रत्येक इ-केवाइसी का सार्वजिनक तेल कंपनियों द्वारा 236 रुपए का भुगतान किया जाना, एलपीजी वितरकों से जबरन एनएफआर अथवा एआरबी बेंचने के लिये बाध्य किया जाना, घरेलु सिलिंडर बेंचने का टारगे नहीं दिया जाना, पीएनजी की अनिवार्यता समाप्त किया जाना, नये घरेलु प्रवर्ग के बंद गैस कनेक्शन को अविलंब चालू किया जाना तथा वितरकों को एमडीजी के नाम पर हो रहे ब्लैकमेलिंग को तत्काल बंद किया जाना शामिल है। बैठक में निधि एचपी के निधिकांत पाठक सहित दर्जनों एजेंसी संचालक थे। वितरकों ने चेतावनी दी है कि यदि 26 तारीख के धरने के बाद भी सरकार और तेल विपणन कंपनियों ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं किया, तो आगामी दिनों में यह आंदोलन और उग्र होगा। जरूरत पड़ने पर देशव्यापी गैस सप्लाई ठप करने जैसा कड़ा कदम भी उठाया जा सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

हथुआ में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनेगी दुर्गा पूजा शांति समिति की बैठक संपन्न

हथुआ (दैनिक नवसंदेश) आगामी शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर हथुआ थाना परिसर में शनिवार को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हथुआ थानाध्यक्ष सोएब आलम ने की, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न पूजा समितियों के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य पर्व के दौरान क्षेत्र में आपसी भाईचारा, शांति और विधि-व्यवस्था बनाए रखना था। थानाध्यक्ष सोएब आलम ने सभी से अपील करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, जिसे हमें मिलजुलकर और आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले या खलल डालने की कोशिश करने वाले असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पूजा समितियों के सदस्यों को जिला प्रशासन और सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। समितियों से कहा गया कि वे पंडालों में आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम रखें, स्वयंसेवकों की तैनाती करें और भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। साथ ही, डीजे के प्रयोग और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल को लेकर तय नियमों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। गणमान्य लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि हथुआ की पुरानी परंपरा के अनुसार सभी लोग आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मिलकर इस महापर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराएंगे। बैठक के अंत में थानाध्यक्ष ने सभी से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। बैठक में वार्ड पार्षद नीरज कुमार, उज्वल कुमार, पूजा समिति के अध्यक्ष मुकेष कुमार, लक्ष्मन प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार, पंकज कुमार, सत्यप्रकाष कुमार व नगर पंचायत हथुआ कार्यपाकल पदाधिकारी के प्रतिनिधि अलोपित शर्मा आदि लोग मौजुद थे।



(बैठक में मौजुद अधिकारी व पूजा समिति के अध्यक्ष व अन्य)

बाढ़ में डूबते व्यक्ति को बचाने का बच्चों ने किया जीवंत प्रदर्शन

सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम में आपदा से बचाव के बताए गए तरीके

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) आपदा के समय सतर्कता और सूझबूझ से अनमोल जिंदगी बचाई जा सकती है। इसके लिए बच्चों को बचाव के तरीकों की जानकारी देना जरूरी है।इसी उद्देश्य से शनिवार को कुचायकोट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलवनवां में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस दौरान विद्यार्थियों ने बाढ़ में डूबे व्यक्ति को बचाने का जीवंत प्रदर्शन कर आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बचाव कार्य का प्रदर्शन करते हुए बताया कि बाढ़ जैसी आपदा के समय किस प्रकार सावधानी बरतकर लोगों की जान बचाई जा सकती है।इस गतिविधि में दीपांशु, सुमित, नितिश और आरिफ ने बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बच्चों में कौशल विकास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक झूमर भी बनवाए गए।इस गतिविधि में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रियंका, खुशबू, सोनम, सलोनी और शिवानी की कलाकारी आकर्षण का केंद्र रही।विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने बताया कि बच्चों की कल्पनाशक्ति विकसित करने, उनकी प्रतिभा को निखारने और व्यावहारिक ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से इस तरह की गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।इससे बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ आपदा के समय सही निर्णय लेने की समझ भी विकसित होती है।कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक विजय कुमार, श्रीराम यादव, संतोष कुमार सिंह, सुमन कुमारी, पूजा कुमारी, नसीमा खातून, कमलेश प्रसाद, अपर्णा तिवारी, अनु राय और रेणु देवी ने सहयोग किया।





उचकागांव सीएचसी का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

दो चिकित्सक समेत चार कर्मी अनुपस्थित, एक्स-रे के नाम पर मरीजों से 20 रुपये वसूले जाने की शिकायत, कार्रवाई का निर्देश

उचकागांव (दैनिक नवसंदेश) उचकागांव प्रखंड मुख्यालय स्थित उचकागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का शनिवार को डीएम समीर सौरभ ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था में कई अनियमितताएं सामने आईं। डीएम के निरीक्षण के दौरान ओपीडी में आयुष चिकित्सक डॉ. रामेश्वर कुमार गुप्त ओपीडी में ड्यूटी करते पाए गए। जबकि चिकित्सक डॉ. खाबर इमाम, डॉ. अरविंद कुमार, अस्पताल के बडा बाबू उपेंद्र मांझी और फार्मासिस्ट ड्यूटी से अनुपस्थित पाई गई। निरीक्षण के क्रम में एक्स-रे कराने पहुंचे मरीजों से प्रति मरीज 20 रुपये की कथित अवैध वसूली किए जाने की शिकायत भी सामने आई। इस पर डीएम ने संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। डीएम के औचक निरीक्षण से अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान ड्यूटी से अनुपस्थित मिले चिकित्सकों और कर्मियों की कार्यशैली पर सवाल उठे। वहीं, एक्स-रे के नाम पर मरीजों से कथित अवैध वसूली की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर हथुआ एसडीएम संतोष कुमार, प्रभारी प्रखंड स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह, प्रबंधक मनोज कुमार आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, एक्स-रे के नाम पर मरीजों से कथित तौर पर अवैध वसूली किए जाने की शिकायत के मामले में संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय करने को कहा। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



अवैध वसूली की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर हथुआ एसडीएम संतोष कुमार, प्रभारी प्रखंड स्वास्थ्य प्रभारी डॉ अविनाश प्रताप सिंह, प्रबंधक मनोज कुमार आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही, एक्स-रे के नाम पर मरीजों से कथित तौर पर अवैध वसूली किए जाने की शिकायत के मामले में संबंधित कर्मियों की जवाबदेही तय करने को कहा। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत मामले की जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

दहेज के लिए गर्भवती विवाहिता से मारपीट कर घर से निकाला

पति समेत ससुराल पक्ष के लोगों पर प्राथमिकी

कटेया (दैनिक नवसंदेश) कटेया थाना क्षेत्र के दुहौना गांव में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित करने और मारपीट कर घर से निकालने का मामला सामने आया है। इस मामले में विवाहिता निधि देवी (22) ने अपने पति सुनील गुप्ता समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ कटेया थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उसने मारपीट, गाली-गलौज और दहेज के लिए मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार निधि देवी की शादी 10 दिसंबर 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से सुनील गुप्ता के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। गर्भावस्था के दौरान भी उसके साथ मारपीट की गयी और उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद उसने हथुआ थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। बाद में न्यायालय के आदेश पर वह दोबारा ससुराल लौटी थी। विवाहिता का आरोप है कि एक अक्टूबर को उसके पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने फिर उसके साथ मारपीट की।

एडीएम राजेश्वरी पांडेय की आर्थिक गुनाहों का खुला पोल

गोपालगंज (दैनिक नवसंदेश) अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय गोपालगंज में एडीएम राजस्व में तैनाती के साथ ही भू- माफियाओं ने अपने प्रभाव में ले लिया था। एडीएम के चार ठिकानों पर ऐसे ही एसवीयू की रेड नहीं हुई। भू-माफियाओं के खिलाफ पुलिस की जब जांच तेज हुई तो कई चैकान्ने वाले तथ्य सामने आये थे।पुलिस के अनुसंधान में एडीएम राजेश्वरी पांडेय के कई ष्संदिग्ध कारिस्तानीष सामने आयी। उसके बाद पुलिस ने पुख्ता साक्ष्य जुटाने के साथ आर्थिक गुनाहों की कुंडली बनाकर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के स्तर से एसवीयू को रिपोर्ट भेजा गया था।उसके बाद विशेष निगरानी टीम ने शुक्रवार को गोपालगंज में तैनात एडीएम के यहां छापेमारी किया। सूत्रों ने बताया कि भू-माफियाओं को संरक्षण देने जैसे गंभीर साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने भेजी थी गोपनीय रिपोर्ट।सूत्रों की माने तो उनके यहां कई भू-माफिया सीधे तौर पर सक्रिय थे, जो जमीन के केस में सीधे पीड़ित पक्ष से संपर्क कर डिसीजन करा देने के खेल में लगे हुए थे। भू-माफियाओं खुलेआम रिश्वत तय कर फैसला पक्ष में दिला देने का ठेका लेते थे। केशरे हिंद की जमीन में भू-माफियाओं के प्रभाव में जमाबंदी कायम करने का आदेश देने का मामला भी शामिल था। निगरानी जांच कई बिंदुओं पर कर रही है।पुलिस की ओर से उपलब्ध कराये गये साक्ष्यों की जांच में कई लोगों की गले की फांस बन सकती है। एसवीयू की रेड के दूसरे दिन एडीएम कार्यालय व आवास पर सन्नाटा पसरा रहा। आवास पर तो बिल्कुल ही सन्नाटा दिखा।जबकि कार्यालय में कर्मी समय पर आये, लेकिन सहमे हुए नजर आ रहे थे। समाहरणालय में पूरे दिन एडीएम के कार्यो की चर्चा व निगरानी के कार्रवाई की चर्चा बनी रही।चर्चा तो यहां तक कि कुछ और अफसर निगरानी के रडार आ गये है। कब उनके यहां कार्रवाई होगा कहना मुश्किल है। सासामुसा के करोड़ों की जमीन के मामले में 30 मार्च को एडीएम कोर्ट से जमाबंदी रद्द वाद सं-36/25-26 में भू-माफियाओं ने अपने पक्ष में निर्णय करा लिया था। राजेश्वरी पांडेय को अपने प्रभाव में लेकर कराये गये इस जमीन में भू-माफियाओं खेल सामने आने के बाद 28 अप्रैल को तत्कालीन डीएम रहे पवन कुमार सिन्हा ने भू-माफियाओं के द्वारा अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय की कोर्ट को गुमराह कर अपने पक्ष में लिये गये फैसले पर रोक लगा दी थी। एडीएम के आदेश पर स्टे लगने के बाद भू-माफियाओं की बेचैनी बढ़ गयी थी। इस मामले में कुचायकोट थाने की पुलिस अभी जांच कर रही है। विशंभरपुर थाना के तिवारी मटिहनियां गांव के रहने वाले प्रभात मणि त्रिपाठी ने तहरीर पर दर्ज केस में भी एडीएम ने कागजात पुलिस को नहीं दिया था। कुचायकोट अंचल के केदारनाथ शुक्ल रिटायर शिक्षक है।अपने आदर्श से छात्रों के जीवन को ऊंचाई देते रहे।रिटायर होने के बाद उनकी जमीन का भू-माफियाओं से फर्जी दस्तावेज 1943, 1980 का तैयार कर लिया।कुचायकोट अंचल में 2016 में दाखिल- खारिज करा लिये।जब इसकी जानकारी केदारनाथ शुक्ल को मिली,इस मामले में एडीएम के कोर्ट में केस नं 44/2024-25 दर्ज है।जिसमें दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद एडीएम ने जनवरी 2026 में केस को आदेश में ले लिये। आदेश का इंतजार आज तक होता रहा पर आज तक फैसला लंबित है।







गोपालगंज में पोस्टिंग के साथ ही भू माफियाओं के प्रभाव में आ गये थे एडीएम

55 फीट ऊंचे भव्य पंडाल में सजेगा मां दुर्गा का दरबार

कुचायकोट (दैनिक नवसंदेश) कुचायकोट प्रखंड मुख्यालय स्थित माध्यमिक विद्यालय कुचायकोट बालक के परिसर में इस वर्ष दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन किया जाएगा। लगातार 15वें वर्ष आयोजित होने वाले इस पूजा समारोह को यादगार बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं।विद्यालय परिसर में करीब 55 फीट ऊंचा आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जा रहा है।पंडाल निर्माण के लिए देवरिया से पहुंचे डेढ़ दर्जन से अधिक कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।वहीं, उत्तर प्रदेश फाजिलनगर के कलाकार मां दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।पूजा समिति के सदस्यों के अनुसार, इस बार पंडाल को विशेष रूप से भव्य और आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है।इसमें मां दुर्गा का भव्य दरबार सजाया जाएगा।पंडाल निर्माण में बांस, कपड़े और विभिन्न सजावटी सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है।कारीगरों की टीम निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूरा करने में जुटी हुई है।पंडाल की ऊंचाई करीब 55 फीट रखी गई है, जिससे इसकी भव्यता दूर से ही दिखाई देगी।मां दुर्गा समेत अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमाओं का निर्माण फाजिलनगर के कुशल कलाकारों की ओर से किया जा रहा है।कलाकार प्रतिमाओं को आकर्षक रूप देने में जुटे हैं। प्रतिमाओं की कलाकारी और सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है,ताकि दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भव्य धार्मिक वातावरण का अनुभव हो सके।पूजा पंडाल की विद्युत सजावट भी आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहेगी।इसके लिए देवरिया से तकनीकी टीम पहुंचेगी।पंडाल और आसपास के क्षेत्र को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाने की तैयारी है। शाम होते ही विद्युत सजावट से पूरा पूजा परिसर जगमगाएगा।समिति की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।पूजा के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां मां दुर्गा के दर्शन के लिए पहुंचते हैं।इस बार भी बेहतर व्यवस्था करने की तैयारी है।आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह है और समिति के सदस्य पंडाल निर्माण से लेकर प्रतिमा स्थापना एवं सजावट तक की तैयारियों को समय पर पूरा कराने में जुटे हैं।ह्नइस वर्ष दुर्गा पूजा को यादगार बनाने के लिए 55 फीट ऊंचा भव्य पंडाल तैयार कराया जा रहा है।बाहर से आए कारीगर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा।मां दुर्गा के दर्शन के लिए बेहतर व्यवस्था करने का प्रयास किया जा रहा है। पूजा समिति अध्यक्ष चंदन यादव ने कहा ह्नमां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण फाजिलनगर के कुशल कलाकार कर रहे हैं। पंडाल की विद्युत सजावट और अन्य आकर्षक साज-सज्जा देवरिया की तकनीकी टीम करेगी।पूजा परिसर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा।श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए स्वयंसेवक भी तैनात रहेंगे।



(दुर्गा पूजा पंडाल)



(अध्यक्ष चंदन कुमार यादव)



(सचिव जितेन्द्र कुमार)